# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण





## एक नजर में



### आज से चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगी मुर्मु

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को गोवा, कर्नाटक और झारखंड की चार दिन की यात्रा पर जाएंगी. राष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को बताया कि मुर्मु शनिवार शाम को गोवा के लिए रवाना होंगी. रविवार को राष्ट्रपति कर्नाटक के कारवाड़ हार्बर से एक पनडुब्बी में समुद्री यात्रा करेंगी. सोमवार को वह झारखंड के जमशेदपुर में ओल चिकी शताब्दी समारोह में शामिल होंगी. इसी दिन वह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ,जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी. राष्ट्रपति मंगलवार को झारखंड के गुमला में अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम समारोह कार्तिक जात्रा को संबोधित करेंगी.

### अमित शाह 29 से दो दिवसीय बंगाल दौरे पर



**कोलकाता.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे के कुछ दिनों बाद केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह 29 दिसंबर से दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचेंगे. इस दौरान वे भाजपा की कई आंतरिक बैठकों में हिस्सा लेकर आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की रणनीति को अंतिम रूप देंगे. यह दौरा इलेक्टोरल रोल के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन शुरू होने के बाद अमित शाह का राज्य का पहला दौरा माना जा रहा है. भाजपा सूत्रों के अनुसार, शाह 29 दिसंबर की देर रात कोलकाता पहुंचेंगे और 30 व 31 दिसंबर को राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बैठकें करेंगे.


### कैंपस में घुसकर 11वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

**गोरखपुर.** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में दिनदहाड़े कॉलेज कैंपस के भीतर 11वीं कक्षा के छात्र की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई. घटना पिपराइच थाना क्षेत्र स्थित कोऑपरेटिव इंटर कॉलेज की है, जहां हमलावर तमंचा लहराते हुए वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए. इस सनसनीखेज घटना से इलाके में दहशत फैल गई. शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ से दो बजे के बीच तीन युवक कॉलेज परिसर में घुसे. उस समय छात्र सुधीर भारती अपने दोस्तों के साथ खड़ा था.

# साहिबजादों की गाथा प्रेरणादायक

**2035** तक देश पूरी तरह गुलामी की मानसिकता से होगा मुक्त

**160** भाषण हिंदी-अंग्रेजी के अलावा क्षेत्रीय भाषा में संसद में दिए



**नई दिल्ली, 26 दिसंबर . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जेन जी ( 1997 से 2012 के बीच जन्मी पीढ़ी ) और जेन अल्फा ( 2013 के बाद जन्मे बच्चे ) ही भारत को 'विकसित भारत' के लक्ष्य तक पहुंचाने वाली पीढ़ी है. उन्होंने कहा कि डिजिटल-सक्षम और तकनीक-केंद्रित यह युवा शक्ति देश के भविष्य की आधारशिला है और उन्हें इस पीढ़ी की क्षमता, आत्मविश्वास और सामर्थ्य पर पूरा भरोसा है.**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उम्र नहीं, बल्कि कर्म और उपलब्धियां व्यक्ति को महान बनाती हैं. कम उम्र में भी ऐसे कार्य किए जा सकते हैं जो पूरे समाज को प्रेरणा दें. इसी संदर्भ में उन्होंने वीर साहिबजादों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि साहिबजादों ने यह नहीं देखा कि रास्ता कितना कठिन है, उन्होंने केवल यह देखा कि रास्ता सही है या नहीं. यही भावना आज के युवाओं में भी होनी चाहिए.पीएम मोदी ने कहा कि भारत का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब उसके बच्चों और युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा में शिक्षा बच्चों के लिए सीखने को और सहज बना रही है. गुलामी की मानसिकता पर प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादों की गाथा देश के हर नागरिक की जुबान पर होनी चाहिए थी, लेकिन मैकाले की सोच ने भारत की अनेक सच्चाइयों को दबा दिया. उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि 2035 तक देश को पूरी तरह गुलामी की मानसिकता से मुक्त करना है. प्रधानमंत्री ने संसद के शीतकालीन सत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदी-अंग्रेजी के अलावा भारतीय भाषाओं में लगभग 160 भाषण दिए गए, जो भारत की भाषाई विविधता की शक्ति को दर्शाता है.

### मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की आज अध्यक्षता करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर .** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 और 28 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे. यह सम्मेलन राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर केंद्रित है और सहकारी संघवाद की भावना के तहत केंद्र-राज्य साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

## बलिदान की गाथाओं को पढ़ेंगे बच्चे

### पाठ्यक्रम में शामिल करेगी सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 दिसंबर.** राज्य सरकार गुरु गोविंद सिंह और सिख वीरों के बलिदान की गाथाओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करेगी.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को इस संबंध में बड़ी घोषणा की. वे गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा हमीदिया रोड पहुंचे और वहां माथा टेका उसके बाद संगत को संबोधित करते हुए ये घोषणा की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम गुरु गुरुनानक देव से लेकर 10वें गुरु तक सिख धर्म के सभी गुरु महाराज और उनके परिवारों ने देश की रक्षा के लिए कुर्बानियां दीं. भारतीय इतिहास में सिख वीरों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है. वीर बाल दिवस, 10वें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह के छोटे बेटों की असाधारण वीरता और शहादत की याद दिलाता है. साहिबजादा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत पर हर वर्ष वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की. बहुत छोटी उम्र में साहिबजादों ने अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया और धर्म व सच्चाई की रक्षा के लिए महान साहस दिखाया. उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चाई, हिम्मत और आत्मसम्मान सबसे बड़ी ताकत हैं. आज का दिन भारतीय युवाओं को वीरता, ईमानदारी और दृढ़ता के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुद्वारे में मौजूद बच्चों के साथ बैठकर कीर्तन का श्रवण किया और बच्चों को दुलार भी किया.

# महाकाल मंदिर में धन के साथ स्वर्ण वर्षा भी

**उज्जैन,26 दिसंबर. महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था और दान दोनों में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है. देश-विदेश से आने वाले भक्त अब पहले से कहीं अधिक संख्या में भगवान महाकाल के दर्शन कर रहे हैं और दिल खोलकर दान भी कर रहे हैं.**



पहले मंदिर में प्रतिदिन 40 से 50 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर रोजाना डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं तक पहुंच गई है. बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु सोना-चांदी के साथ-साथ नगदी भी दान कर रहे हैं. एक जनवरी-2025 से अब तक 5.5 करोड़ दर्शनार्थियों ने अवंतिकानाथ के दर्शन किए. इसी के साथ मंदिर में 100 करोड़ रुपए से अधिक का दान भी आया. 13 करोड़ का सोना-चांदी भी भेंट के रूप में प्राप्त हुआ है. दान आए आभूषणों में सोने की कीमत 1 करोड़ 82 लाख रुपए तो चांदी की कीमत 11 करोड़ 85 लाख रुपए के आसपास है.

### एक अरब 7 करोड़ दान-दर्शन से आमदनी

इस बार भेंट पेटी और शीघ्र दर्शन से महाकाल मंदिर को 11 माह 15 दिन में 107 करोड़ 93 लाख की आय हुई है. महाकाल मंदिर में अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय जैसे भस्म आरती बुकिंग,अभिषेक पूजन की आय, अन्न क्षेत्र से आय, धर्मशाला बुकिंग आय, फोटोग्राफी मासिक शुल्क आय, भांग एवं ध्वजा बुकिंग से आय,उज्जैन दर्शन बस सेवा से होने वाली आय शामिल नहीं है.

# विवादों का महज ट्रायल न हो, उन्हें सुलझाएं भी

### मध्यस्थता न्याय की कमजोरी नहीं, उसकी सबसे बड़ी प्रगति है : सीजेआई

**पणजी,26 दिसंबर.भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि मध्यस्थता ( मीडिएशन ) कानून की कमजोरी का नहीं, बल्कि उसके विकास का सबसे बड़ा संकेत है. यह न्याय के कल्चर से भागीदारी के कल्चर की ओर एक वास्तविक बदलाव है, जहां विवाद सुलझाने के साथ-साथ सद्भाव भी पैदा किया जाता है.**



वे दक्षिण गोवा के सांकवाले गांव में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च द्वारा आयोजित मीडिएशन अवेयरनेस वॉकथॉन को संबोधित कर रहे थे. आज के संदर्भ में कितना महत्वपूर्ण विषय पर सीजेआई ने कहा कि वे एक मल्टी-डोर कोर्टहाउस की कल्पना करते हैं, जहां अदालतें केवल ट्रायल की जगह नहीं, बल्कि विवाद समाधान के लिए एक व्यापक केंद्र के रूप में कार्य करें. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने करीब दो लाख मध्यस्थों के साथ वॉकथॉन में भाग लिया और पौधारोपण भी किया.

# भाजपा ने केरल में रचा इतिहास

### वीवी राजेश बने तिरुवनंतपुरम के पहले भाजपा मेयर

**नई दिल्ली,26 दिसंबर. भाजपा ने केरल की राजनीति में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राजधानी तिरुवनंतपुरम नगर निगम पर कब्जा कर लिया है. शुक्रवार को वीवी राजेश ने तिरुवनंतपुरम के मेयर के रूप में शपथ ली. यह केरल में किसी नगर निगम में भाजपा की पहली जीत है, जिससे पार्टी ने राज्य की शहरी राजनीति में नया अध्याय शुरू किया है.**

मेयर पद संभालने के बाद वीवी राजेश ने कहा कि उनका लक्ष्य सभी को साथ लेकर विकास करना है. उन्होंने कहा, हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे. सभी



101 वार्डों में समान रूप से विकास किया जाएगा और तिरुवनंत पुरम को एक विकसित शहर बनाया जाएगा. शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में वीवी राजेश को कुल 51 वोट मिले, जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था. एलडीएफ उम्मीदवार पी शिवाजी को 29 वोट मिले, जबकि यूडीएफ के के. एस. सबरिनाथन को 19 वोट प्राप्त हुए, जिनमें से दो वोट अमान्य घोषित कर दिए गए.

### बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध पर विचार करे केंद्र : हाई कोर्ट

**मदुरै.** मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने केंद्र सरकार को एक अहम सुझाव देते हुए कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर ऐसा कानून लाने की संभावना तलाशे, जिसमें 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध हो. अदालत ने यह टिप्पणी बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़ी एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान की. अदालत ने अंतरिम राहत के रूप में निर्देश दिया कि जब तक कोई ठोस कानून नहीं बनता, तब तक केंद्र और राज्य सरकारें व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं.




**रणनीति** | शरद पवार ने सोची-समझी रणनीति के तहत अपने परिवार को एकजुट करने में लगे हैं

# महाराष्ट्र के बदलते राजनीतिक समीकरण पर दिल्ली की नजर

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली,26 दिसम्बर. महाराष्ट्र के राजनीतिक मिजाज में आ रहे लगातार बदलाव पर कांग्रेस व भाजपा की नजर है. कांग्रेस की चिंता भविष्य को लेकर है तो भाजपा वर्तमान राजनीतिक समीकरण को देखकर चिंतित है.**

राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि दोनों ठाकरे यानी उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे की बीस वर्षों बाद गलबहियां और दोनों पवार यानी शरद पवार व अजित पवार के बीच बढ़ती नजदीकियां स्वाभाविक रूप से दिल्ली के राजनीतिक गलियारों के लिए बड़ा संदेश है. वैसे भी इंडिया गठबंधन के बिखराव की सुगबुगाहट कुछ माह पहले से ही आरंभ हो गई है लेकिन औपचारिक रूप से अभी इसका ऐलान कोई भी पक्ष नहीं कर रहा है. सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों महाराष्ट्र में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में जिस तरह से भाजपा-शिवसेना- एनसीपी की महायुति को विजय हासिल हुई है उसके बाद से ही महाराष्ट्र की राजनीति का मिजाज बदलने लगा है. महाविकास अघाडी में शामिल कांग्रेस-राकांपा(शरद पवार)-शिवसेना (उद्धव) के बीच असंतोष उभरने लगा है. शरद पवार व उद्धव ठाकरे कांग्रेस के साथ आगे बढ़ने को तैयार नहीं दिख रहे हैं. संभवत: इसी वजह से ठाकरे बंधुओं ने बीस साल बाद एक-दूसरे को गले लगा कर मुंबई महानगर पालिका यानी बीएमसी पर कब्जा करने की तैयारी आरंभ कर दी है. जबकि शरद पवार ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत अपने परिवार को एकजुट करने में लगे हैं.

कहा जा रहा है कि इस प्रयास को भाजपाई रणनीतिकारों द्वारा भी हवा दी जा रही है. शरद पवार के अप्रत्यक्ष रूप से सरकार में शामिल होने मात्र से महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत बहुत मजबूत हो जाएगी और कांग्रेस पार्टी अकेले पड़ जाएगी. इतना ही नहीं शरद पवार अपनी ताकत के बदौलत लोकसभा में भाजपा यानी राजग सरकार को और मजबूत व स्थिर कर देंगे. हालांकि कुछ कांग्रेसी रणनीतिकार अभी भी शरद पवार को अजित पवार के साथ एक होकर इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने रहने के लिए दबाव बना रहे हैं लेकिन इसकी संभावना कम दिख रही है.

# महिला ने बच्चों संग लगाई फांसी

## मैनाई ग्राम का मामला, कारण अज्ञात, खेत पर सिंचाई करने भाई के साथ गया था महिला का पति

नवभारत न्यूज

**रहली 26 दिसंबर. रहली थाना क्षेत्र के ग्राम मैनाई में घर में मां ने अपने दो बेटों के साथ फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया, परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो घटना सामने आई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए रहली अस्पताल भेजा गया.**

### पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पीएम कराया

परिवार के ब्रजेश पिता गोपी लोधी निवासी मैनाई ने बताया कि गुरुवार की रात मैं और मेरा छोटा भाई राजेश लोधी खेत में लगी फसल की सिंचाई करने के लिए गए थे. रात करीब पौने 10 बजे वापस लौटकर घर आए, घर आकर में अपने कमरे में चला गया, छोटा भाई अपने कमरे में गया. तभी राजेश के चिल्लाने की आवाज सुनी, मैं दौड़कर उसके कमरे में पहुंचा, जहां देखा कि मेरी बहू रचना पति राजेश लोधी (32), भतीजा ऋषभ लोधी (5) और राम लोधी (2) अलग-अलग फंदों पर झूल रहे हैं. तत्काल हम दोनों ने रस्सियां कांटकर उन्हें फंदे से नीचे उतारा. लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी. उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया परिवार को इसकी जानकारी नहीं है. घटनाक्रम की





सूचना मिलते ही रहली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की, एफएसएल टीम को बुलाया गया. टीम ने वारदातस्थल से साक्ष्य जुटाए हैं, शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार रहली पुलिस मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है. जिसके पश्चात पुलिस ने तीनों शव परिजनों को सौंप दिए गए और देर शाम अंतिम संस्कार भी किया गया.

## तीन पशु चिकित्सकों की नियुक्ति की गई

**खुरई.** विधानसभा क्षेत्र के तीन पशु चिकित्सालयों बांदरी, रोंड़ा तथा खिरिया कलां पशु चिकित्सालयों में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है. इसके साथ ही चलित पशु चिकित्सा वाहन सेवा 1962 अंतर्गत सागर मुख्यालय के मोबाइल चिकित्सा वाहन को टिकिट संख्या अधिक होने के दिनों में मालथौन-बांदरी क्षेत्र को अटेंड करने के लिए आदेशित किया गया है. पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को इस संबंध में पत्र लिखा था. संचालनालय पशुपालन भोपाल से मालथौन में संचालित तीन पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रूप में पशु चिकित्सालय बांदरी में राजेंद्र रामलाल, पशु चिकित्सालय रोंड़ा में महेंद्र सिंह डुडवे पशु चिकित्सालय खिरिया कलां सतपाल भंवर की नियुक्ति हुई.

# अमानक स्तर की खाद, बीज एवं उर्वरक बेचने वालों पर कार्रवाई करें

नवभारत न्यूज

**सागर 26 दिसंबर. संभागायुक्त अनिल सुचारी ने संभाग के सभी कलेक्टरों, कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए.**

कमिश्नर ने कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों के विषय में किसानों को जानकारी दें तथा कृषि यंत्रों का उपयोग करने के लिए किसानों को सतत रूप से प्रोत्साहित करें. कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी कलेक्टर सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण के लिए विभागों को दिए गए लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें. कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे समय-समय पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें तथा लक्ष्य पूर्ति के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को ताकीद करें.



बैठक में कमिश्नर ने खाद, बीज एवं कीटनाशकों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद, बीज और उर्वरक बेचने वाली फर्मों की सतत रूप से जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी किसानों को उच्च गुणवत्ता की खाद, बीज और उर्वरक उपलब्ध हों, यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित कराएं. खाद, बीज, उर्वरकों और कीटनाशकों के नमूने लेने की कार्यवाही जारी रहनी चाहिए.

## एक नजर में



### आयुर्वेद महाविद्यालय का निरीक्षण किया

**सागर.** समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम से 100 करोड़ की लागत से बुंदेलखंड का पहला 100 सीटर शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल स्थापित किया जा रहा है, जिसके निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका हैं. विधायक शैलेन्द्र जैन ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के अधिकारियों व ठेकेदार से प्रगति की जानकारी ली और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए, यह संस्थान 7 .50 एकड़ भूमि (तिली माफी क्षेत्र) पर विकसित किया जा रहा है. इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार भी उपस्थित रहे.



### बीएमसी में एव्हीसी मशीन का शुभारंभ

**सागर.** बीएमसी में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए मधुमेह की सटीक जाँच के लिए एव्हीसी मशीन का शुभारंभ किया. इस मशीन के आने से अब मरीजों को पिछले दो तीन महीनों के औसत शुगर लेवल की जानकारी मिल सकेगी. बीएमसी बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रयोगशाला में मधुमेह के मरीजों हेतु मशीन का शुभारंभ हुआ. लोकार्पणडीन डॉ. पीएस ठाकुर द्वारा किया. मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि यह जांच डॉक्टरों को रोगियों की बीमारी के नियंत्रण का सटीक आकलन करने, उपचार की प्रभावशीलता जानने तथा आगे की उपचार योजना तय करने में बड़ी सहायता प्रदान करती है. इस अवसर पर डॉ. राजेश जैन,डॉ. आर.के. अरोड़ा, डॉ. अमर गंगवानी, डॉ अनेकांत जैन, डॉ उमेश पटेल , डॉ अश्वनी सोनकर ,डॉ रचिश चौपड़ा ,लैब टेक्नीशियन कविता जायसवाल उपस्थित रहे.



### बगैर लाइसेंस संचालित मसाला चक्की सील

**सागर.** बमोरी रेगुंवा में बिना लाइसेंस संचालित एक मसाला चक्की पर कार्रवाई की गई. जांच के दौरान मसाला चक्की में एक क्विंटल खड़ी लाल मिर्च में गेहूं का आटा एवं अखाद्य रंग जैसे पदार्थ मिलाकर पिसाई किए जाने की पुष्टि हुई, यह पिसाई सामग्री विनोद गुप्ता की बताई गई, जबकि मसाला चक्की नंदलाल चढ़ार की होना पाया गया. उक्त दोनों विक्रेताओं के पास आवश्यक फूड सेफ्टी लाइसेंस नहीं पाया गया. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी मिश्रण के नमूने संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए, 98 किलो लाल मिर्च चूर्ण एवं अखाद्य़ रंग का मिश्रण जप्त किया गया.



### श्रद्धा के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

**बीना.** क्रिसमस पर चर्चों में प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस मौके पर सेंट जॉन्स चर्च, बीना,पवित्र हृदय चर्च, बीना एवं इवेंजिलिकल लूथरन चर्च, बीना में आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विशेष प्रार्थना सभाओं में रेव्ह. शैलेन्द्र कनासिया, रेव्ह. योगेश सिंग एवं फादर जोनस डेविस ने प्रभु यीशु मसीह के प्रेम संदेश के साथ प्रवचन, उपदेश दिए. प्रार्थना के दौरान प्रभु यीशु के संदेश प्रेम, शांति और भाईचारे को याद किया गया. लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना की, क्रिसमस पर्व ने समाज में आपसी सौहार्द और प्रेम का संदेश दिया. बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला,वहीं कैरोल गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया.

# मनुष्य जन्म पुण्य से मिलता है

नवभारत न्यूज

**सागर 26 दिसंबर. जीवन में कुछ चीजें हमें सहज प्राप्त होती है,तथा कुछ चीजें ऐसी होती है जो हम परम पुण्य से प्राप्त करते है.**

उपरोक्त उद्‌गार मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने काछी पिपरिया में व्यक्त किए. इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि यह मनुष्य जन्म बड़े ही पुण्य से मिला है,उसे सार्थक करो मुनि श्री ने कहा कि जन्म के मातापिता का संयोग मिला यह सहज संयोग है इसे हम सांसारिक सहयोग के रुप में देखते है इसके लिये हमें कोई अतिरिक्त प्रयत्न नहीं करना पड़ता माता पिता के सहयोग से हमारा लालन पालन हो जाता है यह सांसारिक संयोग संसार के मातापिता अपने कर्तव्य के रुप में निर्वाहन करते है. मुनिश्री ने कहा कि जो उस अविनाशी आत्मसत्व को पहचानता है वही अपने जीवन में कुछ सार्थक गठित कर पाता है. संतों के समागम से हमें क्या मिलता है? तुम जिन चीजों के पीछे भागते हो संत उनसे विमुख रहते है क्यों कि वह उसे सांसारिक बंधन का कारण मानते है, उन्होने कहा कि जो दु:ख का मूल जड़ है,और यदि आप लोग संतों से उन्ही वस्तुओं को पाने का आशीर्वाद चाहोगे तो संत तुम्हें उलझने नहीं देंगे.

# क्रिसमस कार्यक्रम : खेल प्रतियोगिताएं संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 26 दिसंबर. सेंट पॉल ई.एल. चर्च द्वारा क्रिसमस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीडिश मिशन स्कूल के खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.**

चर्च सचिव ई. वाय. कुमार से मिली जानकारी के अनुसार आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भाग लिया. खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत विवाहित एवं अविवाहित पुरुषों के बीच खेले गए फुटबॉल मैच से हुई. मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया.



इसके बाद क्रमश: 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रस्साकसी एवं कुर्सी दौड़ का भी आयोजन किया गया. इन प्रतियोगिताओं में बच्चों के साथ जवानों, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्रिसमस के अवसर पर आपसी भाईचारे, एकता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा. समापन रेव्हरेंड जंयत सिंह मैथ्यूज द्वारा प्रार्थना एवं आशीर्वाद वचन के साथ किया गया.

## श्रद्धाजलि कार्यक्रम

**सागर.** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर तीनबत्ती स्थित कार्यालय में कांग्रेस सेवादल ने पुष्पांजलि अर्पित की. जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने 1991 की दूरदर्शी उदारीकरण नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि इसी के चलते आज भारत दुनिया की चौथी आर्थिक महाशक्ति है. श्रद्धांजलि सभा में मोहम्मद अनीस प्रवीण यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, रवि जैन, राकेश जैन, तरूण सैनी, आकाश नामदेव, संजय टंडन, छोटू तिवारी, अनु घोषी सहित सेवादल परिजन उपस्थित थे.

# रोबोट और ड्रोन बना रही हैं स्कूल की छात्राएं

नवभारत न्यूज

**बंडा 26 दिसंबर. पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार ने किया. स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. प्राचार्य संतोष चौरसिया ने कहा कि इस वर्ष विघालय की छात्राओं ने कक्षा दसवीं में 88% और कक्षा 12वीं में 95% परीक्षा परिणाम लाकर सभी को गौरांवित किया है. विद्यालय की छात्राएं रोबोट एवं ड्रोन बनाने पर भी काम कर रही हैं.



प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जाहर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों में सभी प्रकार की सुविधा देने के साथ ही धर्म, संस्कृति और संस्कार भी प्रदान कर रही है. नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज कुकरेले ने कहा कि छात्राएं मोबाइल का सदुपयोग कर आगे बढ़ने का रास्ता अपनाएं. विद्यालय में शीघ्र ही पुस्तकालय शुरू किया जाएगा, ताकि छात्राएं उपयोगी ज्ञान भी प्राप्त कर सकें. इस अवसर पर छात्राओं को साइकिले वितरित की गई. कार्यक्रम में मंतराम अहिरवार, बीडी गौड़, एनएस ठाकुर,रूपेश रोशन खरे, मंगल सिंह,उमेश जैन, विवेक मिश्रा,नरेश मिश्रा, अनिरुद्ध सिंह, नीतेश जैन, सुनील श्रीवास्तव, रफीक सिद्दीकी,संयम जैन मौजूद थे.

## कार्यक्रम कल

**सागर.** हिन्दी व बुंदेली के लोकप्रिय लेखक, कवि व समालोचक स्व. रमेश दत्त दुबे का वार्षिक स्मृति आयोजन व सम्मान समारोह 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 2.00 बजे से आदर्श संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होगा. आयोजक श्यामलम के अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र व श्रीमती सीमा रमेश दत्त दुबे ने बताया कि आयोजन के 12 वे वर्ष में साहित्य सरस्वती की संपादक सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ.लक्ष्मी पांडेय को सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी विचारक रघु ठाकुर करेंगे.

# वीर बाल दिवस मनाया गया



नवभारत न्यूज

**सागर 26 दिसंबर. वीर बाल दिवस का आयोजन बीटीआईआरटी कॉलेज में किया गया.**

इस अवसर परचेयरमैन संतोष जैन घड़ी, सचिव डॉ सत्येंद्र जैन, रजिस्टर डॉ तरुण कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ वीरेश फुसकेले, एनएसएस अधिकारी शेख शाहिद, रामू मिश्रा, गजेंद्र सिंह परमार, जावेद खान, पुनीत शुक्ला, भूपेंद्र नामदेव, दीपक रैकवार, भानु कुर्मी उपस्थित रहे. चेयरमैन श्री जैन ने कहा गुरु गोविंद सिंह के साहसी पुत्रों का बलिदान हमें प्रेरित करता है, हम उनके आदर्शों को अपनाएं और देश के लिए कुछ अच्छा करने का संकल्प लें.

# स्वास्थ्य जागरुकता एवं स्वच्छ भारत मैराथन का आयोजन





नवभारत न्यूज

**सागर 26 दिसंबर. आईएमए और नगर निगम के आयोजन में स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वच्छ भारत मैराथन का प्रीमियर लाँच संपन्न हुआ.**

यह मैराथन 18 जनवरी रविवार को खेल परिसर से शुरू होगा और बस स्टैंड , डिग्री कॉलेज, जैन स्कूल, मेडिकल कॉलेज रोड, तिली तिराहा , मनोरमा कॉलोनी से होता हुआ वापस खेल परिसर में समाप्त होगी. मुख्य अतिथि निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि यह आयोजन स्वच्छ भारत अभियान को नई ऊर्जा देगा तथा सागर के आम नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि यह मैराथन शहर की बड़ी आबादी को सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर,सुरक्षित मातृत्व, क्षय रोग जैसे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करने का अवसर प्रदान करेगी. इस दौरान डॉ मोहम्मद इलयास, डॉ आदित्य दुबे, डॉ संतोष, गौरव, अरविंद सोनी सहित संख्या में निगम कर्मचारी शामिल हुए.



## स्थापना दिवस मनाया

**ललितपुर.** अखिल भारतीय पटवा महासभा ने 73वां स्थापना दिवस मनाया. अध्यक्षता पटवा समाज जिलाध्यक्ष वासुदेव पटवा, गोविंद पुरी ने की. समाज के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्प अर्पित किए गए. जिलाध्यक्ष श्री पटवा ने कहा कि जब हमारी पीढ़ी शिक्षित होगी और शिक्षा के लिए अग्रसर होगी. शिक्षित समाज ही अपना वर्चस्व स्थापित कर पाती है. संचालन प्रेम भैया नामदेव ने किया. इस दौरान अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज एकजुट होकर एक दूसरे की मदद के लिए आगे हाथ बढ़ाना चाहिए जिससे एक नई ऊर्जा का संचार हो सके.

# अभिभावक पर अभद्रता के आरोप लगाए

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 26 दिसंबर. मां ललितेश्वरी मंदिर नदीपार रावतयाना में रहने वाली शमीम बेगम पत्नी शकील अहमद ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में वाद दायर किया.**

बताया कि वह मोहल्ला चौकाबाग स्थित केबी विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाचार्य हैं. उनके विद्यालय में दरयाब सिंह पुत्र पहलवान सिंह व उसकी पत्नी शशि के पुत्र आदर्श कुमार कक्षा 5 व कपिल कक्षा 2 में अध्ययनरत हैं. जब उसने दरयाब सिंह से बच्चों की बकाया फीस 1900 रुपये को जमा करने की बात कही तो शराब के नशे में धुत्त दरयाब सिंह प्रतिदिन विद्यालय आकर शिक्षण कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने लगा. इसके अलावा प्रबंधक व महिला शिक्षिकाओं को सड़क पर अभद्रता की जाने लगी. काफी समझाने के बाद भी वह नहीं माना. आरोप है कि दरयाब सिंह शराब पीकर विद्यालय आया और शिक्षिकाओं व पीड़िता से अभद्रता करने लगा. वहीं प्रबंधक राजेश साहू ने दरयाब को विद्यालय से जाने के लिए कहा तो दरयाब ने अभद्रता करते हुये गालियां दीं गयीं और धमकाया गया. प्रधानाचार्य ने बताया कि दरयाब सिंह ने स्वयं को अनुसूचित जाति का बताते हुये फीस माफी की बात कही, इस पर उन्होंने प्राईवेट विद्यालय में इस प्रकार के प्रावधान न होने की बात कही. प्रधानाचार्य का आरोप है कि दरयाव सिंह ने उन्हें हरिजन उत्पीड़न के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गयी. चौबयाना निवासी हरिशंकर झां पुत्र दामोदर व प्रबंधक राजेश साहू पुत्र स्व.देवीप्रसाद साहू ने घटना को देखा, जिस पर दरयाब ने प्रबंधक को गला काट देने की धमकी दी गयी. आरोप है कि कुछ दिनों बाद दरयाव सिंह ने मुकद्दमा दर्ज कराते हुये राजीनामा के एवज में चार लाख रुपयों की मांग की.


**In The Court Of I District Judge, District Court, Sagar**
**Presiding Officer: श्री दिनेश देवड़ा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A /0100027/2008)**
**खेमचंद......वादी**
**VS**
**परसराम.... प्रतिवादी**
Process Id-/2025
**पेशी दिनांक: 16/01/2026**
(1) नरेंद्र पिता परसराम यादव पता:- साबूलाल वार्ड नदी पार तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर
(2) विवेक पिता स्व. प्रकाश यादव पता:- साबूलाल वार्ड नदी पार तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर
(3) ज्योति यादव पत्नी स्व. प्रकाश यादव पता:- साबूलाल वार्ड नदी पार तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर

यह कि प्रार्थी खेमचंद ने आपके विरुद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 22 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया है।

**(दिनेश देवड़ा)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**रहली जिला सागर म.प्र.**

कृपया ध्यान दें: 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


**पुण्य उदय कार्यक्रम** — महामना मालवीय जयंती और डॉ. गौर की पुण्यतिथि पर विवि में कार्यक्रम का आयोजन

# गौर-मालवीय ने शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र का उन्नयन का मार्ग चुना था

नवभारत न्यूज

**सागर 26 दिसंबर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के रंगनाथन सभागार में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न महामना मदनमोहन मालवीय की जयंती और सागर विवि संस्थापक डॉ. सर हरि सिंह की पुण्यतिथि पर पुण्य-उदय कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ हरीसिंह गौर और काशी विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदनमोहन मालवीय दोनों ही भारत वर्ष की राष्ट्र विभूति हैं. उन्होंने कहा कि दोनों ही राष्ट्र विभूतियों ने शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के उन्नयन का मार्ग चुना था. विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय ने स्वरचित कविता के माध्यम से व्याख्यान का आरंभ किया.



विशिष्ट अतिथि डॉ. जयंत सिंह तोमर ने डॉ. गौर एवं महामना मदनमोहन मालवीय को प्रेरणास्पद व्यक्तित्व के रूप में रेखांकित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ. गौर और मालवीय दोनों ही महापुरुषों ने जो सपने देखे उसको करके दिखाया. उन्होंने कहा कि महामना मदनमोहन मालवीय ने शिक्षा के क्षेत्र में महनीय योगदान के लिए भारत रत्न दिया गया. उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले सर्वथा उपयुक्त मनीषी डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न अभी तक नहीं प्राप्त हो पाया है, आशा है शीघ्र ही डॉ. गौर को भारत रत्न प्रदान किया जायेगा. कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशिकुमार सिंह तथा प्रो. दिवाकर शुक्ला ने आभार माना.डॉ. हरीसिंह गौर के शिक्षकों ने रघु ठाकुर को डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने के संबंध में ज्ञापन दिया. कार्यक्रम में प्रो. आरएन यादव, दिवाकर सिंह राजपूत. प्रो. नवीन कानगो, प्रो. राजेंद्र यादव, प्रो. यू के पाटिल, प्रो. हिमांशु पांडे, डॉ. रानी दुबे, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विवेक जायसवाल, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. हिमांशु कुमार मौजूद रहे.

# चित्रों में दर्शाया स्त्री और प्रकृति का रिश्ता




**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 26 दिसंबर. हम जो देखते हैं चित्र में उसकी छाया उतर जाती है, यह कहना है चित्रकला में पारंगत गोल्डमेडलिस्ट विनीता वर्मा का. भारत भवन में चल रही रूपाभ श्रृंखला प्रदर्शनी में विनीता वर्मा की पेंटिंग्स प्रदर्शनी लगी हुई हैं.**

### 168 घंटों में बनाई एक पेंटिंग

इस तरह की थीमबेस्ड पेंटिंग को बनाने में कम से कम एक हफ्ते (168 घंटे) का समय लगता है. जो कि आंतरिक मन में चल रही कई सारी अलग-अलग छवियों और आकृतियों संग बहुत ही केंद्रित मन से बनाई जाती हैं. पेंटिंग में कई चीजें ऐसी भी दिखाई गई हैं, जो कि किराये के मकान की छत पर पड़ी चीजें हैं या फिर पानी के बुलबुले इन्हे अलग-अलग रंग देने से इनके अर्थों और प्रस्तुति में भी बदलाव आता हैं. जिनका ध्यान चित्र बनाते समय रखना होता है.



चित्रकार विनीता ने बताया ह्यूमन इन नेचर रिलेशनशिप पर आधारित यह पेंटिंग्स एक्रेलिक, चारकोल और इंक की सहायता से बनाई गई है. जिसमें उन्होंने स्त्री के जीवन संघर्ष, मौन, सरल स्वभाव, धैर्य, आंतरिक शक्ति को प्रकृति में देखते हुए दोनों के समतुल्य आचरणों दिखाने का प्रयास किया है. विनीता बताती हैं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से चित्रकला में स्नातक कर गोल्ड मेडल भी प्राप्त किया. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर करने के बाद वर्तमान में इसी क्षेत्र में पीएचडी कर रही हैं.

विनीता बताती हैं चित्र बनाने का शौक बचपन से था, लेकिन 20 साल की उम्र में व्यावसायिक तरीके से चित्रकला की दुनिया में कदम रखा है, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा. शुरू में पिता द्वारा गणित के क्षेत्र में ग्रेजुएशन करने के लिए कहा, लेकिन मन को तसल्ली नहीं होने पर चित्रकला में वापस लौटने का मन बनाया. फिर पिता के सहयोग के साथ ही इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय,खैरागढ़ से चित्रकला में स्नातक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर करने के बाद वर्तमान में इसी क्षेत्र में पीएचडी कर रही हैं.

# मट्टू की कोलंबो में गूंजी आवाज

## भोपाल के गायक करनदीप की गायकी को दर्शकों ने खूब सराहा

**भोपाल, 26 दिसंबर. राजधानी के पंजाबी सूफी और बॉलीवुड गायक करनदीप मट्टू ने हाल ही में श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित लाइव कंसर्ट में प्रस्तुति दी. कॉर्पोरेट कार्यक्रम में उनकी गायकी को दर्शकों ने खूब सराहा. सूफी पंजाबी और बॉलीवुड गीतों के मिश्रण से उनकी गायकी को अलग पहचान मिली है.**

करनदीप भोपाल के प्रसिद्ध सूफी बैंड अधिरोह के प्रमुख गायक हैं. वे अब तक देशभर में पांच सौ से अधिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति दे चुके हैं. आईआईटीडीएम जबलपुर सहित कई प्रतिष्ठित मंचों पर उन्होंने अपने सुरों से श्रोताओं को बांधा है.



उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में पंजाबी कलाकार कम हैं. इसी कारण वे फोक देसी पंजाबी बॉलीवुड और सूफी गीत समान रूप से गाते हैं. उनका प्रयास हर वर्ग के श्रोताओं से जुड़ना है. करनदीप को वर्ष दो हजार चौदह में आइडिया रॉक्स इंडिया शो के दौरान गायिका सुनिधि चौहान से सम्मान मिला था. वे सलीम सुलेमान के कंसर्ट में ओपनिंग परफॉर्मेंस भी दे चुके हैं. मुंबई में उन्होंने गायिका रुचा शर्मा के साथ भी मंच साझा किया है. अधिरोह बैंड की शुरुआत भोपाल से हुई थी. कुछ ही वर्षों में बैंड ने प्रदेश और देश में पहचान बनाई. बैंड सूफी और फ्यूजन संगीत के माध्यम से सकारात्मकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है.

### एक नजर में



## गांधी नगर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**भोपाल, 26 दिसंबर.** गांधीनगर क्षेत्र में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया. यह कथा 01 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से 05 बजे तक श्री साई स्कूल ग्राउंड, गांधीनगर में आयोजित होगी, कथा व्यास संत जयकिशन दास महाराज (राष्ट्रीय धर्म प्रचारक, विश्व हिन्दू राष्ट्रीय सेना) श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराएंगे. कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में रामेश्वर शर्मा विधायक हुजूर विधानसभा क्षेत्र शामिल रहेंगे. गुरुवार 01 जनवरी को सुबह 10 बजे से पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा. इस दिन कथा का शुभारंभ दोपहर 03 बजे से होगा. यह धार्मिक आयोजन गांधीनगर क्षेत्र के निवासियों के सहयोग से किया जा रहा है, जिनमें गोलू मेवाड़ा, हरिओम वर्मा, शमशेर पाटिल, हरीश मोटवानी, अंजू सिंह जिला मंत्री, राधा राजपूत मंडल उपाध्यक्ष सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं.



## कृष्ण उत्सव धूमधाम से मनाया, नाचीं महिलाएं

**भोपाल, 26 दिसंबर.** राजधानी भोपाल स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर, 1100 क्वार्टर में आयोजित संगीतामय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ कृष्ण उत्सव मनाया गया. कथा संयोजक वेद आशीष श्रीवास्तव, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 22 से 28 दिसंबर तक श्री चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है. अयोध्या स्थित आशर्फी भवन से पधारे कथा व्यास जगद्गुरु स्वामी श्रीधराचार्य महाराज भक्तिरस से परिपूर्ण कथा का वाचन कर रहे हैं. पंचम दिवस की कथा में स्वामी श्रीधराचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान को भाव से भजो या कुभाव से, प्रभु सदैव अपने भक्त का कल्याण ही करते हैं.

## निर्मला देवी राजदेव के नेत्र सेवा सदन को दान



**भोपाल, 26 दिसंबर.** भोपाल निवासी निर्मला देवी राजदेव का देहावसान गुरुवार 25 दिसम्बर को हो गया. उनके पुत्र महेश राजदेव ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं. निर्मला देवी के नेत्र अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे. सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2,286 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत निर्मला देवी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवारजन के प्रति नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है.

# एम्स को दो करोड़ का कायाकल्प पुरस्कार

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रुप 'बी' अस्पतालों की श्रेणी में किया सम्मानित

**भोपाल, 26 दिसंबर. एम्स भोपाल को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दो करोड़ रुपये का कायाकल्प पुरस्कार मिला है. यह राशि स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा गुणवत्तापूर्ण रोगी-सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रदान की गई है.**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश के प्रतिष्ठित केंद्रीय सरकारी अस्पतालों और संस्थानों को कायाकल्प प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए कुल 9.57 करोड़ की राशि दी गई है. ग्रुप 'ए' अस्पतालों और



संस्थानों में सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली को 3 करोड़ रुपये, एम्स नई दिल्ली को 1.50 करोड़ रुपये, जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुदुच्चेरी तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली को 40-40 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई. ग्रुप 'बी' अस्पतालों और संस्थानों में एम्स भोपाल को 2 करोड़ रुपये, एम्स जोधपुर को 1 करोड़ रुपये, श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, सिलवासा को 31.75 लाख रुपये, एम्स भुवनेश्वर को 31.75 लाख रुपये, एम्स पटना को 31.75 लाख रुपये तथा एम्स रायपुर को 31.75 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई. एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान अस्पताल के प्रत्येक सदस्य के सहयोगात्मक प्रयासों का परिणाम है. उन्होंने संस्थान की इस सफलता में योगदान देने वाले एम्स भोपाल के पूरे परिवार को यह पुरस्कार समर्पित किया.



## वीर बाल दिवस पर दिखाए करतब

**भोपाल, 26 दिसंबर.** गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादों की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस पर भाजपा के प्रदेश मुख्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिख युवकों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए.

# भेल लेडीज क्लब ने किया खेलकूद स्पर्धा का आयोजन

**बीएचईएल संवाददाता**
**भोपाल, 26 दिसंबर. बीएचईएल लेडीज़ क्लब की सांस्कृतिक शाखा द्वारा सदस्यों में फिटनेस, आपसी सौहार्द और मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक उल्लासपूर्ण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम क्लब की अध्यक्ष रोज़ी उपाध्याय की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित हुआ, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**


कार्यक्रम में संगीता रामनाथन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. सांस्कृतिक शाखा की



उपाध्यक्ष योगिता बघेल ने स्वागत उद्बोधन देकर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें सदस्यों ने खेल भावना और टीमवर्क का प्रदर्शन किया. विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. अपने संबोधन में अध्यक्ष रोज़ी उपाध्याय ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सफल आयोजन के लिए सांस्कृतिक शाखा के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करते हैं. इस अवसर पर बीएचईएल लेडीज़ क्लब की सभी उपाध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक शाखा की कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ,उन्होंने आयोजकों, प्रतिभागियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

## स्कूलों में मनाया वीर बाल दिवस

**भोपाल, 26 दिसंबर.** रोज मैरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं विद्या भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवजीवन कॉलोनी छोला में सिक्खों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह जी के साहबजादे जौरा सिंह एवं फ़तेह सिंह की स्मृति में विद्यालय परिसर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्राचार्य नेहा सिंह, हरेकृष्ण मिश्रा एवं अभिषेक खटीक द्वारा शहीद साहबजादो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस दौरान सभी बच्चों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया. प्राचार्य नेहा सिंह ने विद्यार्थियों को शहीद साहबजादो के बारे में जानकारी दी.



# अटल की स्मृति में कविता और विचारों का संगम

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 26 दिसंबर. विश्व संवाद केंद्र भोपाल में शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. अखिल भारतीय कला मंदिर भोपाल की ओर से हुए इस आयोजन में साहित्य और राष्ट्रभाव का सुंदर समन्वय देखने को मिला.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गौरीशंकर शर्मा गौरीश ने की. मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे उपस्थित रहे. मंच पर संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष हरिवल्लभ शर्मा भी मौजूद रहे. कार्यक्रम की शुरुआत में अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया गया. अध्यक्षीय उद्बोधन में अटल जी के विचारों व्यक्तित्व और सार्वजनिक जीवन पर प्रकाश डाला गया. मुख्य अतिथि विकास दवे ने अटल बिहारी वाजपेयी को राजनीति और साहित्य का सेतु बताया.

उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन विचार कविता और संवेदना का अनूठा उदाहरण रहा है. काव्य गोष्ठी में कवियों ने अटल जी के व्यक्तित्व राष्ट्रप्रेम और मानवीय मूल्यों पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं. कविता पाठ के दौरान श्रोताओं ने गहरी संवेदना और भावनात्मक जुड़ाव महसूस किया. कार्यक्रम का समापन साहित्य और राष्ट्र चेतना के संदेश के साथ हुआ. उपस्थित श्रोताओं ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया.

# शिल्पकार बलदेव वाघमारे का सम्मान

## मप्र टूरिज्म बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक ने किया सम्मानित

**भोपाल, 26 दिसंबर. मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिल्पकार बलदेव वाघमारे का सम्मान किया गया. अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने अंगवस्त्रम पहनाकर वाघमारे का सम्मान किया.**

इस अवसर पर अपर प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. बेडेकर ने कहा कि वाघमारे जैसे शिल्पकार मध्य प्रदेश की समृद्ध पारंपरिक शिल्प विरासत के सशक्त संवाहक और पहचान हैं. वाघमारे का यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदेश के हस्तशिल्प क्षेत्र को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा. वे



भविष्य में भी अन्य शिल्पकारों के साथ मिलकर पारंपरिक हस्तशिल्प को संरक्षित, संवर्धित और नवाचार के साथ आगे बढ़ाते हुए इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे. उल्लेखनीय है कि वाघमारे को वर्ष 2024 का राष्ट्रीय पुरस्कार 9 दिसंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया गया. यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के भरेवा शिल्प (बेल मेटल शिल्प) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं पारंपरिक शिल्प कला के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदान किया गया है. वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त यह पुरस्कार केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, सचिव वस्त्र मंत्रालय नीलम शमी राव एवं विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) अमृत राज इस अवसर पर उपस्थित रहे.

**पूर्व पीएम की जयंती** | पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर नाटक अटल स्वप्न का मंचन

# नाटक से बताया अटल जी का संघर्ष और विचार

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 26 दिसंबर. पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राजधानी भोपाल में दो दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन सहयोग वेलफेयर सोसाइटी ने भारत सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से किया.**

आयोजन केरियर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाटक अटल स्वप्न रहा. रंगक्षितिज थियेटर एंड वेलफेयर सोसाइटी ने इसका प्रभावशाली मंचन किया. नाटक में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन संघर्ष विचार और राष्ट्र के



प्रति समर्पण को मंच पर उतारा गया. नाटक का लेखन और निर्देशन रीना बिष्ट ने किया. मंचन में अटल जी की भूमिका प्रेम प्रकाश अष्ठाना ने निभाई. उनके सशक्त अभिनय संवाद और भाव अभिव्यक्ति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया. कीर्ति बौरा और सतीश रे का अभिनय भी सराहा गया.

नाटक का गीत संगीत सतीश रे ने तैयार किया. संगीत ने मंचन की गरिमा को और ऊंचाई दी. दृश्य और संवादों के साथ संगीत ने अटल जी के विचारों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया. कार्यक्रम के दौरान सभागार में देशभक्ति का माहौल बना रहा. नाटक के समापन पर अटल बिहारी वाजपेयी के नारों से सभागार गूंज उठा. बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया. यह आयोजन अटल जी के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने का प्रेरक प्रयास साबित हुआ.

# दुष्यंत संग्रहालय में तीन पुस्तकों का लोकार्पण

- स्टेट बैंक साहित्य एवं कला परिषद ने किया साहित्यिक कार्यक्रम

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 26 दिसंबर. दुष्यंत संग्रहालय में स्टेट बैंक साहित्य एवं कला परिषद भोपाल के तत्वावधान में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर सुरेश पटवा की पुस्तक हिंदी सिनेमा का स्वर्णयुग कालजयी कलाकारों की दास्तान सहित तीन पुस्तकों का लोकार्पण किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोकुल सोनी ने की. मुख्य अतिथि डॉ मोहन तिवारी आनंद रहे. सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ राजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत संगीता



भारद्वाज की सरस्वती वंदना से हुई. स्वागत उद्बोधन अरुण गुप्ता ने दिया. वरिष्ठ पत्रकार और लेखक विनोद नागर ने हिंदी सिनेमा का स्वर्णयुग कालजयी कलाकारों की दास्तान पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत की. उन्होंने इसे शोधपरक कृति बताया. उन्होंने कहा कि साहित्य आधारित फिल्में ही कालजयी बनी हैं और सिनेमा का शास्त्रीय स्वरूप सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा है. कार्यक्रम में सरोज लता सोनी की काव्य पुस्तक साथ कहां तक निभाओगे और डॉ रेणु श्रीवास्तव की बुंदेली गीता का भी लोकार्पण हुआ. साधना शुक्ला और डॉ मोहन तिवारी आनंद ने दोनों पुस्तकों पर समीक्षात्मक टिप्पणी की. लेखकों ने अपनी पुस्तकों के अंश पढ़े और अपने रचनाकर्म पर प्रकाश डाला. सुरेश पटवा ने कहा कि हिंदी सिनेमा ने हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

### एक नजर में

#### आटो में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** टीटी नगर थाना पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते आटो में आग लगाने वाले आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी ने एक दिन पहले देर रात को आटो में लगा दी थी और मौके से फरार हो गया था. फरियादी रामप्रसाद राही (42) निवासी जवाहर चौक ने थाने में रिपोर्ट कराई थी. फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात आरोपी ने उनके सीएनजी आटो में आग लगा दी. इस वारदात में एक बाइक और एक हाथ ठेला भी पूरी तरह जल गए. इसके चलते लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान लोगों को हुआ. मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले.

#### आज 25 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल, 26 दिसंबर.** मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी शनिवार को मेंटनेंस के लिए भोपाल शहर के 25 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रखेगी. शनिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जेपी नगर, निशातपुरा, आरिफ नगर, फिरदोश नगर, शीतला नगर, श्री नगर, सरदार नगर, नारियलखेड़ा एवं आसपास. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रिसालदार कॉलोनी, शक्तिनगर, छोला नाका एवं आसपास. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बागसेवनिया, उत्सव परिसर, लक्ष्मी परिसर, जाटखेड़ा, बाग मुगालिया नई बस्ती, गुलाबी नगर, तुलसी विहार एवं आसपास के इलाके. सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक सिंगापुर सिटी कॉलोनी, दानिशकुंज-4, विराशा हाइट्स एवं आसपास के इलाके में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

#### श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया परीक्षित जन्म प्रसंग

**भोपाल, 26 दिसंबर.** कोलार रोड स्थित कृष्णा कैंपस प्रियंका नगर में गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. शुक्रवार को कथा में कथा व्यास पं. आनंद मोहन शुक्ला ने परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन प्रसंग सुनाया. शनिवार 27 दिसंबर को वराह अवतार, कपिलोपाख्यान, प्रह्लाद चरित्र सुनाई जाएगी. कथा का समापन 31 दिसंबर को होगा. इस दिन भंडारे का आयोजन शाम 5 बजे से किया जाएगा.

# बच्चों में दुबलापन को 19 से घटाकर 10% करेंगे

## गंभीर कुपोषण 6 .5 और कम वजनी बच्चों का प्रतिशत अब 33 तक सीमित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 26 दिसंबर. नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 एनएफएचएस की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक मप्र में बच्चों का दुबलापन 25.8 फीसदी से घटकर 19 फीसदी रह गया है. बच्चों के दुबलेपन को वर्ष 2029 तक 10 फीसदी तक सीमित किया जाएगा.**

यह जानकारी शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी.



उन्होंने विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों का भी जिक्र किया.

उन्होंने बताया कि पहले कम वजन के बच्चों की संख्या 42.8 फीसदी थी, जो अब 33 फीसदी तक आ गई है, पहले गंभीर कुपोषण की दर 9.2 फीसदी थी जो कि एन एफ एच एस-5 की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक महज 6.5 फीसदी रह गई है. इसी तरह ठिगनापन भी 42 फीसदी से कम होकर 35.7 फीसदी रह गया है. उन्होंने प्रदेश में बाल विवाह के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है, पहले के सर्वे में 4 में जहां बाल विवाह की दर 32.4 प्रतिशत थी, वहीं अब यह घटकर 23.1 प्रतिशत रह गई है. उन्होंने बताया कि आगामी तीन वर्षों में शाला त्यागी बालिकाओं को पुन: शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में विशेष कार्ययोजना बनाई गई है. इसके तहत इच्छुक बालिकाओं को मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के माध्यम से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा दिलाकर उनकी स्कूली शिक्षा पूर्ण कराई जाएगी. वहीं जो बालिकाएं आगे पढ़ाई जारी नहीं रखना चाहतीं, उनके लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें. सुश्री भूरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश में अब तक 52 लाख से अधिक बालिकाओं का पंजीयन किया जा चुका है. पिछले दो वर्षों में 6.40 लाख बालिकाओं को 350 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है.

#### वर्किंग वूमन हॉस्टल 3 वर्ष में होंगे संचालित

मंत्री ने बताया कि कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में पहली बार 284 करोड़ रुपये की लागत से 5121 सीट क्षमता वाले 8 नए वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाए जा रहे हैं, जो अगले तीन वर्षों में पूरी तरह संचालित होंगे. उन्होंने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस अभियान चलाया गया, जिसके तहत अब तक 6,134 महिलाओं एवं बालिकाओं को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए हैं. भूरिया ने बताया समाज में बेटियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से विभाग ने 1,794 सफल बालिकाओं एवं महिलाओं को जेंडर चैंपियन के रूप में चिन्हित किया है.

# ग्राहक संतुष्टि सर्वे में भोपाल एयरपोर्ट अव्वल

## एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का कस्टमर सैटिस्फैक्शन सर्वे 2025



**भोपाल, 26 दिसंबर. राजा भोज एयरपोर्ट ने एक बार फिर यात्री सेवाओं में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कस्टमर सैटिस्फैक्शन सर्वे 2025 में देशभर के 58 एएआई एयरपोर्ट्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.**

निदेशक रामजी अवस्थी ने बताया कि यह सर्वे देश के 58 एएआई एयरपोर्ट्स पर यात्रियों के अनुभव और सेवा गुणवत्ता के आकलन हेतु किया गया। इसमें भोपाल एयरपोर्ट ने राउंड-I में 5.00 अंक तथा राउंड-II (जुलाई-दिसंबर 2025) में 4.99 अंक (5 में से) प्राप्त कर कुल मिलाकर प्रथम रैंक हासिल की.

इस वर्ष पहली बार एएआई ने वार्षिक यात्री संख्या के आधार पर एयरपोर्ट्स को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है:

श्रेणी-I : 5 लाख से कम यात्री
श्रेणी-II : 5 लाख से 15 लाख यात्री
श्रेणी-III : 15 लाख से 35 लाख यात्री प्रतिवर्ष

इस नई व्यवस्था के अंतर्गत भोपाल एयरपोर्ट श्रेणी-III में शामिल है, जिसमें रांची, उदयपुर, बागडोगरा, जम्मू जैसे बड़े और व्यस्त एयरपोर्ट्स आते हैं. उल्लेखनीय है कि भोपाल एयरपोर्ट ने न केवल समग्र रूप से बल्कि श्रेणी-III में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

**निरंतर सुधार की यात्रा:** भोपाल एयरपोर्ट की यह उपलब्धि उसके निरंतर सुधार की यात्रा को दर्शाती है. पहले जहाँ एयरपोर्ट की रैंकिंग सामान्यत: बीसवें स्थान के आसपास रहती थी, वहीं सीएसएस-2022 में यह राउंड-I में तृतीय और राउंड-II में द्वितीय स्थान पर पहुंचा। इसके बाद सीएसएस-2023 में दोनों राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर एयरपोर्ट ने अपनी सेवा गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी। इसी क्रम में अब सीएसएस -2025 में पुन: दोनों राउंड में प्रथम स्थान हासिल कर यह उपलब्धि दोहराई गई है.

# टिकट जांच में ऐतिहासिक कीर्तिमान

## भोपाल मंडल के महेश लिंगायत ने रचा नया रिकॉर्ड

**भोपाल,26 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में टिकट जांच कार्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है।**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में कार्यरत टिकट चेकिंग स्टाफ के अंतर्गत इटारसी डिपो में पदस्थ उप मुख्य टिकट निरीक्षक महेश लिंगायत ने वर्ष 2025 में एक करोड़ रुपये से अधिक राजस्व अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेश लिंगायत ने 1 जनवरी 2025 से 26 दिसंबर 2025 के बीच टिकट जांच के



दौरान कुल 14,195 मामलों को पकड़ा, जिससे 1,00,96,705 का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि टिकट जांच के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि लिंगायत जनवरी 2014 से टिकट जांच स्टाफ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और अपनी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुकरणीय कार्यशैली के लिए लगातार सराहे जाते रहे हैं।

वर्ष 2025 में एक करोड़ रुपये से अधिक राजस्व अर्जित करने वाले वे पश्चिम मध्य रेलवे के पहले टिकट जांच कर्मचारी बन गए हैं। इस उपलब्धि से न केवल इटारसी डिपो बल्कि पूरे भोपाल मंडल का नाम रोशन हुआ है। मंडल प्रशासन ने महेश लिंगायत को उनकी असाधारण सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए इसे अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया है।

# गौवंश का मिला कटा सिर, बजरंग दल का प्रदर्शन

#### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने की कार्रवाई की मांग

**भोपाल, 26 दिसंबर. राजधानी भोपाल के छोला मंदिर थाना इलाके में शुक्रवार सुबह एक गौवंश का कटा सिर विदिशा रोड स्थित लाल कोठी के पास झाड़ियों में मिलने से हड़कंप मच गया. इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी.**

बताया जाता है यह खबर फैलते ही बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और आसपास गौवंश के शरीर के बाकी हिस्से को तलाशा, लेकिन अन्य अवशेष नहीं मिल सके. पुलिस ने कटा हुआ सिरजब्त कर परीक्षण के लिए भेज दिया है. बजरंग दल कार्यकर्ताओं के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे लाल कोठी इलाके में गौवंश के कटे हुए सिर पड़े होने की जानकारी मिली थी.



#### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस के मुताबिक घटना की तह तक पहुंचाने के लिए घटनास्थल के आसपास तमाम मुख्य मार्गों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. फिलहाल अवशेष को फेंकने वाले की शिनाख्त नहीं हो सकी है. प्रारंभिक जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि एक कुत्ता कटे हुए सिर को झाड़ियों से घसीट कर बाहर लाया था. जिसे देखने के बाद स्थानीय लोगों ने थाने में सूचना दी.

#### शराबियों के विरुद्ध कार्रवाई

**भोपाल.** निशातपुरा थाना पुलिस ने अवैध संचालित अहाता व तीन दर्जन शराबियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि सात दुकान कलारी के पास दुकानों में कुछ लोग शराब सेवन कर रहे हैं. पुलिस ने संजू यादव की दुकान, शिव इंटर प्राइजेज परचुनी दुकान अहाते में , विस्वा इंटरप्राइजेज की दुकान पर कार्रवाई की.कुल तीन दर्जन शराबियों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की गयी. ये लोग अवैध स्थान पर बैठकर शराब पी रहे थे.




#### ट्रॉफी पर महाकाल बंठन क्लब का कब्जा

**भोपाल.** नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड में आयोजित नेहरू लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी प्रतियोगिता का खिताब महाकाल बंठन क्लब ने आर-वन क्लब को फाइनल में 6 विकेट से हराकर जीता. निर्णायक मैच में राजेंद्र ठाकुर की शानदार पारी से टीम विजयी बनी, पुरस्कार वितरण मेजर नीलेश तिवारी ने किया.

# जिला डाटा मैनेजर भर्ती की प्रक्रिया शुरू

#### 30 दिसंबर से च्वाइस फिलिंग

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा संविदा जिला डाटा मैनेजर आर आई के 16 रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में विभाग द्वारा 3 सितंबर 2025 को विज्ञप्ति भी जारी की गई थी।**

इसके अनुसार भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की परीक्षा 16 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जा चुकी है। जिसेक बाद अब चयन प्रक्रिया के अगले चरण में च्वाइस फिलिंग की सुविधा एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट पर 30 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक उपलब्ध रहेगी। जिसमें अभ्यर्थियों को प्रदर्शित रिक्त पदों में से प्राथमिकता के आधार पर विकल्प भरना अनिवार्य होगा। च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे। नियुक्ति आदेश एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

#### च्वाइस फिलिंग के समय बरते सावधानी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन भरी गई च्वाइस के आधार पर तैयार सूची ही मान्य होगी। साथ ही च्वाइस फिलिंग के समय अभ्यर्थियों को सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं. यह भी बताया गया है कि मेरिट के आधार पर केवल भरे गए विकल्पों में से ही पदस्थापना का स्थान आवंटित किया जाएगा।

#### 51 कलश सिर पर लेकर चलीं महिलाएं, जमकर थिरके श्रद्धालु



**भोपाल.** संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का राजधानी के हिनोतिया क्षेत्र में शुभारंभ हो गया. कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली, जिसमें महिला श्रद्धालु 51 कलश सिर पर लेकर चलीं. वहीं यात्रा में डीजे की धुन पर श्रद्धालु थिरके. इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग भी यात्रा में शामिल हुए. इस सात दिवसीय आयोजन में व्यास पं. देवेंद्र चतुर्वेदी शास्त्री प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन करेंगे.

# 134 कैडेट आरडीसी शिविर के लिए रवाना

#### विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में होंगे शामिल

**भोपाल, 26 दिसंबर. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय की आरडीसी टुकड़ी गणतंत्रता दिवस शिविर के लिए रवाना हुई.**

गणतंत्र दिवस शिविर दल में शामिल 134 कैडेट 26 दिसंबर को नई दिल्ली में एक महीने तक चलने वाले आरडीसी शिविर के लिए रवाना हुए जहां वे विभिन्न राष्ट्रीय एनसीसी स्तर की प्रतियोगिताओं में अन्य 16 राज्य निदेशालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और विशेष रैली में भी भाग लेंगे. गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए ये कैडेट अंतिम रूप से एक सामूहिक चयन प्रक्रिया और पांच सावधानीपूर्वक नियोजित एनसीसी शिविरों से गुजरेंगे . संपूर्ण चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया को मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल जेपी सिंह और निदेशालय के स्टाफ अधिकारियों की गहन निगरानी में हुआ.




#### निर्देश — संभागायुक्त ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा की

# समय सीमा में पूर्ण करें निर्माण कार्य : संजीव सिंह

**भोपाल, 26 दिसंबर. संभागायुक्त संजीव सिंह ने निर्देश दिए समाज में महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा में आंगनबाड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं. इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए. सभी अधिकारी नियत समय-सीमा में निर्माण कार्य को पूर्ण कर संबंधित विभाग को जानकारी दें.**

इसके लिए सीईओ जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास एवं आरईएस के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का संयुक्त दल निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन



प्रस्तुत करें. संभागायुक्त संजीव सिंह ने कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में टीएल बैठक में संभाग के सभी जिला पंचायत सीईओ, महिला एवं बाल विकास डीपीओ, आरईएफ के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर्स के साथ सभी जिलों में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति की व्हीसी के माध्यम से समीक्षा की.

संभागायुक्त सिंह को इंजीनियर ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग आर के शर्मा ने जानकारी दी कि भोपाल संभाग के सभी जिलों में कुल 666 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत किए गए, जिसमें से 365 पूर्ण कर लिए गए हैं एवं शेष आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्य निर्माणाधीन प्रक्रिया में हैं. संभागायुक्त सिंह ने सभी जिलों के कार्यपालक इंजीनियर (आरईएस) से व्हीसी के माध्यम से एक-एक आंगनबाड़ी केन्द्र की प्रगति की जानकारी ली एवं एक माह में निर्माण पूर्ण करने के लक्ष्य निर्धारित किए.

उन्होंने लंबित कार्यों पर अप्रसंन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए. संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण तेजी से किया जाए, जो शिकायतें 100 दिवस से अधिक समय से लंबित हैं, उन पर विशेष ध्यान देकर निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें. लोक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाए. उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रो-एक्टिव एवं रुचि लेकर हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें. सिंह ने कलेक्टर्स- कमिश्नर्स कांफ्रेंस के बिंदुओं पर अधिकारियों से प्राथमिकता से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने किसान एवं कल्याण विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, एवं मत्स्य पालन विभाग को विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से मकान क्षति, पशु हानि संबंधी प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि देने का कार्य समय से करें. समीक्षा बैठक के दौरान व्हीसी के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायत सीईओ शामिल हुए.

# क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रक्रिया आगे बढ़ी

## संविदा क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट पदों की च्वाइस फिलिंग शुरू

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा संविदा क्लीनिकल साई कोलॉजिस्ट के 34 रिक्त पदों की पूर्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई है। मिशन की विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित परीक्षा 24 अक्टूबर 2025 को संपन्न हो चुकी है।**

जिसके लिए अब चयन प्रक्रिया के अगले चरण में संस्थावार च्वाइस फिलिंग की सुविधा एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट पर 23 दिसंबर से शुरू कर दी गई है. जो कि 28 दिसंबर तक चलने वाली है. इसके लिए अभ्यर्थियों को प्रदर्शित रिक्त पदों में से प्राथमिकता के आधार पर चयन करना अनिवार्य होगा। वहीं च्वाइस भरने में की गई किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। बता दें कि च्वाइस फिलिंग के बाद एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे। नियुक्ति आदेश एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन भरी गई च्वाइस के आधार पर तैयार सूची ही मान्य होगी। इसलिए च्वाइस भरते समय पूरी सतर्कता आवश्यक है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे एमपी ऑनलाइन वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें। किसी भी सूचना से वंचित रहने की स्थिति में मिशन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मेरिट के आधार पर केवल भरे गए विकल्पों में से ही पदस्थापना स्थान आवंटित किया जाएगा।

नवभारत

| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

# डिजिटल सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम

मध्य प्रदेश में 'ई-जीरो एफआईआर' व्यवस्था की शुरुआत केवल एक तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि पुलिस व्यवस्था की उस सोच में बदलाव का संकेत है जिसमें पीड़ित को केंद्र में रखकर नीतियां बनाई जा रही हैं. ग्वालियर में आयोजित 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट' के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किया गया यह पोर्टल साइबर अपराध से जूझते आम नागरिकों को बड़ी राहत देने वाला है. आज जब ठगी के तरीके बदल रहे हैं, अपराधियों का नेटवर्क राज्य की सीमाओं से बहुत आगे तक फैला है, ऐसे में थाना-क्षेत्राधिकार की परंपरागत बाधाओं को तोड़ने वाली यह पहल समय की मांग कही जा सकती है. जीरो एफआईआर का विचार पहले भी मौजूद था, पर इसका लाभ सीमित दायरे तक ही पहुंच पाता था. साइबर ठगी की शिकायत करने वाले अधिकतर लोग ना केवल थाने से थाने भटकते थे, बल्कि कई मामलों में देरी के कारण पैसा वापस पाने की संभावना भी खत्म हो जाती थी. ऐसे में 'ई-जीरो एफआईआर' का डिजिटल स्वरूप व्यवस्था में गति और जवाबदेही लाने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है. मध्य प्रदेश द्वारा इसे व्यावहारिक रूप देकर लागू करना स्वागत योग्य कदम है.

विशेष रूप से यह तथ्य उल्लेखनीय है कि 1 लाख रुपए से अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी पर सिस्टम स्वत: एफआईआर दर्ज कर लेगा. इससे उन मामलों में तुरंत कार्रवाई संभव होगी, जहां हर मिनट की देरी अपराधियों को फायदा पहुंचा देती है. शिकायत दर्ज होते ही डेटा भोपाल के सेंट्रल साइबर पुलिस हब को भेजा जाना और बैंक खातों को फ्रीज करने की तेज प्रक्रिया,यह दिखाता है कि सरकार ने केवल पोर्टल ही नहीं बनाया, बल्कि उसके साथ कार्रवाई का समन्वित ढांचा भी खड़ा किया है. यही कारण है कि इस व्यवस्था से लोगों का भरोसा बढ़ने की संभावना है. फिर भी, यह समझना होगा कि किसी भी तकनीक का मूल्य उसकी प्रभावशीलता में निहित होता है. शिकायत को तीन दिनों में सत्यापित करके रेगुलर एफआईआर में बदलने की प्रक्रिया पारदर्शी और सरल होनी चाहिए. यदि यहां अनावश्यक औपचारिकताएं बढ़ीं, तो यह पहल भी वही नौकरशाही जकड़न झेल सकती है, जिससे निजात दिलाने के लिए इसे शुरू किया गया है. साइबर थानों को पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित मानव बल और आधुनिक तकनीकी साधन उपलब्ध कराना अब सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए. इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि कार्रवाई केवल कागजों में दर्ज न हो, बल्कि परिणाममूलक हो. नागरिकों का अनुभव बताता है कि कई बार एफआईआर के बाद भी जांच की रफ्तार धीमी रहती है. यदि ई-जीरो एफआईआर के बाद भी पीड़ित को महीनों तक इंतजार करना पड़े, तो इस नवाचार का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा. सरकार और पुलिस तंत्र को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर शिकायत पर समयबद्ध जांच, निरंतर फॉलो-अप और पीड़ित को अपडेट देने की पारदर्शी प्रणाली विकसित हो.

साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी व्यवस्था नहीं, बल्कि जागरूकता का विषय भी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'साइबर सुरक्षित भारत' विजन और बीएनएसएस की नई व्यवस्था तभी सफल होगी, जब समाज के अंतिम पायदान तक डिजिटल साक्षरता पहुंचे. बैंकिंग, यूपीआई, फिशिंग कॉल, निवेश धोखाधड़ी जैसे खतरों के प्रति लोगों को सतर्क करना उतना ही ज़रूरी है, जितना अपराध होने के बाद एफआईआर दर्ज करना. 'ई-जीरो एफआईआर' भरोसे का एक मजबूत कदम है,पर यह शुरुआत भर है. अब लक्ष्य होना चाहिए कि साइबर अपराध न केवल दर्ज हों, बल्कि घटें भी. तकनीक, प्रशिक्षण, कानूनी सख्ती और त्वरित कार्रवाई, इन चार स्तंभों पर यदि यह व्यवस्था मजबूती से खड़ी की गई, तो मध्य प्रदेश डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय मॉडल बन सकता है.

## अमित शाह का संकेत | मध्यप्रदेश की नई सत्ता-व्यवस्था



कृष्णमोहन झा

> राजनीति में सबसे बड़ा जोखिम अस्पष्टता होती है. ग्वालियर में अमित शाह ने उसी अस्पष्टता को समाप्त किया है. अब यह साफ है कि आने वाले समय में मध्यप्रदेश की राजनीति एक नेतृत्व, एक निर्णय केंद्र और एक दिशा के सिद्धांत पर आगे बढ़ेगी. दिल्ली ने अपना संदेश दे दिया है. अब भोपाल की राजनीति की परीक्षा है. सवाल अब 'कौन मुख्यमंत्री है' का नहीं, बल्कि 'कौन इस नेतृत्व के साथ कैसे खड़ा होता है' का है. राजनीति में जो संकेत समय पर पढ़ लेता है, वही भविष्य का हिस्सा बनता है. बाकी—सत्ता की कहानी में केवल संदर्भ बनकर रह जाते हैं.

**भारतीय** राजनीति में कई बार सबसे निर्णायक घटनाएँ भाषणों से नहीं, बल्कि मौन बैठकों और प्रतीकात्मक संकेतों से तय होती हैं. ग्वालियर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हालिया दौरा भी इसी श्रेणी में आता है. इसे केवल एक सरकारी कार्यक्रम या विकास केंद्रित आयोजन मानना राजनीतिक दृष्टि से भारी भूल होगी. दरअसल, यह दौरा मध्यप्रदेश की भविष्य की सत्ता-संरचना और नेतृत्व के स्थायित्व पर अंतिम मुहर लगाने वाला साबित हुआ है.

ग्वालियर के ताज होटल के मराठा सूट में अमित शाह और वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई एकांत चर्चा, उसके बाद प्रदेश के अन्य दिग्गज नेताओं से अलग-अलग संवाद, और फिर मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुक्त कंठ से की गई प्रशंसा—यह पूरा क्रम किसी संयोग का परिणाम नहीं था. यह एक सुनियोजित राजनीतिक पटकथा थी, जिसका उद्देश्य भोपाल की राजनीति को यह स्पष्ट रूप से समझाना था कि अब सत्ता की धुरी, दिशा और निर्णय केंद्र कहां स्थित है.

कैलाश विजयवर्गीय केवल एक वरिष्ठ नेता नहीं हैं, बल्कि वे भाजपा के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठन और सरकार—दोनों में शक्ति संतुलन के कई दौर देखे हैं. अमित शाह के साथ उनकी एकांत बैठक को इस दृष्टि से देखना चाहिए कि पार्टी नेतृत्व अब पुराने अनुभव और नए नेतृत्व के बीच किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति को समाप्त करना चाहता है. इसके बाद मंच से मुख्यमंत्री मोहन यादव की जिस तरह प्रशंसा की गई, वह केवल उनके कार्यों की सराहना नहीं थी. वह उन सभी राजनीतिक अटकलों पर विराम था, जो यह मानकर चल रही थीं कि नेतृत्व का केंद्र कहीं और से संचालित हो सकता है. दिल्ली ने यह साफ कर दिया कि *मध्यप्रदेश में अब सत्ता का एक ही चेहरा है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव.

अमित शाह की शैली को समझने वाले जानते हैं कि वे सार्वजनिक मंच से बिना कारण किसी की तारीफ नहीं करते. उनकी हर प्रशंसा के भीतर संगठनात्मक अनुशासन का संदेश छिपा होता है. ग्वालियर से दिया गया यह संदेश केवल मुख्यमंत्री के समर्थन का नहीं था, बल्कि पार्टी के भीतर मौजूद सभी संभावित शक्ति-केंद्रों के लिए भी था. यह संकेत था कि अब समानांतर राजनीति, अलग-अलग गुटों की सक्रियता या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए सीमित स्थान है. हाईकमान चाहता है कि प्रदेश में राजनीति समन्वय, स्पष्ट नेतृत्व और अनुशासन के सिद्धांत पर आगे बढ़े.

राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को अब 'फ्री हैंड' मिलने जा रहा है. लेकिन इसका अर्थ केवल प्रशासनिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है. राजनीति में फ्री हैंड का मतलब होता है— निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता, और उन निर्णयों की पूरी जवाबदेही.

यह वही भरोसा है, जो केंद्रीय नेतृत्व केवल तब देता है, जब उसे लगता है कि नेतृत्व प्रयोग नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश* है. अमित शाह का खुला समर्थन इस बात का संकेत है कि पार्टी अब मध्यप्रदेश में अस्थिरता या प्रयोग की राजनीति से आगे बढ़कर स्थायित्व चाहती है. अब सवाल यह नहीं है कि मुख्यमंत्री कौन है—यह तय हो चुका है. असली सवाल यह है कि भविष्य के सत्ता-समीकरण कैसे आकार लेंगे.

पहला, संगठन और सरकार के बीच संतुलन अब स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री के पक्ष में झुका हुआ दिखाई देता है. इसका मतलब यह नहीं कि संगठन कमजोर होगा, बल्कि यह कि संगठनात्मक निर्णय और सरकारी निर्णय एक ही दिशा में चलेंगे.

दूसरा, वे नेता जो अब तक अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर असमंजस में थे, उन्हें यह संदेश मिल चुका है कि आगे बढ़ने का रास्ता मुख्यमंत्री के साथ समन्वय से होकर ही जाता है. अलग-थलग चलने की राजनीति अब लाभकारी नहीं रहेगी.

तीसरा, मंत्रिमंडल और प्रशासनिक संरचना में भी आने वाले समय में ऐसे संकेत दिख सकते हैं, जो यह दर्शाएँ कि मुख्यमंत्री को नीतिगत और प्रशासनिक फैसलों में अधिक स्वतंत्रता दी जा रही है. यह बदलाव धीरे-धीरे लेकिन स्थायी होगा.

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनैतिक विश्लेषक हैं )**

ग्वालियर चंबल डायरी

## एमपी ग्रोथ समिट : ग्वालियर को विकास के नक्शे पर चमकाने की कवायद



हरीश दुबे

**विगत** कुछ माह से प्रतिपक्ष के साथ सत्तापक्ष की ओर से भी सार्वजनिक मंचों से खुलकर इस बात पर नाराजगी जताई जाती रही है कि विकास की दौड़ में प्रदेश के अन्य महानगरों की तुलना में ग्वालियर काफी पिछड़ गया है जबकि इस शहर से सशक्त राजनीतिक नेतृत्व प्रदेश की सत्ता में प्रभावी है. खुद सिंधिया खेमे के मंत्री 1956 में मप्र के गठन के दौर की याद करते हुए कहते रहे हैं कि तब प्रदेश के चारों राजभोगी शहरों में विकास से जुड़े हर मामले में ग्वालियर आगे था लेकिन आज अपने इन प्रतिस्पर्धी शहरों की तुलना में काफी पिछड़ गया है.

अब लगता है कि प्रदेश में दो वर्ष से सत्तारूढ़ मोहन यादव सरकार ग्वालियर के मामले में गंभीर है और इस ऐतिहासिक शहर का वही सत्तर साल पुराना वैभव लौटाने के उपक्रम में जुटी है. अटलजी की जयंती पर अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट के राज्यस्तरीय आयोजन के लिए ग्वालियर के चयन से यही जाहिर होता है. समिट के दौरान दो लाख करोड़ की प्रस्तावित एवं प्रगतिशील औद्योगिक इकाईयों का भूमि-पूजन, मुकम्मल हो चुके प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण, निवेश प्रस्तावों से जुड़े लाभार्थियों का सम्मान तथा रोजगार-केंद्रित पहलों का प्रजेंटेशन तो हुआ ही, उम्मीद बढ़ी है कि यह मंच सरकार, उद्योग जगत और युवाओं के मध्य संवाद को सशक्त बनाते हुए भविष्य में ग्वालियर चंबल में निवेश को गति और रोजगार को स्थायित्व भी प्रदान करेगा.



मोहन यादव के सीएम बनने के बाद से ग्वालियर में दो महत्वपूर्ण बिजनेस कॉन्क्लेव हुए हैं, अगस्त 2024 में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और अगस्त 2025 में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव प्रमुख हैं, जहाँ इस क्षेत्र में निवेश और औद्योगिक विकास पर चर्चा हुई थी, लगभग 3500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए थे, ग्वालियर चंबल को प्रदेश के नए पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने का भी सिला बना. आज हुई अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट से भी कुछ ऐसी ही उम्मीदें ग्वालियरवासियों ने लगा रखी थीं. कह सकते हैं कि काल के कपाल पर आज जो इबारत लिखी गई है, वह खुशनुमा नतीजों के साथ जल्द ही अंजाम तक पहुंचेगी.

### ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी होते ही कांग्रेस में पड़ गई फूट

प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल का दौर चल रहा है. प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने दो साल के कार्यकाल के अंतिम दिनों में 780 नए ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की, जिसका उद्देश्य पार्टी को मजबूत बनाना बताया गया लेकिन सूची जारी होते ही ग्वालियर चंबल क्षेत्र के तमाम जिलों में असंतोष सामने आया. यहां पार्टी के पुराने गुटों के बीच तनातनी फिर तेज हो गई. जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय और कमलनाथ के बीच लंबे समय से गुटबाजी चली आ रही है और ब्लॉक स्तर की नियुक्तियां इस गुटबाजी का नया केंद्र बनी हैं. इसी गुटबाजी का नतीजा है कि ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी होते ही उस वक्त ग्वालियर में कांग्रेस झटका लगा जब बैरजा मंडल के अध्यक्ष केदार कौशल ने पद लेने से ही इंकार कर दिया. कुछ और विधानसभा क्षेत्रों में भी ऐसे ही हालात बने, जाहिर है कि इससे पार्टी में चिंता है. हालांकि पार्टी के नेताओं ने इस मामले पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन बेरजा ब्लॉक के नए अध्यक्ष द्वारा पद ठुकराने से संगठन में अंदरूनी तनाव और अधिक बढ़ने की आशंका है.

### चुनाव से डेढ़ साल पहले प्रभारी मंत्री ने पार्षदों को दी ताकत

ग्वालियर निगम के चुनाव में अब सिर्फ डेढ़ वर्ष बचा है. साढ़े तीन वर्ष तक अपनी हालत सुधारने में व्यस्त रहे पार्षदों को एकाएक अपने क्षेत्र की चिन्ता गहरा गई है. प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने भाजपा पार्षद दल की खास बैठक बुलाई तो सत्तारूढ़ दल के पार्षदों की चिंताएं और असंतोष खुलकर सामने आया.

### सिंधिया को राजा साहब की पदवी

ज्योतिरादित्य सिंधिया को तत्कालीन ग्वालियर रियासत की परंपरा में महाराज की पदवी प्राप्त है. इस पदवी की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भले ही कोई प्रासंगिकता न हो लेकिन आज एमपी ग्रोथ समिट में अमित शाह ने अपने भाषण के आरंभ में सिंधिया को राजा साहब कहकर भाजपा में उनके कद को और ऊंचा कर दिया, वह भी तब जबकि स्थानीय पार्टी संगठन में उनका नरेन्द्र सिंह तोमर से कोल्डवार चल रहा है.

## रेगिस्तान बढ़ने से रोक रहा अरावली

विगत 30 वर्षों से अवैध खनन से अरावली पहाड़ियों को खतरे का मामला उठता रहा है. यह अच्छा हुआ कि केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु मंत्रालय ने दिल्ली से गुजरात तक फैली अरावली रेंज में नई खनन लीज देने पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश दिया. यह भी निर्देश दिया गया कि जो खदानें पहले से चल रही हैं उन्हें पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी. अरावली पर्वत श्रृंखला को माइनिंग द्वारा नष्ट करने के खिलाफ राजस्थान के अनेक क्षेत्रों में प्रदर्शन होते रहे हैं. 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे कराया था जिसमें कहा गया था कि अरावली अपनी एक चौथाई पहाड़ियां खो चुका है. यदि अरावली नष्ट हो गया तो रेगिस्तान बढ़कर गंगा-यमुना के कछार तक आ जाएगा और दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण चरम पर पहुंचेगा. 1996 के एमसी मेहता मामले में दिए गए फैसले के अनुसार जनता को प्रकृति के विनाश से संरक्षण मिलना चाहिए. गत वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने पहाड़ियों की वैज्ञानिक परिभाषा सुनिश्चित करने के लिए समिति गठित करने का केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को निर्देश दिया था. समिति ने अक्टूबर में रिपोर्ट पेश की. इसमें कहा गया कि 100 मीटर या उससे ऊंचाई के टीलों को पर्वत का हिस्सा माना जा सकता है. इस परिभाषा को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया और प्रदर्शन होने लगे. भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग ने वन मंत्रालय को बताया कि 100 मीटर ऊंचाई का पैमाना लागू किया तो अरावली की 20 मीटर या उससे ज्यादा ऊंची 12,081 पहाड़ियां खतरे में आ जाएंगी. यह पहाड़ियां अरावली का 91.3 प्रतिशत हिस्सा हैं और राजस्थान के 15 जिलों में फैली हैं. विशेषज्ञ एजेंसियों ने अरावली के विनाश पर गहरी चिंता जताई है. अनियंत्रित माइनिंग से पहाड़ियां गायब की जा रही हैं. पर्यावरणविदों तथा जनता की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए. केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु मंत्रालय ने इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन से अरावली के उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है जहां माइनिंग पर रोक लगाई जानी चाहिए. विस्थापितों के पुनर्वास के उपाय बताने को भी कहा गया है.



संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

निशानेबाज

## आगे बढ़ रहा अपना नेशन नई पीढ़ी है बीटा जनरेशन

**पड़ोसी** ने हमसे कहा, 'निशानेबाज, 2025 की समाप्ति के साथ ही इस 21वीं शताब्दी का चौथाई या वन फोर्थ हिस्सा पूरा हो जाएगा. देखते ही देखते वक्त बीत जाता है. समय किसी के लिए नहीं रुकता. इंसान नए वर्ष के लिए नए संकल्प या रेजोल्यूशन करता है जैसे कि मार्निंग वाक शुरू करूंगा, मद्यपान या तंबाकू का सेवन छोड़ दूंगा लेकिन आमतौर पर यह संकल्प टिक नहीं पाते.'

हमने कहा, 'इस बात पर भी गौर कीजिए कि सन 2000 में जन्म लेनेवाला बच्चा अब 25 साल का जवान पट्ठा बन चुका है. पीढ़ियां या जनरेशन बदलती चली जा रही हैं. आप हमें बताइए कि इन पीढ़ियों या जनरेशन के लिए अंग्रेजी में क्या नाम हैं?'

हमने कहा, '1928 के पूर्व पैदा होनेवाले और अब भी जीवित बुजुर्गों को आप ग्रेटेस्ट जनरेशन कह सकते हैं. 1928 में जन्में बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी इसी श्रेणी में आते हैं. इसके बाद 1928 से 1945 के बीच जन्म लेनेवाली साइलेंट जनरेशन है. जो अमिताभ बच्चन वाली पीढ़ी है. 1946 से लेकर 1964 के बीच जन्मे लोग बेबी बूमर्स कहलाते हैं. इसकी वजह यह है द्वितीय विश्वयुद्ध 1945 में खत्म होने के बाद दुनिया की आबादी इन 20 वर्षों में तेजी से बढ़ी. 1965 से 1980 के बीच जन्म लेनेवाले जेन एक्स कहलाते हैं. 1981 से 1996 के दौरान जन्मे लोग मिलेनियल्स या जेन वाय हैं. 1997 से 2012 के बीच पैदा होनेवाले जेन जेड हैं. इसे अमेरिकन इंग्लिश में जेन जी कहा जाता है. इसके बाद 2024 तक जन्म लेनेवाले बच्चे जेन अल्फा हैं. 2025 से 2039 तक पैदा होनेवाले बच्चे जेन बीटा कहलाएंगे.'




पड़ोसी ने कहा, 'भारत में ऐसा वर्गीकरण नहीं है. यहां शिशु, बालक, किशोर, नौजवान, जवान, प्रौढ़ या अधेड़, वृद्ध और फिर वयोवृद्ध की श्रेणियां हैं. रॉक हडसन और जीना लोलोब्रिगिडा की 1962 में आई फिल्म कम सेप्टेंबर का गीत था 'मल्टीप्लिकेशन इज द नेम आफ गेम एंड ईच जनरेशन प्लेज द सेम'. हिंदी में गीत है- देख इधर देख तेरा ध्यान कहां है, सिर पे बुढ़ापा है, मगर दिल तो जवां है.'

शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

### CROSS WORD 12123 -डॉ. सागर खादीवाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ | 9 | |
| ■ | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ |
| 11 | 12 | 13 | ■ | ■ | 14 | 15 | 16 |
| 17 | | | ■ | ■ | 18 | | |
| ■ | ■ | ■ | 19 | 20 | ■ | ■ | ■ |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | ■ | 24 | 25 |
| 26 | | ■ | 27 | | ■ | 28 | |

**बाएं से दाएं**
1. कथा, प्रशंसा 3. अस्थिर, चंचल, चलायमान, जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकता हो 5. कोलाहल, जोर की आवाज 7. पानी, जन्मकुंडली में चौथा स्थान 8. पत्र आदि पर लिखा किसी का नाम और रहने की जगह 9. किसी बिक्री की वस्तु का मूल्य, दर 10. एक सी वस्तुओं की माला 11. स्थान 14. निरपेक्ष, परस्पर विरोधी पक्षों से अलग रहने वाला 17. जिसकी (पानी) थाह बहुत नीचे हो, जिसका विस्तार नीचे की ओर अधिक हो 18. बलवान, जिसके साथ सेना हो 19. समीप, निकट 21. वय, उम्र 23. घरों की दो पंक्तियों के मध्य का पतला एवं संकरा मार्ग 24. क्षुधा, खाने की इच्छा 26. आक्रमण, चढ़ाई, दौड़ 27. होंठ (उर्दू) 28. निशा, रजनी

**ऊपर से नीचे**
1. बिजली की कड़क, बिजली 2. बड़ी थाली 3. चंचल, स्थिर न रहने वाला 4. झिड़की 5. सजावट, सुंदरता, कांति 6. ध्वनि, गुंजार, आवाज 11. संसार 12. ग्रहण करने या पकड़ने की क्रिया या भाव 13. सब्ज, घास या पत्तियों के रंग का 14. तैसा, वैसा 15. पानी रखने का बड़ा बर्तन (अं.) 16. जगह, भूमि. 19. विक्षिप्त 20. सूली, ईसा मसीह को सूली देने की टिकटी 21. दो समान भागों में से एक, अर्ध 22. युवक, जवान 24. मिट्टी की तरह मटमैला रंग, गोरा 25. पत्र (उर्दू)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | य | ति | वा | द | ■ | अ | ष्ट |
| शा | म | ■ | ता | क | झाँ | क | ■ |
| नी | ■ | च | य | न | ■ | थ | र |
| ■ | सु | म | न | ■ | सु | नी | ति |
| च | र | क | ■ | स | रा | य | ■ |
| ह | ■ | ना | र | द | ■ | ■ | बु |
| क | मी | ■ | म | न | मो | ह | न |
| ना | रा | य | ण | ■ | ची | र | ना |

## ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

### आज जिनका जन्मदिन है

वर्ष के प्रारंभ में कार्यो की शुरूआत होगी, भूमि भवन आदि का सुख प्राप्त मिलेगा, वर्ष के मध्य में नई योजनाओं पर विचार विमर्श होगा, अधिकारियों के सहयोग से समाज में प्रभाव बना रहेगा, वर्ष के अन्त में आर्थिक कमी के कारण योजनायें वाधित होंगी, शिक्षा में अचानक व्यवधान आयेगा, आकस्मिक यात्रा में व्यय होगा.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को भूमि भवन आदि की प्राप्ति होगी, वृष और तुला राशि के व्यक्तियों की नई योजना पर विचार विमर्श होगा, कर्क और सिंह राशि के व्यक्तियों को कार्यो में व्यवधान आ सकता है, मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को संयम से काम लेना हितकर रहेगा, मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों की आर्थिक उन्नति होगी, धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को निजी कार्यो की रूपरेखा बनेगी.

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिया बालक सुन्दर, सुशील, व्यक्तित्वान होगा. बचपन में स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा. स्वाभाव से चंचल और जिद्दी होगा. अपनी मनमर्जी का मालिक होगा. खेलों के प्रति अधिक रूचि रखेगा. किसी कला के क्षेत्र में उन्नति करेगा.

**मेष**- विवादास्पद मामलों से अभी आप दूर रहें, रोगी के कार्यो में खर्च होगा, किसी उत्सव में जाने का अवसर मिलेगा, मांगलिक कार्यो पर विचार होगा.

**वृषभ**- आप किसी के साथ मिलकर नई साझेदारी कर सकते हैं, कामकाज पूरा होगा, कोर्ट कचहरी के कार्यों में सफलता प्राप्त होगी, व्यवसाय लाभप्रद रहेगा.

**मिथुन**- दूसरों की पूँजी का उपयोग कर आप अच्छा लाभ कमा सकते हैं, धन के स्त्रोत बढेंगे, कुटुम्बियों से सुख प्राप्त होगा, सम्मान प्राप्त होगा.

**कर्क**- परिवार में समझौते करके चलना लाभकारी रहेगा, घरेलू यात्रा का योग है, अनावश्यक कार्यो में समय खर्च होगा, दौड़धूप करना पड़ेगी.

**सिंह**- करीबी रिश्तेदारों की चिन्ता होगी, शुभ कार्यो की शुरूआत संभव है, निजी पुरूषार्थ की प्राप्ति होगी, व्यापार व्यवसाय लाभप्रद रहेगा, उन्नति होगी.

**कन्या**- मित्र या रिश्तेदार की मदद करना होगी, राजकीय कार्यो में सफलता मिलेगी, नौकरी में लाभ होगा, मनोरंजक स्थल की सैर होगी.

**तुला**- पैतृक संपत्ति संबंधी विवाद सामने आ सकते हैं, महत्वपूर्ण निर्णय अभी टाल दें, कोई समस्या दूर होगी, व्यापार व्यवसाय लाभप्रद रहेगा.

**वृश्चिक**- महत्वपूर्ण कार्य अटक सकते हैं, सावधानी रखकर कार्य करें, समय का सदुपयोग करें, किसी तरह की चोट मोच से शारीरिक कष्ट हो सकता है.


**धनु**- घर की साज सज्जा नवीनीकरण का मन बनेगा, उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा, पारिवारिक चिन्ता रह सकती है, कार्यो में प्रगति होगी.

**मकर**- आप योजनाओं को समय से पहिले पूरा कर सकते हैं, जिससे अच्छा लाभ होगा, शत्रुओं पर विजय मिलेगी, व्यर्थ की चिन्ता रह सकती है.

**कुम्भ**- कार्यक्षेत्र में सफलता के लिये नई तकनीक सीख सकते हैं, लेखनादि के कार्यो मे सफलता मिलेगी, संतान प्राप्ति एवं सुख प्राप्ति का योग है.

**मीन**- नये कारोबार का मन बन सकता है, वाहनादि का सुख प्राप्त होगा, भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी, खर्च की अधिकता रहेगी.

### उदयकालीन ग्रह चाल




### पंचांग

रा.मि. 06 संवत् 2082 पौष शुक्ल सप्तमीं शनिवासरे दिन 8/53, उत्तराभाद्रपद नक्षत्रे रात 4/57, व्यतिपात योगे दिन 9/41, वणिज करणे सू.उ. 6/47, सू.अ. 5/13, चन्द्रचार मीन, शु.रा. 12, 2, 3, 6, 7, 10 अ.रा. 1, 4, 5, 8, 9, 11 शुभांक- 5, 7, 1.

### व्यापार भविष्य

पौष शुक्ल सप्तमीं को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के प्रभाव से गेहूँ, जौ, चना, बाजरा के भाव में जोरदार तेजी होगी, गुड़ खांड़, में नरमी का रूख रहेगा, बादाम कन्या, के भाव में समता रहेगी. भाग्यांक 1415 है.

### SUDOKU 7255

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

नवभारत सू-दोकू 7254

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# 20 बहादुर बच्चों को मिले बाल पुरस्कार

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने असाधारण उपलब्धियों के लिए किया सम्मानित

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में 18 राज्यों के 20 साहसी बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है.**

राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में इन बच्चों के उनके असाधारण कार्यों के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये. राष्ट्रपति ने पुरस्कार पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार विजेता बच्चों ने अपने परिवारों, अपने समुदायों और पूरे देश को गौरवान्वित किया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मान पाने वाले इन बच्चों से देश के अन्य सभी बच्चे प्रेरित होंगे. राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग 320 वर्ष पूर्व,



सिख पंथ के दसवें गुरु और सभी भारतवासियों के लिए पूजनीय गुरु गोबिन्द सिंह जी और उनके चारों बेटों ने सत्य और न्याय के पक्ष में युद्ध और संघर्ष करते हुए बलिदान दिया था. इस दिन हम सब उनके दो सबसे छोटे साहिबज़ादों का स्मरण करते हैं जिनकी वीरता का सम्मान देश-विदेश में किया जाता है.


राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि सभी पुरस्कार विजेता बच्चों ने अलग-अलग क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिये हैं. वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, नवोचार, विज्ञान तथा तकनीकी, समाज-सेवा और खेल-कूद जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आपकी असाधारण बाल-प्रतिभा का परिचय प्राप्त हुआ है. उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पुरस्कार पाने वाले बच्चों ने वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है. उनका कहना था कि सात वर्षीय वाका लक्ष्मी प्रग्निका जैसे प्रतिभाशाली बच्चों के कारण ही भारत विश्व पटल पर शतरंज की महाशक्ति माना जाता है. अजय राज और मोहम्मद सिदान पी. ने अपनी वीरता और सूझबूझ से दूसरों की जान बचाकर अत्यंत प्रशंसनीय काम किया है. इसी तरह से नौ वर्षीय बेटी व्योमा प्रिया और ग्यारह वर्षीय बहादुर बेटे कमलेश कुमार ने अपने साहस से दूसरों की जान बचाते हुए अपने प्राण गंवा दिए. राष्ट्रपति ने कहा कि यह गौरव की बात है कि दस वर्षीय श्रवण सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्ध से जुड़े जोखिमों के बावजूद अपने घर के पास सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों को नियमित रूप से पानी, दूध और लस्सी पहुंचाई. वहीं, दिव्यांग बेटी शिवानी होसुरु उप्पारा ने आर्थिक और शारीरिक सीमाओं को पार करते हुए खेल जगत में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं.

# सुपरपावर नहीं, विश्वगुरु बने भारत : भागवत

**तिरुपति से आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा संदेश**

**तिरुपति, 26 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति में आयोजित भारतीय विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर कहा कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और देश का आगे बढ़ना तय है.**

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का लक्ष्य केवल एक सुपरपावर बनना नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला 'विश्वगुरु' बनना होना चाहिए. मोहन भागवत ने विज्ञान और धर्म के संबंधों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि दोनों के बीच कोई वास्तविक टकराव नहीं है. उन्होंने कहा कि विज्ञान और धर्म अलग-अलग मार्गों से चलते हुए



भी एक ही सत्य की खोज करते हैं और उनकी मंज़िल एक ही है. आरएसएस प्रमुख ने स्पष्ट किया कि भारत की विकास अवधारणा का मूल आधार धर्म है, लेकिन धर्म का अर्थ केवल पूजा-पद्धति या मजहब नहीं, बल्कि वह सिद्धांत है जिससे प्रकृति और संपूर्ण ब्रह्मांड संचालित होता है. उन्होंने समाज से पुराने और नए, दोनों तरह के अंधविश्वासों से मुक्त होने का आह्वान किया.

भागवत ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कई प्राचीन मंदिर अपनी वैज्ञानिक और मजबूत संरचना के कारण सुरक्षित रहते हैं, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान की शक्ति को दर्शाता है. कृषि और स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत में हजारों वर्षों तक पारंपरिक खेती से भूमि सुरक्षित रही, लेकिन आधुनिक दौर में रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग ने गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर दी हैं. उन्होंने पंजाब से जयपुर तक चलने वाली तथाकथित कैंसर ट्रेन का उल्लेख करते हुए इसे चिंताजनक बताया. इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहे.

# स्वदेशी हथियार प्रणाली पर सरकार का फोकस

**भारतीय सेना व नौसेना-वायुसेना को बड़ी मजबूती**

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च खरीद संस्था रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में कई अहम स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं को मंजूरी दिए जाने की संभावना है.**

इस बैठक का मुख्य फोकस भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की क्षमताओं को आधुनिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना रहा. सूत्रों के



अनुसार, डीएसी की बैठक में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र को हवाई खतरों से सुरक्षित रखने के लिए स्वदेशी एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली, सेना की ड्रोन क्षमताओं में इजाफा, नौसेना के युद्धपोतों की सुरक्षा और वायुसेना के लिए आधुनिक मिसाइल प्रणालियों पर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं. सरकार का जोर रक्षा तैयारियों को मजबूत करने पर है.

लोइटरिंग मुनिशन्स, पिनाका रॉकेट, एस्ट्रा मार्क-2 मिसाइल और टी-90 टैंकों के नवीनीकरण जैसे प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है. इन फैसलों से भारत की रक्षा क्षमता को नई मजबूती मिलने के साथ-साथ घरेलू रक्षा उद्योग को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है. रक्षा मंत्रालय की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए कई रणनीतिक और स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं को मंजूरी देने पर चर्चा हुई.

# पाठक ने पीएम को दिया नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप का निमंत्रण

**लखनऊ/दिल्ली, 26 दिसंबर.** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हे चार से 11 जनवरी तक वाराणसी में आयोजित होने वाली नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.

# सोनिया-राहुल ने डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की.**

उन्होंने कहा कि मनमोहन ने देश के आर्थिक विकास को जो दिशा दी वह भारत की समृद्धि का मजबूत आधार बन गया है. मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर डॉ सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर, हम भारत के राष्ट्र निर्माण में उनके अपार योगदान को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं. एक परिवर्तनकारी नेता के रूप



में, उन्होंने देश के आर्थिक पथ को नया रूप दिया और आर्थिक सुधारों के माध्यम से लाखों लोगों के लिए अवसरों का विस्तार किया तथा लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला. अपनी विनम्रता, सत्यनिष्ठा और बुद्धिमत्ता के लिए विख्यात डॉ सिंह ने गरिमा और करुणा के साथ देश का नेतृत्व किया.

उन्होंने कहा डॉ. मनमोहन का देश की सभी नागरिकों के लिए अधिकार-आधारित प्रतिमान इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है. हमने उनके दृष्टिकोण के तहत एक मजबूत भारत का निर्माण किया. हम एक ऐसे राजनेता को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिनकी ईमानदार सार्वजनिक सेवा और स्थायी सुधारों की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी. राहुल गांधी ने कहा डॉ. सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि. अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया.

# नबीन ने गुरुद्वारा बंगला साहब में की प्रार्थना



**नई दिल्ली, 26 दिसम्बर.** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन शुक्रवार को यहां स्थित गुरुद्वारा बंगला साहब पहुंचे और प्रार्थना की. इस दौरान श्री नबीन के दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक संजय मयूख भी मौजूद थे.

## एक नजर में



### सऊदी युद्धक विमानों ने यमन में किया हमला

**एडन, यमन, 26 दिसंबर.** सऊदी युद्धक विमानों ने शुक्रवार को यमन के दक्षिण-पूर्वी तेल-समृद्ध प्रांत हद्रामौत में दक्षिणी ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) से संबद्ध सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए. एसटीसी हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी गठबंधन का हिस्सा है. एक स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि कई हवाई हमलों ने एसटीसी से संबद्ध एलीट हदरमी सुरक्षा इकाइयों की स्थितियों को निशाना बनाया. उन्होंने कहा कि ये हमले सऊदी अरब द्वारा एसटीसी से हद्रामौत से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने की मांग के एक दिन बाद हुए, और इन हवाई हमलों को एक अभूतपूर्व घटनाक्रम बताया. अधिकारी के अनुसार, हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ और सैन्य उपकरणों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा.

### पाक ने एलओसी पर एंटी-ड्रोन सिस्टम किए तैनात

**इस्लामाबाद, 26 दिसंबर.** पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किये है. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय ड्रोन हमलों से हुए नुकसान के बाद पाकिस्तान अब नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत करने में जुट गया है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने एलओसी के पास 30 से अधिक एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए हैं। इन सिस्टम्स का उद्देश्य भारतीय ड्रोन गतिविधियों को समय रहते पहचानना और निष्क्रिय करना है। यह तैनाती मुख्य रूप से पाकिस्तानी सेना की 12वीं इंफेंट्री डिवीजन द्वारा की जा रही है, जिसका मुख्यालय मर्री में स्थित है. 23वीं इंफेंट्री डिवीजन भी इस अभियान में सक्रिय है, जिसके अंतर्गत कोटली और भिंबर सेक्टर आते हैं. यही वे इलाके हैं जहां भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने तुर्किये निर्मित बायकर और यिहा ड्रोन, साथ ही चीन में बने ड्रोन का इस्तेमाल किया था. हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम ने इन हमलों को काफी हद तक नाकाम कर दिया. जवाबी कार्रवाई में भारत ने इजरायली तकनीक से लैस हेरोप और हार्पी जैसे कामिकाजे ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिन्हें रोकने में पाकिस्तान का एयर डिफेंस पूरी तरह विफल रहा. सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम पाकिस्तान की उस रणनीतिक कमजोरी को दर्शाता है, जो आधुनिक युद्ध में तकनीक की कमी के कारण सामने आई. भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए यह संकेत दे दिया था कि वह आतंक के खिलाफ तकनीकी बढ़त के साथ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है. वहीं, पाकिस्तान की मौजूदा तैयारियां उसके रक्षात्मक और प्रतिक्रियात्मक रवैये को उजागर करती हैं.

## आज का इतिहास

1797 उर्दू-फारसी के प्रख्यात कवि मिर्जा ग़ालिब का जन्म हुआ.

1861 कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहली बार चाय की सार्वजनिक बोली संपन्न हुई.

1911 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के दौरान पहली बार 'जन गण मन' गाया गया.

1934 पर्सिया के शाह ने पर्सिया का नाम बदलकर ईरान करने की घोषणा की.

1937 भारत के राजनेता तथा हिन्दी साहित्यकार शंकर दयाल सिंह का जन्म हुआ.

1939 तुर्की में आये भूकंप से लगभग चालीस हजार लोगों की मौत हुई थी.

# अरविंद केजरीवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाई

**उर्स पर केजरीवाल ने मांगी अमन-चैन की दुआ**

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के 814वें सालाना उर्स के मौके पर अजमेर शरीफ दरगाह में पवित्र चादर पेश की. इस दौरान उन्होंने देश की तरक्की, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी. केजरीवाल ने सूफी परंपरा की उस साझा संस्कृति को नमन किया, जो इंसानियत, मोहब्बत और एकता का संदेश देती है. उनके इस दौरे



को सामाजिक सौहार्द और धार्मिक एकता के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है. अजमेर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ख्वाजा गरीब नवाज के 814वें सालाना उर्स के अवसर पर अजमेर शरीफ दरगाह में पवित्र चादर चढ़ाई.

# एमईए ने दिखाया यूनुस सरकार को आईना

**बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर भारत की कड़ी निंदा**

**विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर ने की निष्पक्ष चुनाव की अपील**

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर.** भारत ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए हिंदू समुदाय के एक और व्यक्ति दीपू चंद्र दास की हत्या की घोर निंदा की है और कहा है कि इसमें शामिल अपराधियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां शुक्रवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के



जवाब में कहा कि बंगलादेश में अल्पसंख्यकों हिन्दुओं, ईसाइयों और बौद्ध समुदाय के लोगों पर अत्याचार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगलादेश के मैमनसिंह में एक और हिंदू दीपू दास की हत्या चिंता का विषय है और भारत इसकी घोर निंदा करता है. उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के लिए दोषी लोगों को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए.

उन्होंने कहा कि बंगलादेश में अंतरिम सरकार बनने के बाद से अब तक हत्या, आगजनी और जमीन हड़पने की 2900 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को मीडिया में आई बढा चढा कर कही गई बातें या राजनीतिक हिंसा कहकर नजरंदाज नहीं किया जा सकता। बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता तारिक रहमान की बंगलादेश वापसी के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि भारत वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव का पक्षधर है। इसके साथ ही भारत स्थिर और शांतिपूर्ण बंगलादेश चाहता है.

# मस्जिद परिसर से जुड़े विवाद में हालात बेकाबू

**जयपुर के चौमू में तनाव पुलिस पर पथराव**

**जयपुर, 25 दिसंबर. जयपुर जिले के शांत माने जाने वाले चौमू कस्बे में शुक्रवार देर रात अचानक हालात बेकाबू हो गए. मामूली प्रशासनिक कार्रवाई देखते ही देखते सांप्रदायिक तनाव में तब्दील हो गई.**

मस्जिद परिसर के पास सड़क किनारे लंबे समय से पड़े पत्थरों को हटाने का कार्य चल रहा था, जिसे लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हुआ. विरोध इतना बढ़ गया कि आधी रात के बाद माहौल हिंसक हो गया और पुलिस पर पत्थरबाजी की गई. घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया. हालात पर काबू पाने के



लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा. कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और कुछ घंटों की मशक्कत के बाद हालात को नियंत्रण में लिया गया. एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. अफवाहों को रोकने और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन ने इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध भी लगा दिया है. यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि छोटी-सी प्रशासनिक कार्रवाई कैसे बड़े सांप्रदायिक तनाव का रूप ले सकती है.

# पीएमयूवाई लाभार्थी बढ़कर 10 .35 करोड़

**उज्ज्वला योजना से गैस पहुंच मजबूत**

**पीएमयूवाई में सब्सिडी कवरेज का विस्तार**

राउंड अप 2025

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत सब्सिडी पाने वाले लाभार्थियों की संख्या इस वर्ष में बढ़कर 10.35 करोड़ तक पहुंच गई है.**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को सस्ती और सुरक्षित एलपीजी गैस उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रगति हुई है. सरकार की ओर से 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है, जिससे स्वच्छ ईंधन की पहुंच और घरेलू जीवन स्तर में सुधार हुआ है. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत सब्सिडी का लाभ उठाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 2025 में बढ़कर 10.35 करोड़ हो गई है. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को 14.2 किलो के एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है, जिसे एक परिवार साल में अधिकतम नौ सिलेंडरों तक प्राप्त कर सकता है. मंत्रालय के अनुसार, देश में एलपीजी की खपत में भी



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। योजना के पहले चरण में सरकार ने 8 करोड़ मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा था, जिसे वर्ष 2019 तक सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इसके बाद अगस्त 2021 में उज्ज्वला 2.0 की शुरुआत हुई, जिससे योजना का दायरा और बढ़ा। सरकार के ताजा आंकड़ों के अनुसार अब तक देशभर में 10.33 करोड़ से अधिक परिवार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ उठा चुके हैं। हालिया फैसलों के बाद यह संख्या 10.58 करोड़ के पार जाने की उम्मीद है, जिससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक रसोई गैस की पहुंच और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेजों की जरूरत होती है। इसमें आवेदक महिला का आधार कार्ड और राशन कार्ड अनिवार्य है, जबकि बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्र और बीपीएल कार्ड भी आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेजों में शामिल हैं.

उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. वित्त वर्ष 2019-20 में प्रति परिवार औसत खपत जहां तीन सिलेंडर थी, वहीं यह 2024-25 में बढ़कर 4.47 सिलेंडर हो गई है. वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 4.85 सिलेंडर प्रति परिवार तक पहुंचने का अनुमान है. इससे साफ है कि उज्ज्वला योजना ने स्वच्छ ईंधन को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. सरकार ने अधिक परिवारों तक एलपीजी कनेक्शन पहुंचाने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2025-26 में 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन जारी करने की मंजूरी दी है. आधार और बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन को तेज करने से सब्सिडी टारगेटिंग और पारदर्शिता में सुधार हुआ है. 1 दिसंबर 2025 तक पीएमयूवाई के 71 प्रतिशत और गैर-पीएमयूवाई के 62 प्रतिशत उपभोक्ता बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के दायरे में आ चुके हैं. इसके अलावा, 'बेसिक सेफ्टी चेक' अभियान के तहत देशभर में 12.12 करोड़ से अधिक मुफ्त सुरक्षा निरीक्षण किए गए और 4.65 करोड़ एलपीजी होज रियायती दरों पर बदले गए. मंत्रालय ने बताया कि पेट्रोलियम इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत हुआ है.

**विदेश मंत्रालय का बयान** | **वीजा अपॉइंटमेंट में दिक्कतों से नागरिकों को हो रही है परेशानी**

# एच-1बी वीजा नियमों पर भारत-अमेरिका में बातचीत

**नई दिल्ली, 26 दिसम्बर. भारत ने कहा है कि वह अमेरिका में एच 1 बी वीजा के नियमों में बदलाव के कारण प्रभावित भारतीय नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अमेरिका के साथ से बातचीत कर रहा है.**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि सरकार को इस बारे में भारतीय नागरिकों से शिकायतें मिल रही हैं और सरकार को उनकी कठिनाइयों का पता है. उन्होंने कहा कि भारत इन परेशानियों को




कम करने के लिए अमेरिका के साथ गंभीरता से बात कर रहा है. प्रवक्ता ने कहा , भारत सरकार को कई भारतीय नागरिकों से इस बारे में लिखित जानकारी मिली है. ये लोग अपने वीजा अपॉइंटमेंट के पुनर्निर्धारण में समस्याओं का सामना कर रहे हैं. वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु क्षेत्राधिकार में आते हैं. हमने इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को अमेरिकी पक्ष के समक्ष नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाया है. कई लोग लंबे समय से फंसे हुए हैं, जिससे उनके परिवारों और उनके बच्चों की शिक्षा को लेकर काफी कठिनाइयाँ उत्पन्न हुई हैं. भारत सरकार अपने नागरिकों को होने वाली परेशानियों को कम से कम करने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ गंभीरता से बात कर रही है. अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष उचित, संतुलित और परस्पर फायदेमंद व्यापार समझौते को लेकर निरंतर बातचीत कर रहे हैं.

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका के व्यापार वार्ता प्रतिनिधि हाल ही में बातचीत के लिए यहां आये थे. यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर उन्होंने कहा कि इस बारे में बात हो रही है. वार्ता का 14 वां दौर अक्टूबर में ब्रुसेल्स में हुआ था. इसके बाद यूरोपीय वार्ताकारों ने भारत का दौरा किया. उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष बातचीत को आगे बढाने की दिशा में काम कर रहे हैं.

# सीरिया के मस्जिद में धमाका, तीन की मौत

**दमिश्क.** मध्य सीरियाई शहर होम्स के वादी अल-दहाब इलाके में स्थित एक मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुए धमाके में तीन लोग मारे गये और पांच अन्य घायल हो गये. इसकी जानकारी सीरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी ने दी. स्थानीय पत्रकार के अनुसार, धमाका इमाम अली बिन अबी तालिब मस्जिद के अंदर हुआ. सूचना मिलते ही आपातकालीन दल मौके पर पहुंचे और घायलों को पास के अस्पतालों में ले गये. सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और जांच शुरू कर दी है. धमाके का कारण अभी स्पष्ट नहीं है. मानवाधिकार निगरानी केंद्र ने भी धमाके की खबर दी है और कहा है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आत्मघाती हमला था या नहीं.

# भोपाल में बनेगा सिम्युलेटरी स्पेस सेंटर

## पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने दी जानकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 26 दिसंबर. राजधानी में आने वाले दिनों में सिम्युरेटरी स्पेस सेंटर की स्थापना होगी, इसकी स्थापना के लिये राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है. इस सेंटर का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम होगा, ये प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत बनेगा.**



यह जानकारी शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी. इस दौरान उन्होंने दो वर्ष की उपलब्धियों का ब्यौरा भी दिया. केंद्र को भेजे गये प्रस्ताव के बारे में जानकारी देते हुए श्रीमती गौर ने बताया कि ये प्रस्ताव प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत किया गया है, जिसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के समन्वय से तैयार किया गया है. इस केंद्र का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को स्पेस टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूक, प्रेरित और वैज्ञानिक सोच से जोड़ना है. राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि प्रस्तावित स्पेस सेंटर में मिसाइल और सैटेलाइट के क्रमिक विकास के डिजाइनों का प्रदर्शन किया जाएगा. साथ ही अंतरिक्ष के समान जीरो ग्रेविटी वातावरण में स्पेस स्टेशन का सिम्युलेटरी अनुभव देने के लिये विशेष अधोसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे बच्चे यह देख और महसूस कर सकें कि उपग्रह के भीतर अंतरिक्ष यात्री किस तरह रहते और कार्य करते हैं. उन्होंने कहा कि यह केंद्र प्रदेश के युवाओं में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाएगा और स्पेस के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित करेगा. राज्यमंत्री ने कहा कि यह नवाचार उन सभी युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर होगा, जो अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासु हैं और भविष्य में इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं. इसके माध्यम से ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के शैक्षणिक एवं सामाजिक उन्नयन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

### हर वर्ष 4 हजार युवाओं को सेना, पुलिस में भर्ती के लिए देंगे ट्रेनिंग

श्रीमती गौर ने अत्यंत पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए प्रस्तावित शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2025 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत हर वर्ष करीब 4000 युवाओं को आवासीय ट्रेनिंग देकर सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार किया जाएगा. शारीरिक प्रशिक्षण के साथ सैद्धांतिक मार्गदर्शन देकर युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यबोध विकसित किया जाएगा. राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में ओबीसी छात्रावासों को आदर्श छात्रावास के रूप में विकसित किया जा रहा है. जिम, वाचनालय, पुस्तकालय, वाई-फाई, कंप्यूटर कक्ष और खेल सुविधाओं से युक्त इन छात्रावासों के उन्नयन पर करीब 16 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं.

### 600 युवा जाएंगे जापान, जर्मनी

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत साढ़े सात लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गई है.

विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना को पारदर्शी बनाकर हर वर्ष 50 विद्यार्थियों को लाभ दिया जा रहा है. वहीं बेरोजगार युवाओं को जापान और जर्मनी में रोजगार दिलाने की पहल की जा रही है .सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड के तहत आगामी समय में 600 युवाओं को विदेश भेजा जाएगा, वहीं विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए जन अभियान परिषद के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इनकी गणना तीन माह में पूर्ण की जाएगी, जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित रूप से पहुंचाया जा सके.

# पिकअप की टक्कर से वैन पलटी

## 06 स्कूली बच्चे घायल

**सुल्तानगंज, 26 दिसंबर. सुल्तानगंज सिलवानी मार्ग पर तेजरफ्तार पिकअप चालक ने स्कूल के बच्चों को ले जा रही वैन को टक्कर मार दी, जिससे वैन पलट गई. वैन में सवार एक शिक्षिका, छह विद्यार्थी घायल हो गए.**

वैन मालिक और चालक को भी मामूली चोटें आई हैं. पुलिस ने पिकअप को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है. थानाप्रभारी श्यामराज सिंह ने बताया शुक्रवार सुबह सुल्तानगंज क्षेत्र के पास के ग्राम खमरिया कलां, शाहपुर, सुल्तानपुर, पिपलिया से सुल्तानगंज के प्रायवेट स्कूल पारस कान्वेंट स्कूल एवं श्रीराम राजा गुरुकुल विद्यालय में प्राइमरी एवं मिडिल के अध्ययनरत स्टूडेंट्स को लेकर एक निजी वैन क्र.एमपी 04 एचबी 1972 का चालक विनीत बंसल सुल्तानगंज स्कूल छोड़ने आ रहा था. तभी सुल्तानगंज -सिलवानी मार्ग पर बोरिया तिगड्डे के पास मोड़ पर सागर से सिलवानी जा रही पिकअप एमपी 15 जे-4181 के चालक रिजवान खान 45 वर्ष निवासी सागर ने वैन में टक्कर मार दी.


**नाम परिवर्तन**

FAIZA KHANAM W/O BABAR KHAN आयु वयस्क निवासी: 73 इस्लामी गेट कच्ची मस्जिद भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरे पति का नाम BABAR ALIAS BADSHAH KHAN दर्ज था जो की बदल कर मेरे पति का नाम BABAR KHAN हो गया है अब मेरे दस्तावेज़ में मेरा नाम और मेरे पति का नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद-विवाद होता है तो इसकी ज़िम्मेदार स्वयं में रहूँगी.

**नाम परिवर्तन**

मैं भावना शर्मा सूचित करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम दिव्यांशी शर्मा है जो त्रुटिवश आधार कार्ड में 'दिव्यांशी' अंकित है. आज से उसे दिव्यांशी शर्मा (DIVYANSHI SHARMA) के नाम से जाना पहचाना जाए. निवासी- गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर म.प्र.

**नाम परिवर्तन**

मैं ताहा अली अकबर TAHA ALI AKBAR आत्मज अली अकबर ALI AKBAR निवासी म.नं. 15 बेलदारपुरा जुमेराती नेहरू रोड भोपाल म.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरी 10th की अंकसूची में मेरा नाम TAHA दर्ज है जबकि आधार कार्ड मे TAHA ALI AKBAR दर्ज दोनो नाम मेरे ही है। भविष्य मे मुझे TAHA ALI AKBAR के नाम से जाना पहचाना जाए।

**NAME CHANGE**

I, Aniket Singh Sikarvar Son of Surendra Singh Sikarvar I am changing my name from "Aniket Singh" to "Aniket Singh Sikarvar" for Passport issuance where Aniket Singh is the old name and Aniket Singh Sikarvar is the new name

Address :- 732, TT Nagar Jharneshwar Colony Huzur, Bhopal


# भाजपा प्रदेश कार्यालय में मना वीर बाल दिवस

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 26 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर साहिबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम सर्वधर्म सम भाव की बात करते हैं और जरूर करनी भी चाहिए, लेकिन हमें यह भी देखना चाहिए कि जो व्यक्ति अपना धर्म छोड़ने और दूसरा धर्म अपनाने से इंकार करता है, उसके साथ क्या हो रहा है? उस पर क्या बीती है? आतताईयों को किसने यह छूट दी? और अगर अपने धर्म की रक्षा के लिए शहादत दी गई है, तो क्यों उसे याद नहीं करना चाहिए? आज वीर बाल दिवस के अवसर पर मैं दोनों साहिबजादों को नमन करता हूं.

# दो कारों की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर घायल

**भोपाल.** कोलार थाना इलाके में दो कारों की आपसी टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई. हादसे में दो लोग गंभीररूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है. पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है. गेहूंखेड़ा में नीलबड़ जाने वाली सड़क पर छोटे पुल के पास हादसा गुरूवार को देर रात हो गया. एक कार में सवार कोलार निवासी 42 वर्षीय अब्दुल रशीद खान की दुर्घटना के दौरान मौत हो गई. मृतक ठेकेदारी का काम करता था. वहीं दूसरी कार में चालक सहित दो युवकों के गंभीररूप से जख्मी हो गए. घायलों को राहगीरों ने तुरंत ही हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है.

## अब तक 25 .93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**भोपाल.** अभी तक 4 लाख 9 हजार 545 किसानों से 25 लाख 93 हजार 971 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है.धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है. धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी. किसानों को 3529 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि धान विक्रय के लिये 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है. एक दिसम्बर से शुरू हुई धान खरीदी के लिये विभिन्न जिलों में 1434 केन्द्र बनाये गये हैं.

# बैरसिया को स्वच्छता में नंबर 1 लाने सहयोग दें

**भोपाल, 26 दिसम्बर. महापौर मालती राय ने स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत बैरसिया नगर पालिका को स्वच्छता में नंबर 01 लाने के लिए जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, व्यापारी वर्ग, शासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को 02 घण्टे का समय देने का आह्वान किया.**



उन्होंने स्वच्छता में नंबर 01 लाने के लिए वार्डों, मैरिज गार्डन, स्कूल, कॉलेज आदि में स्वच्छता की प्रतियोगिता आयोजित करने और स्वच्छता में अव्वल आने पर पुरस्कृत करने के निर्देश दिए. महापौर राय ने बाजारों, रेस्टोरेंट आदि में डस्टबिन रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, सेंट्रल वर्ज की बेहतर साफ-सफाई करने का भी आह्वान किया. इस अवसर पर बैरसिया नगर पालिका की अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप राठौर, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह, एम.आई.सी सदस्य आर.के.सिंह बघेल, पार्षदगण, सी.एम.एच.ओ राजेंद्र सक्सेना, स्कूल संचालकगण, बैंक संचालक, हॉस्पिटल संचालक, मैरिज गार्डन संचालक, व्यापारीगण, होटल संचालक, रेस्टोरेंट संचालक, फल-सब्जी विक्रेता एवं वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे. स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत नगर पालिका बैरिसया में नगर निगम, भोपाल द्वारा बैरसिया नगर पालिका को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है. महापौर मालती राय के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को बैरसिया नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, व्यापारीगण, मैरिज गार्डन, स्कूल संचालक, बैंक, शासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक कार्यशाला आयोजित की गई.

> महापौर श्रीमती राय ने कहा कि 15, 16 एवं 17 जनवरी 2026 को भोपाल नगर निगम से टीम बैरसिया आयेगी और स्वच्छता में किए गए कार्यों के लिए चयन करेगी तथा 20 जनवरी 2026 को स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा. महापौर राय ने बाजार, रेस्टोरेंट में डस्टबिन रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के निर्देश दिए. महापौर ने बैरसिया नगर पालिका में सेंट्रल वर्ज की बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.


**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बैतूल म.प्र. विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये समस**

(आदेश 5 नियम 1 और 5)

प्रकरण क्र. RCS HM-75/2025

पेशी दिनांक 28/01/2026

रविन्द्र ....आवेदक

विरूद्ध

गीता ....अनावेदिका

**प्रेषिती:**- श्रीमती गीता चढ़ोकार उम्र 28 वर्ष पति श्री रविन्द्र चढ़ोकार निवासी हाल मुकाम पिता संतोष पारखे, मकान नं. 184. वार्ड नं. 5 जी, टाईप बस्ती सारणी तह घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल (म.प्र.)

आवेदक रविन्द्र उम्र- 30 वर्ष पिता श्री पंजाबराव चढ़ोकार निवासी सरस्वती स्कूल के पास गाडाघाट रोड, अम्बेडकर वार्ड टिकारी बैतूल तहसील जिला बैतूल (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 (1) हिन्दू विवाह अधिनियम किये जाने बाबत् का प्रकरण संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में तारीख **28.01.2026** को दिन में 11.00 बजे दावे के उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीटर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए हो और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा वा मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसा दस्तावेज को, लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा.

यह आज दिनांक **16.12.2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

(सील)

(शिवबालक साहू)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बैतूल



**कार्यालय क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्र, बरखेड़ी कला, भोपाल**

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान आधारताल जबलपुर का विस्तार केन्द्र), E-mail : etcbhopal@yahoo.com

**सोलर पैनल स्थापना हेतु ई-निविदा**

प्रशिक्षण केंद्र के लिए सोलर पैनल स्थापित किये जाने हेतु ऐजेंसी का चयन किया जाना है। जिस हेतु ई-निविदा संख्या GEM/2025/B/7040334 दिनांक 24.12.2025 के अंतर्गत GEM Portal पर आमंत्रित की जाती हैं। उपरोक्त निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक 09.01.2026 समय सायं 08:00 बजे तक है। निविदा के संबंध में संपूर्ण जानकारी GEM Portal पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/123667/2025 प्राचार्य



**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम (म.प्र.)**

क्रमांक.../निर्वाह/2025/नर्मदापुरम दिनांक ../12/2025

**ई-टेंडरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26**

Email- hbdjail40@gmail.com

दूरभाष क्रमांक- 07574-252428

**ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण) म.प्र. जेल आपूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भंडार क्रय नियम फार्म (अ) नियम-6 के अंतर्गत**

नर्मदापुरम सर्किल जेल के अधीनस्थ समस्त जेलें- जिला जेल बैतूल/ हरदा एवं सब-जेल पिपरिया/ बरेली/ सिवनी मालवा/ गौहरगंज/ नसरुल्लागंज/ मुलताई में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. कैमरे एवं सी.सी.टी.व्ही. उपकरण का सुचारू रूप से वार्षिक रख-रखाव (ए.एम.सी.) एवं संचालन बनाए रखने हेतु इनकी निविदा के माध्यम से वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर दिनांक 16/1/2026 को सायं 5 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं. इच्छुक व्यापारीगण संबंधित जेल की वेबसाइट पर जाकर निविदा की सूचना प्राप्त कर सकते हैं. निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य शर्तों से संबंधित जानकारी उक्त वेबसाइट पर ही देखी जा सकती है.

G23377/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम




सीएम ने किया पोस्टर का विमोचन

**भोपाल.** मप्र जन अभियान परिषद् स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 2026 तक ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत ग्राम विकास पखवाड़ा आयोजित कर रहा है. इस अभियान के पोस्टर का विमोचन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में किया. इस अवसर पर परिषद् के उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड सहित योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे. अभियान का उद्देश्य परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों तक पहुंचाकर यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचे.

# स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार : सीएम

**भोपाल, 26 दिसम्बर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिया है। मध्यप्रदेश सरकार भी भोजपाल मेले जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही है।**

व्यापार और वाणिज्य क्षेत्र के उन्नयन के लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल के भेल क्षेत्र में भोजपाल मेले 2025 को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेले की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं और उत्कृष्टआयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेला वो है जहां लोग परस्पर मिलते हैं। व्यक्तियों के मध्य मतभेद को समाप्त करवाने में भी मेले महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के मौसम का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां पर्यटन विकास के लिए बड़ी झील में शिकारों का संचालन प्रारंभ किया गया है। भोपाल के नागरिक पर्यटन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और इस तरह के मेलों का आनंद लेना पसंद करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेले में उपस्थित नागरिकों से चर्चा की और उनके साथ सेल्फी भी खिंचवाई।


**POWER DISTRIBUTION TRAINING CENTER**

(Training Institute of MPMKVVCL, Bhopal)
Diksha Parisar, Govindpura, Bhopal (M.P.)-462023
E-mail ID :director.pdtc@gmail.com
(POWER DISTRIBUTION TRAINING CENTRE ISO 9001:2015 CERTIFIED)

NO.PDTC/DIR/Tender/886 Dated : 26.12.2025

**TENDER NOTICE**

Online tenders are invited for following work :-

| Particulars | Tender Fee (in Rs.) | Estimated Amount (In Lakhs) | Date of Pre-Bid Conference | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|
| Providing Buffet Lunch/ Meal Packets/Tea/ Snacks/High Tea and water bottles at Power Distribution Training Centre PDTC, Bhopal | 2000/- + GST@18% = 2360/- | Approx. 16.70 Lakhs | 30.12.2025 at 03:00 PM | 12.01.2026 |

Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.

M.P. Madhyam/123698/2025 DIRECTOR, PDTC-BHOPAL


बैठक | मिशन मोड में सुधारों पर जोर

# मंत्री नड्डा ने एमपी की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

**भोपाल, 26 दिसंबर. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) राजेन्द्र शुक्ल तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।**



बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने, रोगी-केंद्रित देखभाल बढ़ाने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने दवा नियमन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि निर्माण से लेकर वितरण तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने फ्री ड्रग्स और फ्री डायग्नोस्टिक्स योजनाओं की समीक्षा करते हुए आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने और निगरानी में मौजूद कमियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक्स और समय पर जांच प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, जिन्हें प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्तर पर और सशक्त किया जाना चाहिए।

> नड्डा ने टेलीमेडिसिन को दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसे नियमित स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में और अधिक एकीकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने टीबी मुक्त भारत 2027 के लक्ष्य को दोहराते हुए जिला-विशेष रणनीतियों, सघन स्क्रीनिंग, बेहतर उपचार अनुपालन और पोषण सहयोग पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार केंद्र के मार्गदर्शन में दवा नियमन, डायग्नोस्टिक्स सुदृढ़ीकरण, टेलीमेडिसिन विस्तार और टीबी उन्मूलन के लक्ष्यों को मिशन मोड में लागू करेगी। बैठक में केंद्र और राज्य स्तर के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**

motilal oswal Home Finance

**कार्पोरेट कार्यालय-** मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्ला सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ई-मेल- hfquery@motilaloaswal.com.
CIN: Number: U65923MH2013PLC248741

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति/यों के लिए)**

**(सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के अंतर्गत)**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए आह्वान करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया है. निम्नलिखित उधारकर्ताओं द्वारा राशि वापस न किए जाने के कारण, निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ नीचे उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्तियों पर कब्जा ले लिया है.

| क्र. | ऋण अनुबंध संख्या/उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस तिथि और कुल बकाया | कब्जे लेने की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति के सभी भाग जिसमें शामिल है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LXMOBHOPAL922-230635654 उधारकर्ता: राजेश चौरसिया सह-उधारकर्ता: सपना चौरसिया | 10-10-2025 के लिए रु.674237/- | 24-12-2025 | प्लॉट नंबर-1045 खसरा नंबर-44/2 45/1/1 शिव नगर फेज का हिस्सा 3 पटवारी हल्का नंबर-21 वार्ड नंबर 73, 80 फीट रोड भानपुर विदिशा रोड भोपाल, चौरसिया समाज मंदिर 462001 भोपाल म.प्र. |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो कि ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा. उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है.

स्थान: मध्य प्रदेश
दिनांक: 27.12.2025

अनुवाद में त्रुटियां/विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा.

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

# होमवर्क नहीं किया तो बच्चों के उतारे कपड़े

## जताखेड़ा ग्राम के सेंट मार्टिन स्कूल प्राचार्य का शर्मनाक कारनामा, बजरंग दल ने किया स्कूल में हंगामा

- बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ
- प्राचार्य सहित तीन लोगों को बर्खास्त करने के दिए आदेश



**सीहोर.** निजी स्कूल में बच्चों के साथ की गई बर्बरता के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में जमकर हंगामा किया.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 दिसंबर. जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम जताखेड़ा स्थित एक प्रायवेट स्कूल के शिक्षकों ने अमानवीयता की तमाम हदों को पार करते हुए शिक्षक पद को कलंकित कर दिया. होमवर्क नहीं करने वाले छात्रों को हाड़कंपा देने वाली ठंड में अर्धनग्न होने के लिए मजबूर किया. इसकी जानकारी अभिभावकों को मिली तो उन्होंने शुक्रवार को बजरंग दल व अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर स्कूल में जमकर हंगामा किया. आनन- फानन में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्राचार्य और चालक को हटाने के आदेश जारी करते हुए संस्था पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है.**

जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम जताखेड़ा स्थित सेंट मार्टिन स्कूल शुक्रवार को उस वक्त चर्चाओं में आ गया जब बच्चों के अभिभावकों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्कूल पहुंचकर हंगामा कर दिया. बताया जाता है कि स्कूल की शिक्षिका समरीन खान द्वारा होमवर्क नहीं करने वाले छात्रों के कपड़े उतरवाकर उन्हें ठंड में खड़ा कर दिया. बच्चों का अर्धनग्न फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बच्चों के अभिभावकों में आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया था. शुक्रवार को वह स्कूल पहुंचे और जमकर हंगामा किया. स्कूल में हंगामा होने की जानकारी लगते ही थाना मंडी से भारी पुलिस बल, तहसीलदार, सीएएपी आदि भी स्कूल पहुंच गए थे.

### स्कूल में पढ़ी हनुमान चालीसा

इस अवसर पर बच्चों ने बजरंग दल नेता जगदीश कुशवाह को बताया कि प्राचार्य समरीन खान द्वारा उन्हें तिलक लगाने और कलावा बांधने से भी रोका जाता था. इससे आक्रोशित होकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की. इसके बाद स्कूल के गेट के सामने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया. इस मौके पर बजरंग दल द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा गया. अधिकारियों ने मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. इसके बाद ही प्रदर्शन करने वालों का आक्रोश कम हुआ.

### परिजनों के समक्ष बताईं प्राचार्य की करतूतें

बजरंग दल नेता जगदीश कुशवाह और अभिभावकों के समक्ष कक्षा सातवीं के बच्चों ने बताया कि उनके कपड़े होमवर्क पूरा न होने के कारण उतारे गए. नवंबर के पहले रोजाना कपड़े उतरवाए जाते थे, . गार्ड के द्वारा आईल भी लगाया जाता था. उक्त कृत्य प्राचार्य के कहने पर किया जाता था तथा प्राचार्य द्वारा मारा भी जाता था. बच्चों का कहना था कि ड्राइवर द्वारा ग्राउन्ड में पूरे टाइम पत्थर बिनवाये जाते थे एवं हमेशा मारा जाता था. प्रोजेक्ट में नंबर नहीं दिये जाने की धमकी दी जाती थी. इस वजह से वह डरकर अपने परिजनों को कुछ नहीं बताते थे.

### स्कूल पर लगाया एक लाख रुपए का जुर्माना

स्कूल की प्राचार्य समरीन खान द्वारा मासूम बच्चों को प्रताड़ित किए जाने की खबर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले की जांच की गई. इस दौरान बच्चों द्वारा लगाए गए सभी आरोप सत्य पाए गए. इसके आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सेंट मार्टिन स्कूल पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है. स्कूल प्रबंधन को यह जुर्माना सात दिन में जमा करने के आदेश दिए गए हैं. इसके अलावा प्राचार्य समरीन खान, अमरसिंह वर्मा और ड्रायवर सिबु जाफरी को तत्काल संस्था से बर्खास्त करने के भी आदेश दिए गए हैं.

## अवैध शराब के साथ एक आरोपी धराया



**रेहटी.** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मांजरकुई के समीप अवैध शराब लेकर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को रोका, लेकिन एक आरोपी पुलिस को झांसा देकर फरार होने में कामयाब हो गया, जबकि एक पुलिस के हत्थे चढ़ गया. आरोपी के पास शराब बरामद की गई है. रेहटी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मांजरकुई-मरदानपुर के बीच पुलिया के पास दो व्यक्ति बाइक से अवैध शराब लेकर नर्मदा घाट की ओर बिक्री हेतु जा रहे हैं. मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर एक आरोपी फरार हो गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति हेमराज मीणा आ. महेश मेहरा निवासी आवंली घाट को पुलिस ने दबोच लिया. फरार आरोपी का नाम अंकित कीर पिता शिवनारायण कीर, निवासी ग्राम आंवलीघाट बताया गया. आरोपी हेमराज मेहरा के पास मौजूद प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर 7 पेटी मसाला शराब मिली. पुलिस ने उक्त शराब और बाइक को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है, वहीं फरार आरोपी की तलाश की जा रही है.

## कछुआ चाल चल रहा स्मार्ट सिटी का काम

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 26 दिसम्बर, गंजबासौदा मिनी स्मार्ट सिटी की हालत यह है कि त्योंदा रोड के आसपास मिनी स्मार्ट सिटी का कार्य पिछले 5 वर्षों से कछुआ गति से चल रहा है.**

महीनों तक निर्माण कार्य बंद रहता है. फिर थोड़ा बहुत काम शुरू हो जाता है.यह स्थिति बनी हुई है.इस सड़क के आसपास दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखे हैं. इससे निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है. नगर पालिका परिषद द्वारा नोटिस भी दिए गए ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया अतिक्रमण हटाने के लिए इसके बाद भी दुकानदारों पर असर नहीं पड़ रहा है इसके साथ ही दुकानों के आगे वाहन खड़े रहते हैं.ट्रैक्टर ट्राली वाले सामान खरीदते हैं और ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़ी कर देते हैं.दुकानदारों के वाहन भी दुकानों के आगे खड़े रहते हैं जगह-जगह कीचड़ मची हुई है.गद्ढा धूल के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. यातायात व्यवस्था भी गड़बड़ा रही है आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है यातायात पुलिस कर्मी ध्यान नहीं दे रहे हैं सब कुछ देखते हुए भी गली दबाकर निकल जाते हैं.दुकानदार अनेकों बार शिकायत भी कर चुके हैं. नगर पालिका परिषद द्वारा भी दुकानदारों को समझाया जा रहा है कि वह दुकानों के आगे वाहन खड़े न होने दे और न स्वयं खड़े करें.परंतु किसी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है.

## कार से तस्करी की जा रही 8 पेटी अवैध शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुना।** बीती रात शराब तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक टाटा टियागो कार से 8 पेटी अवैध देशी शराब जब्त की है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कैंट पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि इमझरा गांव की ओर से एक कार में अवैध शराब लेकर दो व्यक्ति गुना आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इमझरा रोड स्थित पुलिया पर घात लगाकर कार का इंतजार किया। जैसे ही कार मौके पर पहुंची, पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर कार में सवार एक व्यक्ति फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को दबोच लिया।

## ग्राम पंचायत बींझ में नियमों की अनदेखी

### सादा बिल-बाउचर पर 60 हजार रुपए की मजदूरी का भुगतान

नवभारत न्यूज

**नटेरन 26 दिसम्बर,जनपद पंचायत नटेरन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बींझ में वित्तीय अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है. पंचायत द्वारा 9 अक्टूबर 2025 को मात्र सादा बिल-बाउचर के आधार पर 60 हजार रुपए की मजदूरी का भुगतान कर दिया गया, जो शासन के निर्धारित नियमों के पूर्णतः विरुद्ध है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस बिल-बाउचर पर यह भुगतान किया गया, उसमें न तो कोई बिल नंबर अंकित है और न ही मजदूरों की नामवार सूची संलग्न की गई है.नियमों के अनुसार मजदूरी भुगतान के लिए मजदूरों की उपस्थिति पत्रक, नाम सूची, कार्य विवरण एवं विधिवत बिल नंबर का होना अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में इन सभी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज किया गया.बिल-बाउचर में आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर 60 हजार रुपए की राशि किसे और किस कार्य के एवज में भुगतान की गई. इससे पंचायत के वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता पर गंभीर संदेह उत्पन्न हो गया है.स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में पहले भी इस तरह की अनियमितताएं सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई.ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.अब देखना यह होगा कि जनपद पंचायत नटेरन एवं संबंधित विभाग इस गंभीर वित्तीय अनियमितता पर क्या कदम उठाते हैं या फिर मामला कागजों में ही दबकर रह जाएगा.

## नाबालिक से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**पठारी.** नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पठारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चार घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया.थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 5 वर्षीय बच्ची के साथ उसके रिश्तेदार युवक द्वारा गलत कार्य करने का प्रयास किया गया फरियादी की रिपोर्ट पर पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया.पुलिस ने तकनीकी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आदित्य अहिरवार निवासी ग्राम बड़ोह, थाना पठारी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी.

## मैप से रैकी कर सोलर प्लांट को बनाते थे निशाना

- केबल चोर गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद



नवभारत न्यूज

**बुधनी 26 दिसंबर.** ट्राइडेंट कंपनी के सोलर पावर प्लांट से हजारों मीटर केबल चोरी की संगठित और हाईटेक वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. आरोपी गूगल मैप के माध्यम से सोलर पावर प्लांटों की रेकी कर चोरी की योजना बनाते थे. मामले में भोपाल के शातिर मास्टरमाइंड सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं.

एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोलर केबल, तांबे के तार, 1 लाख 50 हजार रुपए तथा कार को जब्त किया है. गत 20 दिसंबर को ट्राइडेंट कंपनी के सोलर पावर प्लांट से केबल काटकर चोरी की गई थी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी. जांच के दौरान एक संदिग्ध कार चिन्हित की गई, जो भोपाल निवासी साजिद पिता हबीब खान की होना पाई गई. पूछताछ में साजिद ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया. पुलिस ने आरोपी इसरार उर्फ भूरा, कबाड़ी अबरार तथा स्क्रैप व्यापारी तनवीर को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने इछावर थाना क्षेत्र एवं जिला विदिशा के लटेरी थाना अंतर्गत सोलर पावर प्लांटों से भी केबल चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया है. मुख्य आरोपी साजिद खान के विरुद्ध पूर्व में तार चोरी के लगभग 10 प्रकरण दर्ज हैं। प्रकरण में तीन अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है.

## बाबा के भेष में गांजे की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से 60 हजार से अधिक मूल्य का डेढ़ किलो गांजा जब्त

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** चंदेरी पुलिस ने बाबा के भेष में गांजा तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उससे डेढ किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। पुलिस द्वारा जब्त किये गांजे की कीमत करीब 60 हजार रूपये बताई जा रहीं है। जानकारी के मुताबिक आरोपी बाबा के भेष में क्षेत्र में गांजा सप्लाई करने आता था, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करते हुए उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

दरअसल जिलेभर में पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अवैध शराब एवं अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रहीं है। इसी कड़ी में शुक्रवार को चंदेरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कदवाया के तरफ से एक बाबा अपनी मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु चंदेरी तरफ आ रहा है। चंदेरी पुलिस द्वारा उक्त सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक कार्रवाई हेतु आदेशित किया। जिसके चलते पुलिस ने पिछोर रोड बाईपास पर चेकिंग लगाई गई, जहां पुलिस चैकिंग के दौरान आरोपी चंद्रभान सिंह बाबा पुत्र मोतीलाल लोधी निवासी ग्राम टोरिया तहसील बदरवास जिला शिवपुरी के कब्जे से 1 किलो 600 ग्राम गांजा कीमत करीब60000 को जप्त किया गया, तो वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सिंह यादव, उप निरीक्षक कदम सिंह मीणा, जोगेंद्र सिंह यादव, अवधेश कुमार, प्रधान आरक्षक आनंद सिकरवार, आरक्षक योगेंद्र सिंह रघुवंशी, सतीश वर्मा, आनंद सिंह राजपूत, ज्ञान सिंह लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मक्के के आटे से निकला प्लास्टिक जैसा पदार्थ

**गुना.** लक्ष्मीगंज क्षेत्र स्थित एक आटा चक्की से खरीदे गए मक्का के दलिया में प्लास्टिक की मिलावट की आशंका के बाद हड़कंप मच गया है। मामले की शिकायत लेकर पीड़ित ग्राहक शुक्रवार को सीधे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गया और जांच की मांग की है। गुर्जर कॉलोनी निवासी पवन कंसोटिया के बेटे ने गुरुवार को लक्ष्मीगंज स्थित मित्तल आटा चक्की से मक्का का दलिया खरीदा था। सुबह जब घर में मक्का की महेरी बनाई गई, तो आंच लगते ही दलिया अजीब तरीके से व्यवहार करने लगा। ग्राहक पवन कंसोटिया का दावा है कि चूल्हे की आंच पर दलिया पिघलकर प्लास्टिक की तरह तब्दील हो गया, जिससे उन्हें संदेह हुआ कि इसमें प्लास्टिक की मिलावट है। ग्राहक ने आशंका जताई कि यदि इस मिलावटी दलिया का सेवन किया जाता, तो यह शरीर के भीतर अंगों में चिपक सकता था और गंभीर बीमारी का कारण बन सकता था। इस मामले को लेकर जब उन्होंने दुकानदार से बात की, तो दुकानदार ने इसे नमी का असर बताया और समाधान के तौर पर दूसरा 2 किलो मक्का ले जाने की सलाह दे डाली।

## गुना के रिंग में उतरेंगे जूनियर बॉक्सर



नवभारत न्यूज

**गुना 26 दिस. का। खेल जगत में गुना जिले के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण स्थित बॉक्सिंग रिंग में 69वीं राष्ट्रीय शालेय बालक अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। यह पहला अवसर है जब गुना जिला किसी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। पूर्व में राज्य स्तरीय खेलों के सफल आयोजन के बाद गुना को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

31 दिसंबर तक राष्ट्रीय स्पर्धा में देशभर की प्रतिभाएं अपना दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों और 7 खेल संगठनों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें 420 खिलाड़ी शामिल है। वहीं बड़ी संख्या में सपोर्ट स्टाफ भी आया है। खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता में देश के पूर्वोत्तर और पिछले दिनों अलग-अलग वजहों से खासे चर्चित रहे मणिपुर के खिलाड़ी भी भाग लेने गुना पहुंच गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से इस विशाल आयोजन को मूर्त रूप दिया गया है। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से गुना को यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा अंडर-14 प्रतियोगिता खेल जीवन की शुरूआत है। यहाँ प्रतिस्पर्धा तो करें ही, लेकिन साथ ही एक-दूसरे से सीखें भी। मुझे उम्मीद है कि आज यहाँ रिंग में उतरने वाले खिलाड़ी भविष्य में ओलंपिक में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि शिक्षा विभाग और आयोजन समिति उनके रहने और खाने-पीने का पूरा ध्यान रखेगी। व्यवस्थाओं की रोजाना वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे अपने खेल के साथ-साथ गुना के सांस्कृतिक और प्राचीन महत्व को भी जानें और प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर के दर्शन अवश्य करें। गुना में पहली बार खेली जा रही राष्ट्रीय स्पर्धा में सबकी निगाहें गुना विधायक पन्नालाल शाक्य पर थीं. हालांकि वे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके. इसकी अलग-अलग वजह सामने आए.

## माफिया ने वन अमले पर तानी पिस्टल, रौंदने का किया प्रयास



- वनरक्षक ने बाइक से कूदकर बचाई खुद की जान
- एक आरोपी के पास से पिस्टल और बाघनख किया जब्त

नवभारत न्यूज

**बुधनी/ भैरूंदा 26 दिसंबर.** क्षेत्र में इन दिनों सागौन की अवैध कटाई जोरों पर चल रही है. सागौन चोरी करने वाले माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम वन विभाग के अमले पर पिस्तौल तान लेते हैं और उन्हें कुचलने का प्रयास करने से नहीं हिचकते. ऐसा ही घटनाक्रम भैरूंदा थाना क्षेत्र के सुआपानी खाल के पास देखने को मिला. जहां वन अमले ने जब अवैध रूप से काटी गई सागौन से भरे ट्रेक्टर-ट्राली को रोकने का प्रयास किया तो एक बदमाश ने अमले पर पिस्टल तान दी और ट्रेक्टर-ट्राली को भगवा दिया. वहां से निकले माफियाओं को वन विभाग की दूसरी टीम ने किसी तरह दबोच लिया और दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. इस दौरान एक आरोपी ने ट्रैक्टर चढ़ाकर वन अमले को कुचलकर मारने का प्रयास किया और ट्रेक्टर लेकर भाग गया. हालांकि वह सागौन के लट्ठे छोड़कर चला गया. वन अमले की सूचना पर भैरूंदा पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. गत 24 दिसंबर को मुखबिर ने सूचना दी कि बीट रफीकगंज के नाथवाली नाम स्थान पर कुछ लोग सागौन के पेड़ काट रहे हैं. वन विभाग ने तीन टीमें गठित कीं. पहली टीम में वनपाल देवेंद्र चौहान, वनरक्षक अमर सिंह रावत सहित अन्य कर्मी शामिल थे, जिन्होंने नयापुरा से घेराबंदी की. जब टीम पहुंची तो उन्होंने देखा कि एक ट्रेक्टर-ट्राली में सागौन के लट्ठे लोड थे. ट्रेक्टर पर दो आदमी बैठे थे तथा एक आदमी बाइक लेकर खड़ा था. वन अमले ने जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल पर बैठे व्यक्ति ने वन अमले पर पिस्टल तान ली. जब वनकर्मी उसका वीडियो बनाने लगा तो वह पिस्तौल कमर में खोंसकर वहां से भाग निकला. टीम ने सुआपानी बागलीखेड़ा से घेराबंदी करने वाली टीम को सूचना दी.

### नहीं कूदता तो कुचल देता ट्रैक्टर चालक

जब मैने ट्रेक्टर रोकने का प्रयास किया तो चालक ने मुझ पर ट्रेक्टर चढ़ाकर मारने का प्रयास किया. किसी तरह मैं तो बच गया, लेकिन मेरी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई. टीम ने दो आरोपियों को दबोच लिया.

**नरेन्द्र सिंह राजपूत,** वनरक्षक

अवैध रूप से सागौन की कटाई की सूचना मिली थी। अमले ने दबिश देकर दो बदमाशों को पकड़ा है। मामले की जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद विस्तार से जानकारी दी जाएगी.

**प्रकाशचंद्र उईके,** वन परिक्षेत्र अधिकारी लाड़कुई

धार्मिक

### श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने उमड़ रही श्रोताओं की भारी भीड़

## सद्कर्मी के पास स्वयं चलकर आता वैभव : गोविंद जाने



नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 दिसंबर.** जो व्यक्ति सच्चे और ईमानदार इरादे नियत साफ रखते हैं, धन-संपत्ति दौलत स्वयं उनके पास आती है या उनकी सेवा करती है. यह कथन ईमानदारी, सच्चाई और निस्वार्थ कर्म के महत्व पर जोर देता है. हमारे परिवार का ऐसा माहौल होना चाहिए, जिससे गृहस्थ जीवन सफल हो जाए.

उक्त विचार सिंधी कालोनी में जारी श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ के दूसरे दिन संत श्री गोविन्द जाने ने कहे. गोदन सरकार हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में कथा का श्रवण करने श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है.

संत श्री गोविन्द जाने ने कहाकि लक्ष्मी जी को धन, समृद्धि, ऐश्वर्य और सुख-शांति की देवी माना जाता है, जबकि दरिद्रा या दरिद्रता का प्रतीक निर्धनता, अभाव और दुःख है। लक्ष्मी और दरिद्रा को अक्सर एक-दूसरे के विपरीत के रूप में देखा जाता है. उन्होंने कहा कि जिन-जिन मनुष्य ने सत्य का साथ दिया है, वह हमेशा अमर रहे. जब तक होठों पर दूसरी चीज धरी रहती है, तब तक हरि नाम नहीं निकल पाता.जब भगवान की कृपा होगी, तभी भगवान के दर्शन प्राप्त होंगे. भगवान के नाम से जिस यात्रा को करते हैं वह भगवान के नाम से ही पूर्ण हो जाती है. मनुष्य को कभी मेरा-मेरा नहीं करना चाहिए हर मनुष्य को हरि नाम लेना चाहिए. मन श्रेष्ठ हो, मन शांत हो, मन में भगवान के प्रति श्रद्धा भाव हो, अच्छे काम करना इसलिए आपका चरित्र सुगंध देगा. आपका मुरली वाला भला करेगा.

## सायबर फ्रॉड गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 दिसंबर.** लोगों को पैसे का प्रलोभन देकर, बैंक खाते खरीद कर, साइबर फ्रॉड करने वाले अंतराज्यीय गिरोह के 2 आरोपियों को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया.

22 दिसंबर को रितिक वर्मा, पिता संतोष वर्मा, निवासी ग्राम सेवनियाद्वारा एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें आरोपी रोहित निवासी दिवडिया, कपिल वर्मा नि. दिवडिया, अंकित नि. सीहोर, विष्णु साहू निवासी राजस्थान, विष्णू खावा नि. राजस्थान के द्वारा साइबर फ्रॉड कर पैसे निकालने की शिकायत की गई थी. थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध कायमी के पश्चात् कार्यवाही कर मैदानी स्तर पर प्राप्त साक्ष्यो एंव तकनीकी एनालिसिस के आधार पर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर से दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया. जिनसे अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन एवं एटीएम जप्त किया गया है.

सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि आरोपी खाते खरीद कर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर साइबर फ्रॉड में उपयोग करते थे. वह एटीएम द्वारा पैसे निकालकर दूसरे खातों में ट्रांसफर करते थे. आरोपी कमीशन बेस पर खाते खरीदते थे. पकड़े गए आरोपियों रोहित,कपिल वर्मा, अंकित, विष्णु साहू, विष्णू खावा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ की जा रही है.



# भारतीय गेंदबाजों का कहर

## तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 112 रन पर रोका



**तिरुवनंतपुरम 26 दिसम्बर. भारतीय महिला क्रिकेट टीम और श्रीलंका महिला टीम के बीच तीसरा टी20 तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है.**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, जो भारतीय गेंदबाजों ने सही साबित किया. तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 4 विकेट लिए, स्पिनर गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट चटकाए. श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने जीत के लिए 113 रनों का लक्ष्य रखा है. श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है, लेकिन उन्होंने धीमे शुरुआत की. दीप्ति शर्मा ने अट्टापट्टू के रूप में भारत को पहला विकेट दिलाया, श्रीलंका की कप्तान ने 12 गेंदें खेलकर सिर्फ 3 रन बनाए. पॉवरप्ले के आखिरी ओवर में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 2 ब? विकेट लिए. उन्होंने छठे ओवर की तीसरी गेंद पर ओपनर हसीनी परेरा (25) को आउट किया. ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने हर्षिता माधवी का विकेट लिया. हर्षिता ने 4 गेंदें खेलकर 2 रन बनाए.

### रेणुका सिंह ने लिए 4 विकेट

परेरा और हर्षिता माधवी के आलावा रेणुका सिंह ने इमेशा दुलानी और नीलाक्षी डी सिल्वा को आउट किया. दुलानी ने 27 रन बनाए, लेकिन इसके लिए 32 गेंदें खेली. कविशा दिलहरी ने 13 गेंदें खेलकर 20 रन बनाए, उन्हें दीप्ति शर्मा ने अपना शिकार बनाया. भारत के लिए सिर्फ रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने ही विकेट लिए, हालांकि कोई ऐसा गेंदबाज नहीं रहा जिसने 6 से अधिक की इकॉनमी से रन खर्चे. रेणुका सिंह ने 4 ओवरों में मात्र 21 रन देकर 4 विकेट लिए. दीप्ति शर्मा ने 4 ओवरों में 18 रन ही दिए, उन्होंने 3 विकेट चटकाए.

# बॉक्सिंग डे टेस्ट बना गेंदबाजों का खेल

## एमसीजी में घास का कहर : एक दिन में 20 विकेट, ऑस्ट्रेलिया 46 रन आगे

**मेलबोर्न 26 दिसम्बर.** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा एशेज टेस्ट मेलबर्न में खेला जा रहा है. मैच के पहले ही दिन 20 विकेट गिर गए और पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 4 रन बना लिए हैं.

### बोलैंड-नेसर ने एमसीजी को फिर बनाया ऑस्ट्रेलियाई किला

इस मुकाबले के पहले ही दिन नया इतिहास लिख दिया गया है, क्योंकि एशेज के इतिहास में पिछले 123 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब मेलबर्न में किसी टेस्ट मैच के पहले ही दिन 20 या उससे ज्यादा विकेट गिर गए हों. चौथे एशेज टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी. मेलबर्न की पिच बल्लेबाजी के लिए इतनी खराब रही कि देखते ही देखते ऑस्ट्रेलिया ने 51 के स्कोर तक 4 विकेट गंवा दिए थे. जैसे तैसे टीम 100 रनों के पार पहुंची. अंत में कंगारू टीम की पारी 152 रनों पर सिमट गई थी. इंग्लैंड की टीम जब बल्लेबाजी करने आई, तो उसका हाल ऑस्ट्रेलिया से भी बुरा रहा. इंग्लैंड ने 16 रन के भीतर 4 विकेट खो दिए थे. हैरी ब्रूक के 41 रन और गस एटकिंसन के 28 रनों की बदौलत इंग्लैंड टीम जैसे-तैसे 110 के स्कोर पर पहुंचकर सिमट गई. बताते चलें कि ये सभी 20 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए.



### 123 साल बाद हुआ ये कारनामा

मेलबर्न में खेले गए किसी टेस्ट के पहले दिन 20 या उससे ज्यादा विकेट आखिरी बार 1902 में गिरे थे. उस समय मैच के पहले ही दिन 25 विकेट गिर गए थे. यह स्थल स्टेडियम इतिहास में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है. किसी एक टेस्ट मैच के पहले दिन सबसे ज्यादा विकेट भी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के ही मैच में गिरे थे. 1888 में इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन 27 विकेट गिर गए थे.

### स्मिथ ने द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज़्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ़ जो रूट (214) के पास उनसे ज़्यादा कैच हैं। स्टीव स्मिथ ने जैक क्रॉली को दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज़्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए।

## एक नजर में



### शौरी ने की शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी

**राजकोट.** विदर्भ के ध्रुव शौरी ने राजकोट में हैदराबाद के ख़िलाफ विजय हजारे ट्रॉफ़ी मैच में 77 गेंदों में नाबाद 109 रनों की पारी खेलते हुए नारायण जगदीशन के लिस्ट ए क्रिकेट में लगातार सर्वाधिक (पांच) शतक लगाने के रिकॉर्ड को बराबर कर लिया है। तीन नंबर पर आने के बाद शौरी ने अमन मोखाड़े और यश राठौड़ के बीच हुई 148 रनों की ओपनिंग साझेदारी का पूरा लाभ लिया। शौरी ने अपनी पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए विदर्भ को पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 365/5 के स्कोर तक पहुंचाया। लिस्ट ए क्रिकेट में यह शौरी का आठवां शतक था। विदर्भ ने 89 रन से यह मुकाबला जीता। 2024-25 विजय हजारे ट्रॉफ़ी के नॉकआउट से ही शौरी का यह शतक लगाने का सिलसिला चला आ रहा है। पिछले सीजन उन्होंने क्वार्टर फ़ाइनल, सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल में शतक जड़े थे। करुण नायर के साथ मिलकर विदर्भ को फ़ाइनल तक ले जाने में अहम भूमिका निभाने वाले शौरी अपनी टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने आठ पारियों में 70.47 की औसत और 92.68 की स्ट्राइक रेट के साथ 494 रन बनाए थे।

### पीएसपीबी टीमों ने पूरा किया गोल्डन डबल

**इंदौर.** पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) के पुरुषों ने पुराना हिसाब बराबर करने के लिए एक शानदार प्रदर्शन किया, शुक्रवार को यहां एएआई 52वीं इंस्टीट्यूशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) को पिछले संस्करण की हार का करारा जवाब देते हुए 3-0 की शानदार जीत के साथ पुरुष टीम का खिताब जीता। यह जीत और भी खास थी क्योंकि इसने अभय प्रशाल में एक बेहतरीन दोपहर को पूरा किया, जहां पीएसपीबी की महिलाओं ने पुरुषों की तरह ही शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को इसी अंतर से हराकर एक यादगार गोल्डन डबल हासिल किया। बदले से लेकर दबदबे तक, पीएसपीबी ने अपनी श्रेष्ठता के बारे में कोई संदेह नहीं छोड़ा, एक ऐसा फाइनल लिखा जो दोनों टीमों में गहराई, अनुभव और चैंपियनशिप स्वभाव को दर्शाता था। पीएसपीबी ने शुरुआत से ही लय बनाई और अपनी पकड़ कभी ढीली नहीं की, एक ऐसा प्रदर्शन किया जिसने यह साबित किया कि वे चैंपियनशिप को निर्विवाद डबल चैंपियन के रूप में क्यों खत्म कर पाए। शुरुआत से ही इरादा साफ था क्योंकि हरमीत देसाई ने रेलवे के शीर्ष खिलाड़ी आकाश पाल को सीधे गेम में 11-5, 11-6, 11-5 से हरा दिया.

### नोएडा निंजास ने कानपुर वारियर्स को मात दी

**नोएडा.** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में देर रात गुरुवार को उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, अकस्मात शुरू हुए देर रात कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नोएडा निंजास और कानपुर वारियर्स के बीच हुआ जहां नोएडा निंजास ने कानपुर वारियर्स के 39-36 से मात देकर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कबड्डी सीजन दो प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता की शुरुआत गत बुधवार को होना था, जिसके लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन एवं खेल संबंधी प्रशासन से अनुमति में देरी होने के चलते ये समस्या सामने आई जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चतुर्थ के अंतर्गत पाबंदियों अथवा निर्देशों का हवाला देते हुए कबड्डी खेल आयोजन को स्थगित कर दिया गया था,जो 24 दिसंबर तय तारीख के मुताबिक आयोजित नहीं की जा सकी, अथवा कुछ समय पश्चात जिला प्रशासन के जारी निर्देशों के अनुपालन के तहत कबड्डी खेल परिसर में एयर प्यूरिफायर और मास्क लगाने की अनिवार्य शर्त पर आयोजन के लिए मंजूरी दे दी गई।

### 70 टीमें जूनियर नेशनल खो खो स्पर्धा में भाग लेंगी

**बेंगलुरु,.** 44वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप 2025-26 में लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जो 31 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक गुंजूर, बेंगलुरु में होगी। लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। राज्यों के अलावा, कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य भारत जैसे मान्यता प्राप्त खो खो संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें भी चैंपियनशिप में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जो लीग-कम-नॉकआउट आधार पर होगी। सभी की निगाहें महाराष्ट्र पर होंगी, जिसने 25 से 29 नवंबर, 2024 तक अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में आयोजित 43वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में खिताब जीता था। लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच सुबह और क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर में 03 जनवरी को होंगे। 04 जनवरी को, सेमीफाइनल सुबह और उसके बाद फाइनल होंगे। लड़कों और लड़कियों दोनों टीमों को 8-8 समूहों में बांटा गया है।

# कतर और ओमान में टी20 विश्व कप ट्रॉफी

**नयी दिल्ली, 26 दिसंबर भारत में राम सेतु के नाम से मशहूर, सांस्कृतिक रूप से पूजनीय एडम ब्रिज पर अपने शानदार लॉन्च के बाद, डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने कतर और ओमान में अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा किया।**

इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख शहरों और मशहूर जगहों पर फैंस, छात्रों और समुदायों को शामिल किया गया। कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलाइन के सामने थी। यह देश की समुद्री विरासत और ग्लोबल खेल में उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक था। देश भर की अपनी यात्रा के दौरान, ट्रॉफी ने कतर के कई सबसे मशहूर जगहों का दौरा किया, जिनमें सीलाइन बीच, एस्पायर ज़ोन (जिसे दोहा स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाता है), कटारा कल्चरल विलेज, सूक वकीफ और लुसैल बुलेवार्ड शामिल हैं। ट्रॉफी को एक केंद्रीय सार्वजनिक सभा स्थल पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी, दूतावास और सामुदायिक नेता मौजूद थे, जिससे फैंस को ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन और फोटो के अवसरों के माध्यम से जुड़ने का मौका मिला।




# फैन ने की हार्दिक पांड्या से बदतमीजी

## सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल



**नई दिल्ली 26 दिसम्बर. भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या एक बार फिर चर्चा में हैं. हालांकि इस बार वजह उनका खेल नहीं बल्कि मैदान के बाहर का एक वीडियो है.**

सोशल मीडिया पर हार्दिक का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक फैन हार्दिक के साथ बदतमीजी करता नजर आता है. इसके बाद हार्दिक का रिएक्शन देखने लायक होता है. यह घटना क्रिसमस ईव की बताई जा रही है, जब हार्दिक पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आए. वीडियो में देखा जा सकता है कि हार्दिक पहले माहिका को बड़े आराम से कार में बैठने में मदद करते हैं. इसके बाद वह कुछ फेंस के साथ सेल्फी भी लेते हैं. हालांकि, जब हार्दिक वहां से जाने लगते हैं, तो कुछ फैन लगातार और तस्वीरें लेने की जिद करने लगते हैं.

### हार्दिक का रिएक्शन बना मिसाल

इस अपमानजनक टिप्पणी के बावजूद हार्दिक पंड्या ने न तो पलटकर जवाब दिया और न ही कोई गुस्से वाला रिएक्शन दिया. वह चुपचाप वहां से चले गए. उनका यही शांत व्यवहार सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत रहा है और खूब वायरल हो रहा है.

# 18 चैलेंजर ट्रॉफी पर श्रीजी ग्रीन सीहोर का कब्जा



**भोपाल 26 दिसम्बर.** आज सुबह चैलेंजर ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला श्रीजी ग्रीन सीहोर और ग्रीन पैराडाइज भोपाल के मध्य खेला गया जिसमें श्रीजी ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 208 रनों का विशाल लक्ष्य रखा जिसमें आदित्य अग्रवाल ने 64 आदर्श ने 49 और विकास ने 33 रनों की पारी खेली ग्रीन पैराडाइज की गेंदबाजी में योगेश को दो विकेट मिले रवि सचिन और हुसैन को एक-एक विकेट मिला. लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन पैराडाइज की पूरी टीम 148 रनों पर आउट हो गए और श्रीजी ग्रीन ने 60 रनों से फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया

ग्रीन पैराडाइज की ओर से रवि नरवर ने सर्वाधिक 37 रनों का योगदान दिया दिव्यांशु ने 29 और सचिन ने 19 रनों का योगदान दिया. अनंत अग्रवाल की शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें एल आई सी मैन ऑफ़ द फाइनल चुना गया प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण माननीय पीसी शर्मा एवं माननीय अरणेश्वर सिंह देव बाबा साहब के द्वारा किया गया इस मौके पर समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे

# 7 साल से नहीं बढ़ी अंपायर की सैलरी

**नई दिल्ली 26 दिसम्बर.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले कुछ सालों में खिलाड़ियों की सैलरी में काफी इजाफा किया है, वो चाहे इंटरनेशनल टीम के हो या घरेलू खिलाड़ी, पुरुष हों या महिला क्रिकेटर्स, बीसीसीआई ने हालिया कुछ सालों में खिलाड़ियों की कमाई में बढ़ोतरी की है, जिसकी काफी तारीफ दूसरे देश के खिलाड़ी और क्रिकेट एक्सपर्ट करते रहते हैं.

हालांकि बीसीसीआई के तहत जितने भी अंपायर्स आते हैं, उनकी सैलरी में पिछले 7 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ है. एक रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है, जिसमें बताया गया है कि बीसीसीआई के अंडर में फिलहाल 186 अंपायर हैं, जिन्हें 4 अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया है.



भारतीय घरेलू क्रिकेट में कुछ ही दिनों पहले रणजी ट्रॉफी और फिर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का सीजन खेल गया, जिसके बाद, अब विजय हजारे ट्रॉफी का सीजन शुरू हो चुका है. इसके समापन के बाद फिर से रणजी ट्रॉफी का दूसरा हिस्सा शुरू होगा. इनके अलावा, सीनियर विमेंस वनडे और टी20 टूर्नामेंट भी होते हैं, जबकि जूनियर लेवल के भी कई मैच होते हैं. इन सभी में अंपायरिंग की जिम्मेदारी बीसीसीआई के मौजूदा कुल 186 अंपायर संभालते हैं.

### मुंबई ने उत्तराखंड को हराया

**नई दिल्ली 26 दिसम्बर.** विजय हजारे ट्रॉफी में अपने दूसरे मुकाबले में मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रनों से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 50 ओवरों में 7 विकेट पर 331 रन बनाए थे. रोहित शर्मा का बल्ला आज नहीं चला, वह शून्य पर आउट हो गए. हार्दिक तमोर ने 93 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला. लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तराखंड की टीम 50 ओवरों में 280 रन ही बना पाई. इस जीत के बाद शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम अपने ग्रुप की अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है.



## विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की दमदार जीत

# कोहली-पंत चमके, रिंकू का शतक

**नई दिल्ली 26 दिसम्बर. विजय हजारे ट्रॉफी के शुक्रवार के मुकाबले भारतीय घरेलू क्रिकेट की उसी तस्वीर को सामने लाए, जहां अनुभव और युवा जोश एक साथ मैदान पर असर छोड़ते हैं।**

जयपुर में खेले गए एलीट ग्रुप सी मुकाबले में महाराष्ट्र ने सिक्किम को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने उतरी महाराष्ट्र की टीम ने राजवर्धन हंगारगेकर की घातक गेंदबाज़ी के दम पर सिक्किम को महज़ 150 रन पर समेट दिया। हंगारगेकर ने 21 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि रामकृष्ण घोष ने तीन बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेजा। लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराष्ट्र ने कोई जल्दबाज़ी नहीं दिखाई। पृथ्वी शॉ ने 51 रन की सधी हुई पारी खेली, अर्शिन कुलकर्णी ने 40 रन जोड़े और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 38 रन बनाकर नाबाद लौटे। महाराष्ट्र ने 18 ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया, जिससे मुकाबले की एकतरफापन साफ़ झलकी।

### सिक्किम पर एकतरफा जीत

बेंगलुरु में एलीट ग्रुप डी का मैच पूरी तरह अलग कहानी लेकर आया, जहां दिल्ली और गुजरात के बीच मुकाबला आख़िरी ओवरों तक सांस रोकने वाला रहा। दिल्ली की जीत के केंद्र में रहे विराट कोहली और कप्तान ऋषभ पंत। कोहली ने लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ते हुए 61 गेंदों में 77 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और एक छक्का शामिल था। वहीं पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन की आक्रामक पारी खेली। दिल्ली ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन बनाए, जवाब में गुजरात की टीम लक्ष्य के बेहद करीब पहुंची, लेकिन 47.4 ओवर में 247 रन पर सिमट गई।

**छक्कों का साल** — अभिषेक शर्मा ने 100 से ज़्यादा छक्के जड़कर रचा इतिहास, युवा बल्लेबाज़ों ने बदली भारतीय क्रिकेट की तस्वीर

# 2025 में भारतीय क्रिकेट पर पावर-हिटर्स का राज



साल 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए सिर्फ़ जीत और हार का साल नहीं रहा, बल्कि यह पावर-हिटिंग के उभार का साल बनकर सामने आया। टेस्ट से लेकर टी-20 और घरेलू टूर्नामेंट तक, भारतीय बल्लेबाज़ों ने यह साफ़ कर दिया कि अब छक्का सिर्फ़ जोखिम नहीं, रणनीति है। इस बदलती तस्वीर के सबसे बड़े चेहरे बने अभिषेक शर्मा, जिन्होंने हर फॉर्मेट को मिलाकर 100 से ज़्यादा छक्के जड़ते हुए भारतीय क्रिकेट में एक नया बेंचमार्क सेट किया। अभिषेक शर्मा का 2025 का सफ़र बताता है कि आक्रामक बल्लेबाज़ी अब किसी एक फॉर्मेट तक सीमित नहीं रही। अंतरराष्ट्रीय मैचों, आईपीएल और घरेलू टूर्नामेंटों में उन्होंने जिस निरंतरता से गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजा, उसने चयनकर्ताओं और विरोधी टीमों—दोनों को सोचने पर मजबूर किया। ईशान किशन का नाम इस पावर-हिटिंग लिस्ट में होना किसी को हैरान नहीं करता। 2025 में उन्होंने घरेलू और सीमित ओवरों के मुकाबलों में लगातार बड़े शॉट लगाए। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ के तौर पर उनकी भूमिका सिर्फ़ रन बनाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने मिडिल ऑर्डर में आकर मैच की दिशा बदलने का काम किया।

इस सूची में दूसरा बड़ा नाम उभरता है वैभव सूर्यवंशी का, जिन्हें 2025 की सबसे बड़ी खोजों में गिना जा रहा है। कम उम्र और सीमित अनुभव के बावजूद वैभव ने आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में जिस बेख़ौफ़ अंदाज़ में बल्लेबाज़ी की, उसने उन्हें तेजी से चर्चा में ला दिया। बड़े गेंदबाज़ों के खिलाफ बिना झिझक छक्के मारना उनके खेल की पहचान बन गई। क्रिकेट जानकारों का मानना है कि अगर यही ग्राफ़ बना रहा, तो वैभव आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट का स्थायी चेहरा बन सकते हैं।



# सोना ने ऑल टाइम में रचा इतिहास

## सोने के दाम भी चढ़े, निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी



**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. साल के आखिरी दिनों में सर्राफा बाजार में जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है. चांदी की कीमतों में लगातार उछाल जारी है और शुक्रवार को इसमें 13 हजार रुपये से ज्यादा की बड़ी तेजी दर्ज की गई. वहीं सोने के भाव में भी मजबूती देखने को मिली है.**

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता और सुरक्षित निवेश की मांग के चलते कीमती धातुओं की चमक और तेज हो गई है. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025 को चांदी (999 शुद्धता) की कीमत रुपए 232,100 प्रति किलो पर पहुंच गई, जो बुधवार 24 दिसंबर की तुलना में कै.13,117 ज्यादा है. इससे पहले 19 दिसंबर को चांदी का भाव कै.200,336 प्रति किलो था, एक हफ्ते में चांदी करीब 32 हजार रुपये महंगी हो चुकी है. सोने के दाम भी चढ़े- सोने की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

24 दिसंबर को 22 कैरेट सोने का भाव रुपए 125,150 प्रति 10 ग्राम था, जो शुक्रवार को बढ़कर कै.126,329 प्रति 10 ग्राम पहुंच गया. यानी दो दिनों में सोना करीब कै.1,179 महंगा हुआ है. आज के ताजा रेट)-24 कैरेट सोना (999) कै.137,914 प्रति 10 ग्राम- कै.1,287 महंगा-23 कैरेट सोना (995) कै.137,362 प्रति 10 ग्राम- रुपए 1,282 महंगा- 22 कैरेट सोना (916) रुपए126,329 प्रति 10 ग्राम — 1,179 महंगा. 18 कैरेट सोना (750)- रुपए103,436 प्रति 10 ग्राम- कै. 966 महंगा. 14 कैरेट सोना (585) रुपए 80,680 प्रति 10 ग्राम - कै. 753 महंगा. चांदी (999)कै. 232,100 प्रति किलो- कै.13,117 महंगी. विशेषज्ञों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती, डॉलर में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनाव के चलते सोना-चांदी को सुरक्षित निवेश के तौर पर खरीदा जा रहा है.

> **सोने में तेजी के 3 बड़े कारण-** रिकॉर्ड महंगाई, वैश्विक अनिश्चितता और कमजोर डॉलर के बीच कीमती धातुओं की कीमतें नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा स्तरों पर निवेश करते समय जल्दबाजी नहीं, बल्कि रणनीति जरूरी है। डॉलर की कमजोरी- अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती से सोने की होल्डिंग सस्ती हुई. भू-राजनीतिक तनाव- रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विक अस्थिरता- सेंट्रल बैंक खरीदारी- चीन सहित कई देशों ने 900 टन से ज्यादा सोना खरीदा.

## एआई से सजे सपने- होम क्रेडिट इंडिया का नया साल कैंपेन लॉन्च

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर.** अग्रणी कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी, होम क्रेडिट इंडिया ने आज अपने पहले एआई आधारित कैंपेन ससपनों का नया साल को लॉन्च करने की घोषणा की है. यह कैंपेन उनके ब्रांड विचार सजिंदगी हिट! का ही एक विस्तार है. यह होम क्रेडिट इंडिया के लिए नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे के साथ मिलकर एक सिनेमैटिक फिल्म के रूप में विकसित किया गया है, जो बीते हुए साल की यादों को समेटते हुए आशाओं से भरे भविष्य का स्वागत करती है. यह फिल्म ब्रांड को एक टेक-फॉरवर्ड और भरोसेमंद साथी के रूप में पेश करती है, जो देश भर के ग्राहकों की विविध आकांक्षाओं को कभी भी और कहीं भी पूरा करने के लिए तैयार है.

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

**356** अंक से फिसला सेंसेक्स

**99** अंक से गिरा निफ्टी



**मुंबई, 26 दिसंबर. रुपये में जारी नरमी से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 356.24 अंक ( 0.42 प्रतिशत ) टूटकर 85,052.46 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 26,042.30 अंक पर रहा.**

यह लगातार दूसरा दिन है जब बाजार में गिरावट में रही है. डॉलर की तुलना में रुपये में नरमी का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया. मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हावी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया. स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.08 फीसदी टूटा. आईटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरकर बंद हुए.

> सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयर करीब डेढ़ फीसदी टूट गये. टीसीएस, इटरनल, सनफार्मा और टेक महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक गिरे. पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक,आटीसी, अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील में भी गिरावट रही. टाइटन का शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा. एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी तेजी रही.



# भारतीय सेना-नौसेना-वायुसेना को बड़ी मजबूती

**स्वदेशी हथियार प्रणालियों पर सरकार का फोकस तेज**

**दिल्ली एनसीआर की सुरक्षा से लेकर ड्रोन ताकत तक**

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च खरीद संस्था रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में कई अहम स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं को मंजूरी दिए जाने की संभावना है.**

इस बैठक का मुख्य फोकस भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की क्षमताओं को आधुनिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना रहा. सूत्रों के अनुसार, डीएसी की बैठक में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र को हवाई खतरों से सुरक्षित रखने के लिए स्वदेशी एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली, सेना की ड्रोन क्षमताओं में इजाफा, नौसेना के युद्धपोतों की सुरक्षा और वायुसेना के लिए आधुनिक मिसाइल प्रणालियों पर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं. सरकार का जोर न केवल रक्षा तैयारियों को मजबूत करने पर है, बल्कि अधिकतम उपकरण स्वदेशी स्रोतों से हासिल करने पर भी है. इसी रणनीति के तहत लोइटरिंग मुनिशन्स, पिनाका रॉकेट, एस्ट्रा मार्क-2 मिसाइल और टी-90 टैंकों के नवीनीकरण जैसे प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है.

> भारत द्वारा अमेरिका से दो सी गार्जियन एम क्यू -9बी एचएएलई ड्रोन को लगभग तीन वर्षों के लिए लीज पर लेने पर भी निर्णय लिया जा सकता है. भारत पहले ही 31 ऐसे ड्रोनों की खरीद का करार कर चुका है, जिनकी आपूर्ति 2028 से शुरू होने की उम्मीद है. वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए 200 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली एस्ट्रा मार्क-2 वायु-से-वायु मिसाइलों के विकास और खरीद को मंजूरी मिलने की संभावना है. इसके साथ ही सीमित संख्या में मेटियोर मिसाइलों की खरीद पर भी विचार किया जा रहा है.

# भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमानों से कहीं बेहतर होगी : गोल्डमैन



**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के एक ताजा अनुमान के अनुसार भारत अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा और देश की वृद्धि की रफ्तार वैश्विक स्तर पर लगाये जा रहे अनुमानों से बेहतर होगी.**

इस प्रतिष्ठित बैंकिंग की शुक्रवार को प्रकाशित मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वास्तविक (स्थिर कीमत पर) वृद्धि 6.7 प्रतिशत और 2027 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है. यह धीमी पड़ रही वैश्विकअर्थव्यवस्था के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते जुझारूपन और संरचनात्मक शक्ति को दिखाता है. रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्धि के बारे में ये अनुमान अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी ऊपर हैं. भारत से इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद ऐसे समय में है जबकि कड़ी वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और लगातार व्यापार बाधाओं के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी होने के आसार हैं.

# भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में तेज उछाल

**राउंडअप 2025**

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. अमेरिका तथा यूरोपीय संघ (ईयू) के बाजार के लिए निर्यात में तेज बढ़ोतरी की बदौलत इस वर्ष नवंबर में देश के इंजीनियरिंग निर्यात में 23.76 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गयी. भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी-इंडिया) के गुरुवार को जारी एक विश्लेषण के मुताबिक नवंबर के आंकड़ों में सुधार यूरोप और अमेरिकी बाजारों में निर्यात में तेजी के साथ साथ एक साल पहले के तुलनात्मक निम्न आधार के प्रभाव का भी हाथ है.**

अक्टूबर में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात एक साल पहले की तुलना में 17 प्रतिशत घटकर 9.37 अरब डॉलर के चालू वित्त वर्ष के न्यूनतम स्तर पर आ गया था. नवंबर 2025 में यह बढ़ कर 11.01 अरब डॉलर हो गया, जो इस वित्त वर्ष का अब तक का सर्वोच्च मासिक स्तर है. यह नवंबर 2024 के 8.90 अरब डॉलर की तुलना में 23.76 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है.

ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा, नवंबर 2025 में इंजीनियरिंग निर्यात ने चालू वित्त वर्ष में पहली बार 11 अरब डॉलर का आंकड़ा पार किया है. यह निर्यातक समुदाय के अथक प्रयासों का प्रमाण है, जिसने अक्टूबर 2025 में 17 प्रतिशत सालाना गिरावट के बाद तेज़ी से स्थिति में सुधार किया है. इंजीनियरिंग निर्यात की वृद्धि कहानी वैश्विक व्यापार में सकारात्मक रुझान को दर्शाती है. हाल ही में प्रकाशित अंकटाड के व्यापार के रुझानों पर जारी -ट्रेड अपडेट के अनुसार, 2025 की दूसरी छमाही में वस्तुओं और सेवाओं के वैश्विक व्यापार में वृद्धि जारी रही और इसके 2024 की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत बढ़कर पहली बार 35000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार करने की उम्मीद है.

ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष ने केंद्र सरकार द्वारा हाल में निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दिए जाने की सराहना करते हुए यह भी कहा कि ओमान और न्यूज़ीलैंड के साथ हाल में संपन्न व्यापार समझौते इंजीनियरिंग निर्यात को और गति देंगे.

> ईईपीसी ने कहा है कि भारत से निर्यात की जाने वाली 34 उत्पाद श्रेणियों में से 32 के नवंबर के निर्यात में में साल-दर-साल आधार पर अधिक निर्यात दर्ज किया. इस दौरान मोटर वाहन/कारें, जहाज़, नौकाएँ और तैरते ढांचे, कृषि, डेयरी आदि के लिए औद्योगिक मशीनरी, विद्युत मशीनरी एवं उपकरण तथा तांबा और तांबे से बने उत्पाद जैसे खंडों का प्रदर्शन विशेष रूप से अच्छा रहा. ईईपीसी इंडिया के अनुसार अमेरिका और यूरोपीय संघ भारत के निर्यात के लिए दो प्रमुख बाजार हैं, जहां निर्यात में नवंबर में उल्लेखनीय उछाल देखा गया. जहां सितंबर और अक्टूबर 2025 में अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात में क्रमशः 9.4 प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत की सालाना गिरावट तथा नवंबर 2024 में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी. इसी तरह यूरोपीय संघ को इंजीनियरिंग निर्यात भी पिछले दो महीनों की गिरावट के बाद नवंबर में 39 प्रतिशत बढ़ा.

# एलआईसी की ग्रामीण भारत में पहुंच बढ़ी

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**नई दिल्ली, 26 दिसंबर. सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा निगम ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बीमा पहुंच को मजबूत करने के लिए सहज इंश्योरेंस सर्विसेज के साथ एक रणनीतिक सहयोग की घोषणा की है.**

इस सहयोग के तहत कानोरिया फाउंडेशन की कंपनी सहज का सहायक डिजिटल सेवा नेटवर्क एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनायेगा. इससे लोगों को पॉलिसियों के बारे में समझने, पॉलिसी लेने और उसके प्रबंधन में मदद मिलेगी, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां बीमा के प्रति जागरूकता पारंपरिक रूप से कम रही है. एलआईसी के क्षेत्रीय प्रबंधक सौमेंद्रनाथ बंदोपाध्याय ने कहा, एलआईसी हमेशा समाज के हर वर्ग तक जीवन बीमा सुरक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है. सहज इंश्योरेंस सर्विसेज के साथ

> सहज इंश्योरेंस सर्विसेज के निदेशक बिस्वजीत चटर्जी ने कहा, एलआईसी के साथ यह सहयोग बीमा तक पहुंच को सार्वभौम बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है. एलआईसी की विश्वसनीय विरासत को अंतिम छोर तक पहुंच और सहायक डिजिटल मॉडल के साथ जोड़कर, हमारा लक्ष्य बीमा को सरल, अधिक सुलभ और वास्तव में समावेशी बनाना है. सहज इंश्योरेंस सर्विसेज सहज रिटेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और कानोरिया फाउंडेशन की पहल का हिस्सा है.

## स्थानीय निवासियों ने टाटा स्टील से मांगा 1.4 अरब यूरो का जुर्माना

**मुंबई, 26 दिसंबर.** नीदरलैंड के वेल्सन-नूरड के निवासियों ने टाटा स्टील पर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए 1.4 अरब यूरो (लगभग 148 अरब रुपये) के हर्जाने की मांग के लिए मुकदमा दायर किया है. टाटा स्टील ने गुरुवार देर रात शेयर बाजारों को बताया कि नेल्सन-नूर्ड के निवासियों के संगठन स्टिचिंग फ्रिस विंड.एनयू (एसएफडब्ल्यू) ने हारलेम स्थित उत्तरी हॉलैंड की जिला अदालत में यह मुकदमा दायर किया है.

# टैरिफ की मार के बाद 2026 में भारत को बड़ा मौका मिलेगा

**नई, दिल्ली, 26 दिसंबर. वैश्विक व्यापार व्यवस्था एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है. वर्ष 2025 को ऊंचे टैरिफ, टूटी हुई सप्लाई चेन और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के लिए याद किया जाएगा.**

इसी उथल-पुथल के बीच 2026 को एक ऐसे साल के रूप में देखा जा रहा है, जहां देश नई व्यापार वास्तविकताओं के साथ तालमेल बैठाने की कोशिश करेंगे. एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यह संक्रमणकाल भारत के लिए जोखिम के साथ-साथ बड़े अवसर भी लेकर आ सकता है. मजबूत घरेलू बुनियाद के दम पर भारत वैश्विक व्यापार में अपनी भूमिका और मजबूत कर सकता है. एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिहाज से 2025 एक ऐसा साल रहा, जब ऊंचे टैरिफ और बाधित सप्लाई चेन ने देशों की आर्थिक नीतियों को नए सिरे से परिभाषित किया.

**समाचार विशेष**

# अब दक्षिण में परचम लहराना चाहेगी भाजपा

## 2026 में इन 2 राज्यों पर होगी खास नजर

**नई दिल्ली. 2024 के लोकसभा चुनावों और 2025 में दिल्ली एवं बिहार में हुए विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय राजनीति का रुख एक बार फिर साफ दिखाई देने लगा है. उत्तर भारत में अपनी मजबूत पकड़ को और पुख्ता करने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी की नजर देश के दक्षिणी राज्यों पर टिकी है.**

खासतौर पर 2026 में होने वाले तमिलनाडु और केरल विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी ने अभी से रणनीतिक तैयारी शुरू कर दी है. ये दोनों राज्य लंबे समय से बीजेपी के लिए कठिन चुनौती बने रहे हैं और ये विपक्ष के सबसे मजबूत किले माने जाते हैं.

**2025 में आए नतीजों से बढ़ा है आत्मविश्वास-** 2025 बीजेपी के लिए राजनीतिक रूप से बेहद अहम साल रहा. इस साल हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी ने उत्तर भारत में अपनी स्थिति पहले से भी ज्यादा मजबूत कर ली. एक तरफ जहां बीजेपी ने दिल्ली की सत्ता में लंबे समय के बाद वापसी की, वहीं बिहार में अपनी स्थिति को और पुख्ता किया.




वहीं, 2024 के अंतिम महीनों में हुए महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने धमाकेदार जीत दर्ज करके पहले ही अपनी स्थिति काफी पुख्ता कर ली थी. इन सारी जीतों ने बीजेपी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि विरोधियों को यह संकेत भी दिया है कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा, चुनाव प्रबंधन और नेतृत्व अभी भी पूरी तरह प्रभावी है.

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर भारत के कई राज्यों में अपने विरोधियों पर अच्छी-खासी बढ़त हासिल कर ली है, लेकिन पार्टी केवल 'हिंदी पट्टी' तक सीमित नहीं रहना चाहती.

# चुनावों में निष्क्रिय 12 दलों का पंजीकरण होगा रद्द

**जम्मू. भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले लंबे समय से निष्क्रिय पंजीकृत राजनीतिक दलों को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है. आयोग ने ऐसे दलों की डीलिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू की है.**

देश भर में निर्वाचन आयोग ने ऐसे 474 दलों को चिन्हित किया है जिनमें बारह राजनीति दल जम्मू कश्मीर के भी है, जिनकी अब तक चुनावों में न तो कोई सक्रियता नजर आई है और न ही उन्होंने निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन किया है. आयोग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, नियमों और वैधानिक शर्तों का पालन न करने वाले दलों को सूची से हटाया जा रहा है.

**डीलिस्टिंग प्रक्रिया में शामिल दल-** जारी सूची के अनुसार जम्मू-कश्मीर से जिन दलों के नाम डीलिस्टिंग प्रक्रिया में शामिल हैं, उनमें आल जेएंडके किसान मजदूर पार्टी, बैकवर्ड क्लासेज डेमोक्रेटिक पार्टी (जम्मू-कश्मीर), डुग्गर प्रदेश पार्टी, फ्रंट आफ रेवोल्यूशनाइज्ड क्रिएटिव एफर्ट्स, जम्मू एंड कश्मीर नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट, जम्मू कश्मीर पीपुल्स पार्टी (सेक्युलर), जम्मू कश्मीर सेव पार्टी, जम्मू स्टेट मोर्चा (प्रोग्रेसिव), कश्मीर डेवलपमेंट फ्रंट, नेचर मैनकाइंड फ्रेंडली ग्लोबल पार्टी, सेक्युलर पार्टी आफ इंडिया और सोशल मूवमेंट पार्टी शामिल हैं. निर्वाचन आयोग के अनुसार इन दलों द्वारा लंबे समय से आवश्यक दस्तावेज, लेखा-जोखा, चुनावी गतिविधियों की जानकारी और अन्य वैधानिक औपचारिकताओं का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते यह सख्त कदम उठाया गया है.


**विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल**

नं. एसबी/ स्टोर/ 2025-25 ( 624 ), भोपाल — दिनांक 17.12.2025

**ऑनलाइन ई-निविदा सूचना**

पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश की ओर से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा (जी) पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| S.No. | Name of Item(S) | Qty. | Tender Fees (Rs.) | EMD (Rs.) | Tenders No. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Paid Online Through mptenders.gov.in | | |
| 1 | Smart Lecture Hall | 01 | 2,000/- | 24,000/- | 1st Tender |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर जमा किये जाएंगे.
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है.
3. मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोन की जा सकती है.
4. निविदा समय सारणी

| No. | Tender Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| i | निविदा प्रकाशन की दिनांक | 17/12/2025 at 1700 hrs. |
| ii | निविदा प्रपत्र डाउनलोन करने की प्रारंभ दिनांक | 17/12/2025 up to 1730. hrs. |
| iii | submission of written queries- through e-mail: aigg-sb@mppolice.gov.in | 23/12/2025 up to 1700 hrs. |
| iv | प्री-बिड दिनांक | 24/12/2025 at 1200 hrs. |
| v | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 25/12/2025 at 1000 hrs. |
| vi | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 15/01/2025 up to 1600 hrs. |
| vii | निविद खोलने की दिनांक | 16/01/2026 up to 1600 hrs. |
| viii | डिमांस्ट्रेशन दिनांक | Demo date will be announced separately |

5. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे. अत: वेबसाइट पर अद्यतन रहें.
6. निविदा में दर्शाए दिनांक/ समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरांत तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाइट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी.

उप पुलिस महानिरीक्षक
गुप्तवार्ता ( जी ) म.प्र. भोपाल
दूरभाष क्र.- 0755-2443654

जी-23371/25



**कार्यालय नगर पालिका परिषद,सिरोंज जिला विदिशा ( म.प्र. )**

क्रमांक/ निविदा/ 25/ 2997 — **ई-टेंडर आमंत्रण सूचना** — सिरोंज दिनांक 24.12.2025

नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है -

| टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू. | ऑनलाइन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD_468306_1 | वार्ड 21 हाथीथान मो. न्यू स्टार पेट्रोल पंप के पास स्थित कब्रिस्तान की बाउण्ड्रीबाल निर्माण कार्य। | 8,16,693 | 8200 | 2000 | 03 माह |

शर्त - टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सिरोंज**



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001 : 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.) – 492006
CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY
Phone : 0771-6621000 Fax : 0771-2583794
Website : www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

No.: 28 /CSIDC/E.E. Division-I/2025-26/ 182258 — Raipur, dated 23/12/2025

Online tenders are invited in **Form-B Item rate basis, from "A"class Electrical license contractors'** Registered in D & Above class in new registration system "Unified Registration System- (e-Registration)" with Chhattisgarh P.W.D website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works:-

| S.No. | Name of Work | Calss of Contractor Eligible to Tender | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying, Installation testing and commissioning of Octagonal pole and Solar LED Light for Street Lighting at Industrial Area Chainpur, Distt. Manendragarh (C.G.) | Registered in D class in new registration system "Unified Registration System- (e-Registration)" | 02 Months | 16.78 Lacs | 13,000/- | 885/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from **23/12/2025** and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by **Mjunction Services Limited**., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@ cgswan.gov.in.
2) Tenderer may contact to E.E., Div-I, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.

**Executive Engineer,**
**Division-I**

46369/3

# पीड़िता से दरिंदगी, अस्पताल गर्भपात

## लव जिहाद और गैंगरेप की खौफनाक कहानी

**इंदौर, 26 दिसम्बर . शहर में सामने आए लव जिहाद और सामूहिक दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है.**

पीड़िता के साथ की गई हैवानियत सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि समाज और सिस्टम दोनों पर बड़ा सवाल है. मामले को लेकर करणी सेना ने खुलकर आक्रोश जताया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. उसे लंबे समय तक शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया. आरोप है कि उसे नशीला पदार्थ एमडी खिलाकर बार-बार गैंगरेप किया. इस पूरे घटनाक्रम को संगठित तरीके से अंजाम दिया, जिसमें कई लोग शामिल रहे. मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह सामने आया है कि पीड़िता का गर्भपात इंदौर के दो अलग अलग निजी अस्पतालों में कराया. एक गर्भपात स्कीम नंबर 114 स्थित सर्वोत्तम अस्पताल में और दूसरा बापट चौराहा स्थित नहर अस्पताल में कराया. इस तथ्य ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. करणी सेना का कहना है कि यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि गर्भपात किसकी सहमति से और किन हालात में कराया. पीड़िता ने यह भी आरोप लगाए हैं कि दुष्कर्म के बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई. 3 से 4 युवकों ने मिलकर उसे धमकाया और चुप रहने का दबाव बनाया. आरोप है कि मुख्य आरोपी एजाज खान अपने दोस्तों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म करवाता था. हैरान करने वाली बात यह है कि यह सब पीड़िता के चार साल के बच्चे के सामने किया और बच्चे के साथ भी मारपीट की गई. करणी सेना का कहना है कि यह मामला केवल दुष्कर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानसिक उत्पीड़न, दबाव और सुनियोजित साजिश है. संगठन ने प्रशासन से स्पष्ट शब्दों में मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए. करणी सेना ने मांग की है कि सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, गर्भपात से जुड़े दोनों अस्पतालों की भूमिका की जांच हो,

> पीड़िता को पूरी सुरक्षा और मुआवजा दिया जाए तथा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए. संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी स्तर पर मामले को दबाने या आरोपियों को बचाने की कोशिश की गई, तो करणी सेना सड़क से लेकर प्रशासनिक कार्यालयों तक आंदोलन करेगी. इस दौरान करणी सेना हिंदूवादी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मानसिंह राजावत, नितिन सिंह ठाकुर, अंकित विश्वकर्मा सहित अन्य शामिल थे. संगठन ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा.

## कलेक्टर के औचक निरीक्षण में 90 कर्मचारी मिले गैरहाजिर

**सिंगरौली 26 दिसम्बर.** कलेक्ट्रोरेट दफ्तर में अधिकारियों में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कलेक्टर गौरव बैनल आज दिन शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे कलेक्ट्रोरेट भवन पहुंच एक-एक कक्षों का निरीक्षण करने लगे. कलेक्टर के निरीक्षण में 90 की संख्या में अधिकारी-कर्मचारी गैरहाजिर मिले हैं.जानकारी के अनुसार कलेक्टर गौरव बैनल ने आज दिन शुक्रवार को प्रात- 10-30 बजे औचक रूप से कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित विभिन्न शाखाओ कर्मचारी उपस्थित पंजी का अवलोकन किया. उपस्थिति पंजी में 90 कर्मचारियो के हस्ताक्षर नही मिलने के फल स्वारूप कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

# वन कर्मचारी व कांग्रेस आमने-सामने



**सिंगरौली 26 दिसम्बर. गोभा क्षेत्र के कार्यवाहक वन पाल बीट गार्ड के ऊपर लालजी बैगा ने गंभीर रूप से मारपीट करने का आरोप लगाया है. जहां इस मामले में अब नया मोड़ आ गया है.**

वन पाल सुशील कुमार बुनकर के पक्ष में आज म.प्र. वन कर्मचारी संघ सिंगरौली के अधिकारी-कर्मचारियों ने बैढ़न शहर में रैली निकाल कर संयुक्त कलेक्टर एवं सीएसपी को ज्ञापन सौपा है. गौरतलब है कि गोभा के ननिया निवासी लालजी बैगा ने बीट गार्ड उत्तर गोभा सुशील कुमार बुनकर पर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुये पुलिस के यहां शिकायत किया है. कार्रवाई न होने पर कांग्रेस पार्टी सक्रिय हुई और पिछले दिनों वन मण्डलाधिकारी दफ्तर के सामने कांग्रेसी पीड़ित लालजी बैगा के साथ धरने पर बैठ गये.

> डीएफओ ने जहां बीट गार्ड को गोभा से हटा कर बैढ़न तैनात कर दिया. वहीं कलेक्टर ने पीड़ित के मेडिकल जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित किया है. इधर यह मामला चल रही रहा था कि वन कर्मचारी संघ सिंगरौली के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह के अगुवाई में बीट गार्ड के पक्ष में रैली निकाल कर राजनैतिक पार्टियों पर निशाना साधते हुये कहा कि मारपीट का आरोप निराधार है. बीट गार्ड को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है. बीट गार्ड ने कोई गलत कार्य नहीं किया और उस पर कार्रवाई नही होनी चाहिए. वन कर्मचारी संगठन का कहना है कि लालजी बैगा के साथ वन विभाग का कोई भी कर्मचारी मारपीट नही किया है.

# एनआरएलएम के कार्यों की गहन समीक्षा

**जिला स्तरीय बैठक में उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश**



**झाबुआ, 26 दिसम्बर. मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को झाबुआ जिले में एक दिवसीय जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया.**

इस बैठक में उपायुक्त प्रशासन सुधा भार्गव उपस्थित रहीं. बैठक का शुभारंभ एनआरएलएम की स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा आत्मीय स्वागत के साथ किया गया. बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन के सभी वर्टिकल्स की प्रगति का आकलन करना था. जिला परियोजना प्रबंधक सोनिया कटारा की उपस्थिति में आयोजित इस सत्र में जिले के सभी जिला प्रबंधक, ब्लॉक प्रबंधक, सहायक ब्लॉक प्रबंधक, संकुल स्तरीय संगठन पदाधिकारी और सीआरपी सहित समस्त स्टाफ ने शिरकत की. बैठक के दौरान उपायुक्त प्रशासन ने मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति पर विस्तार से चर्चा की और फील्ड स्टाफ को बहुमूल्य फीडबैक दिया. उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल लक्ष्य पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका गतिविधियों में गुणवत्ता लाना और उनका सतत सशक्तिकरण करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए.

## कार से गांजे के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा.** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में दिनांक 25.12.25 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक प्रवीण आर्य,के नेतृत्व मे उप निरीक्षक अविनाश भोपले एवं थाना कोतवाली की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर (1) आरोपी सखाराम पिता मुन्नालाल चौहान उम्र 35 साल (2) संदीप पिता गुड्डू तिरोले उम्र 19 साल दोनों निवासी ग्राम पिपलिया डेब थाना सेंधवा ग्रामीण जिला बड़वानी की कार को चेक करने पर उक्त वाहन से 10.448 किलोग्राम गांजा कीमती एक लाख रुपए बरामद हुआ.

# विधायक के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल, पुतला फूंका

- जंगी जनाक्रोश रैली में उमड़ा जनसैलाब
- घोटाले और आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर घेरा



**सौसर, 26 दिसम्बर. विधायक विजय चौरे की कार्यप्रणाली और उनके द्वारा मोहोड़ परिवार के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में भाजपा ने शुक्रवार को सौंसर में विशाल 'जनाक्रोश रैली' निकालकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया.**

बाजार चौक से लेकर तहसील कार्यालय तक हुए इस उग्र प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तहसील के समक्ष उनका पुतला दहन किया. कार्यक्रम की शुरुआत बाजार चौक में आयोजित जनसभा से हुई. सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़ पांढुरना बीजेपी जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ छिंदवाड़ा अध्यक्ष शेषराव यादव, राजू परमार, संतोष जैन, हरीश बत्रा, मोरेश्वर मर्सकोले और पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे ने विधायक विजय चौरे को अपने दायरे में रहकर काम करने की सख्त नसीहत दी. नेताओं ने विधायक के स्वेच्छानुदान में हुए कथित घोटाले और असंवेदनशील कार्यप्रणाली को जनता के बीच रखा.

> **प्रशासन के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त**
> एसडीएम सौरभ पटेल और एडिशनल एसपी नीरज सोनी द्वारा ज्ञापन स्वीकार करने और पूरे मामले पर विधिसंगत कार्यवाही का ठोस आश्वासन देने के बाद आंदोलन वापस लेने की घोषणा की. जनाक्रोश रैली में पांढुरना, छिंदवाड़ा सहित मोहखेड़ से पार्टी नेता कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे .जानकारों के मुताबिक, इस प्रदर्शन में पांच हजार से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति दर्ज की गई.

## एक नजर में

### नौकरी दिलाने के नाम पर रेप, यूडीसी-प्यून गिरफ्तार

**जबलपुर, 26 दिसंबर.** अधारताल थाना अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवती के साथ दुराचार किया गया। मामले में पुलिस ने यूडीसी और प्यून को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि तिलवारा निवासी 22 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोशल मीडिया के जरिए उसे जानकारी मिली थी कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में संविदा आधार पर नौकरी के लिए कुछ पद निकले हैं। जानकारी के बाद युवती ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संपर्क नंबर तलाश किया जहां उसे कुलगुरु कार्यालय का टेलीफोन नंबर मिला। जब युवती ने इस नंबर पर कॉल किया तो फोन यूडीसी (अपर डिवीजन क्लर्क) दुर्गाशंकर सिंगरहा 58 वर्ष ने रिसीव किया था?। 25 दिसंबर की दोपहर दुर्गाशंकर ने उसे विश्वविद्यालय बुलाया और जल्द ही इंटरव्यू होने का झांसा दिया। युवती विश्वविद्यालय के कैंपस स्थित कृषि नगर कॉलोनी पहुंची। दुर्गाशंकर ने युवती को कॉल कर प्यून मुकेश सेन के घर पर बुलाया। मुकेश सेन बाहर निकल गया और कमरे का दरवाजा बंद कर दिया था। उसके बाद दुर्गाशंकर ने जबरन युवती से दुष्कर्म किया। उसके बाद युवती थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### अरूणोदय के 700 करोड़ों के विकास कार्य

**शाजापुर, 26 दिसंबर.** भाजपा ने शाजापुर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें दो साल के विकास कार्यों का बही खाता पेश किया. दो साल यानि 730 दिन में लगभग 700 करोड़ के विकास कार्य पूरी विधानसभा में अलग-अलग कराए गए. विधानसभा के विकास के लिए अरूणोदय हुआ. शाजापुर विधानसभा के लिए विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया. दो साल बेमिसाल जिसमें विधायक अरूण भीमावद ने जो विकास कार्य किए उसको कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के बीच रखा. इसके अलावा रोजगार की दिशा में 8500 करोड़ का निवेश अलग है, यदि पूरी विधानसभा की बात करें तो यहां नर्मदा पानी, नलजल योजना और जैक्सन उद्योग में लगभग 14000 करोड़ का विकास किया गया. गौरतलब है कि सरकार एवं विधायक के दो साल पूरे होने पर दो साल बेमिसाल के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं का शुक्रवार को एक सम्मेलन आयोजित किया गया. सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक अरूण भीमावद ने कहा कि सत्ता व संगठन दोनों मिलकर जनता के लिए काम कर रहे हैं. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शाजापुर विधानसभा में दो साल में 14000 हजार करोड़ के विकास कार्य शुरू किए हैं. जिसमें रोजगार, किसानों के लिए खेत में पानी, गांव में घर-घर नलजल योजना, सडकें, शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल, मेडिकल कॉलेज, धार्मिक क्षेत्र में मंदिरों के जीर्णोद्वार के अलावा आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण शामिल है. विधायक भीमावद के दो साल के कार्यकाल के दौरान मक्सी में जैक्सन कंपनी ने रोजगार की दिशा में 8500 करोड़ का निवेश किया है. साथ ही नर्मदा नदी के पानी के लिए 4480 करोड़, नलजल योजना के लिए 1700 करोड़, इसके अलावा शाजापुर, मक्सी फोरलेन, विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पंचायतों को लाखों रूपये विकास कार्यों के लिए, धार्मिक क्षेत्रों में मंदिरों को जीर्णोद्वार के लिए लाखों रूपये के कार्य कराए गए.



**आस्थावानों का सैलाब,दो दिन नावें रहेंगी प्रतिबंधित**

**ओंकारेश्वर.** साल के आखिरी दिनों में ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर की शरण में पहुंचने वाले श्रद्धालु ओवरफ्लो हो रहे हैं. पहाड़ और नर्मदाजी से घिरे होने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं. नर्मदा में नौकायन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी घाटों पर बढ़ गई थी. नगर परिषद ने 31 दिसंबर व 1 जनवरी 2 दिन के लिए सभी तरह की नावों का संचालन बंद कर दिया है.

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ प्रदर्शन



**जबलपुर, 26 दिसम्बर. राष्ट्रीय बजरंग दल, जबलपुर विभाग द्वारा गोहलपुर चौक पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया.**

इस अवसर पर एसआईआर को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया तथा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश से निवेदन किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज़ पर मध्यप्रदेश में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध ऑपरेशन टॉर्च जैसे अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जाए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर डिटेंशन प्वाइंट स्थापित किए जाएं और नियमानुसार डिपोर्टेशन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में भारत में बांग्लादेश जैसी अस्थिर परिस्थितियां उत्पन्न न हो. इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत की कार्यकारी अध्यक्ष प्रीति धनधारिया, प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर, जबलपुर विभाग मंत्री अमित उपाध्याय सहित कपिल रैकवार, आकाश रैकवार, बाबा भाई, सौरभ विश्वकर्मा, कुक्कू ठाकुर, मनीष केसरवानी, अभिषेक रैकवार, मुकेश गौतम, कवि राठौर, नंदू तिवारी, ऋषभ यादव, निखिल विश्वकर्मा, अभिषेक उपाध्याय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## महाधिवक्ता कार्यालय में विधि अधिकारियों का कार्यकाल बढ़ा

**जबलपुर, 26 दिसंबर.** महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों की बहुप्रतीक्षित सूची आंशिक बदलाव के साथ जारी हो गई. सभी का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया. दरअसल, इनका कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त होने वाला था. सूची में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है. महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर में केवल एक उप महाधिवक्ता ब्रम्हदत्त सिंह को अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाया गया है. जबलपुर ऑफिस में हरप्रीत सिंह रूपराह, नीलेश यादव, जान्हवी पंडित अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर बने रहेंगे.

# गांधीसागर जलाशय की दस क्विंटल अवैध सूखी मछली जब्त

**मंदसौर, 26 दिसम्बर. मंदसौर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए गांधीसागर जलाशय से अवैध रूप से चोरी कर परिवहन की जा रही करीब 10 क्विंटल सूखी मछली जब्त की है.**

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) हेमलता कुरिल तथा एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में की गई. थाना प्रभारी सुवासरा अनिल रघुवंशी, थाना प्रभारी शामगढ़ कपिल सौराष्ट्रीय एवं चौकी प्रभारी चंदवासा उनि मनोज महाजन की संयुक्त टीम ने 26 दिसंबर की रात मुखबिर सूचना पर रणायरा-बापच्या कच्चे मार्ग पर नाकाबंदी कर एक बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका. जांच में ट्रॉली में टाट के कट्टों में भरी 10 क्विंटल अवैध सूखी मछली मिली, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई. पुलिस ने मौके से दिलीप सिंह सौंधिया राजपूत (25) निवासी सेमलिया गहलोत तथा दीवानसिंह बंजारा (27) निवासी बंजारों का खेड़ा, थाना गंगधार जिला झालावाड़ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने मछली गांधीसागर जलाशय से चोरी कर सुखाना व अवैध परिवहन करना स्वीकार किया.

## 65 करोड़ की सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त

**नीमच, 26 दिसम्बर.** जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए शहर के पॉश इलाके स्कीम नंबर 36 में करीब 65 करोड़ रुपए मूल्य की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है. यह कार्रवाई भू-माफियाओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है. सरकारी सर्वे नंबर 23 और 24 की लगभग 6 बीघा से अधिक इस जमीन पर रामप्रसाद ग्वाला द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा कर ईंट भट्टे का संचालन किया जा रहा था. एक मई को ही बेदखली के आदेश जारी किए थे. कब्जा नहीं हटने पर सात दिन पहले अंतिम नोटिस जारी किया था. जिला प्रशासन और नप की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की.



# पान मसाला विक्रेता ने सरेंडर किए एक करोड़ पचीस लाख

- दुकान, मकान और गोदाम में हुई कार्यवाही, दस्तावेज जप्त

**रीवा, 26 दिसम्बर, शहर के प्रमुख पान मसाला विक्रेता के यहा जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार की दोपहर छापामार कार्यवाही की थी. कटरा मोहल्ला स्थित मोहनलाल पान मसाला के यहा कार्यवाही शुक्रवार की रात पूरी हुई.**

कारोबारी ने आईटीसी व कैश को मिलाकर एक करोड़ पचीस लाख कर अपवंचन की राशि सरेंडर की है. इस माह हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है. जप्त किये गये क्रय-विक्रय से जुड़े दस्तावेजो की जांच होगी और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि और कितनी कर की राशि निकलती है. फिलहाल कार्यवाही को बंद कर दिया गया है.

गौरतलब है कि जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने संयुक्त आयुक्त राकेश सालवी के निर्देश पर मंगलवार की दोपहर शहर के कटरा मोहल्ला स्थित मोहन लाल पान मसाला के ठिकाने पर दबिश दी थी. टीम ने एक साथ मकान, दुकान एवं गोदाम में कार्यवाही शुरू की. जिसके बाद हडकम्प मच गया. पहले दिन देर रात तक कार्यवाही जारी रही और बुधवार एवं गुरूवार को कार्यवाही बंद रही. शुक्रवार को सुबह से कार्यवाही शुरू की गई. बताया गया है कि मोहन लाल पान मसाला के प्रोप्राइटर मोहन लाल अग्रवाल द्वारा पिछले कई सालो से बहुत कम रिटर्न प्रस्तुत कर रहे थे जबकि व्यापार काफी अधिक हो रहा था. संदेह के आधार पर उपायुक्त उमेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 12 सदस्यीय टीम द्वारा जांच की गई.

### 1.25 करोड़ सरेंडर किये- डिप्टी कमिश्नर

जीएसटी एंटी इवेजन के डिप्टी कमिश्नर उमेश त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को कार्यवाही हुई थी. दो दिन बाद शुक्रवार की रात कार्यवाही पूरी हुई. क्रय-विक्रय के दस्तावेज एवं स्टाक की जांच की गई. फर्म संचालक द्वारा आईटीसी व कैश को मिलकर एक करोड़ 25 लाख सरेंडर किये है, साथ ही कच्चे दस्तावेज जप्त किये गये है. जिनका मिलान किया जायेगा, उसके बाद कर अपवंचन निकाला जाएगा. फिलहाल कार्यवाही पूरी हो चुकी है.

**समापन** ▶ प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन से खिलाड़ियों में भरा नया उत्साह

# खेल महोत्सव ने खेल संस्कृति को किया मजबूत

**सीधी 26 दिसम्बर. सीधी जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन कार्यक्रम गुरुवार को उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के सभागार में गरिमामय वातावरण में हुआ.**



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने देशभर के युवा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास पर बल दिया. समापन कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसके बाद सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन में योगदान देने वाले अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया.

> इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का सशक्त परिणाम हैं. प्रधानमंत्री जी का स्पष्ट उद्देश्य है कि देश का युवा केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से भी सशक्त बने. उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल महोत्सव जैसे अभियानों ने गांव-गांव तक खेल संस्कृति को मजबूत किया है.

# इंदौर में प्रदेश की सबसे महंगी कार

**15 करोड़ से ज्यादा कीमत की रोल्स रॉयस पहुंची**

**इंदौर,26 दिसंबर. इंदौर की सड़कों पर अब प्रदेश की अब तक की सबसे महंगी लग्जरी कार दौड़ती नजर आएगी. करीब 15 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की रोल्स रॉयस कलिनन सीरीज 2 मंगलवार शाम शहर पहुंची.**



इस कार की मूल कीमत करीब 12 करोड़ रुपए है, जबकि इसे अपनी पसंद के अनुसार तैयार कराने में लगभग 3 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च किए हैं.

यह कार इंदौर के उद्योगपति कंवर सिंह के बेटों माणिक सिंह और अंकित सिंह ने खरीदी है. माणिक सिंह के अनुसार यह उनकी पसंदीदा कारों में से एक है और इसे पाने के लिए उन्होंने करीब एक साल तक इंतजार किया. कार का गहरा नीला रंग भी खास तौर पर उनकी पसंद के अनुसार तैयार कराया है. माणिक सिंह ने बताया कि यह मॉडल देश के कई बड़े उद्योगपतियों और फिल्मी हस्तियों के पास भी मौजूद है. मुकेश अंबानी और अभिनेता शाहरुख खान के पास भी यही मॉडल है. उन्होंने यह भी बताया कि अनंत अंबानी की यह पसंदीदा कार मानी जाती है और उनके पास इसी मॉडल की कई कारें हैं.





## कहानी

# ईमानदार गिलहरी चिंकी

**हरे**-भरे जंगल के बीच एक छोटा सा पेड़ था, उसी पर एक नन्ही गिलहरी रहती थी. उसका नाम था चिंकी. चिंकी बहुत चंचल, फुर्तीली और समझदार थी. वह सुबह होते ही पेड़ों पर कूदने लगती, कभी नदी के पास जाती तो कभी अपने दोस्तों के साथ खेलती. जंगल के सभी जानवर चिंकी को पसंद करते थे, क्योंकि वह सबकी मदद करती थी और कभी झूठ नहीं बोलती थी. उसकी माँ हमेशा उसे सिखाती थी कि सच्चाई और ईमानदारी इंसान ही नहीं, बल्कि हर जीव की सबसे बड़ी पहचान होती है. एक दिन जंगल में बहुत बड़ा मेला लगा. दूर-दूर से जानवर आए. कहीं फल बिक रहे थे, कहीं रंग-बिरंगे खिलौने थे और कहीं झूले लगे थे. चिंकी बहुत खुश थी. वह इधर-उधर घूम रही थी, तभी उसकी नज़र ज़मीन पर चमकती हुई एक चीज़ पर पड़ी. वह पास गई तो देखा कि वह सोने का सिक्का था. सिक्का देखकर चिंकी का दिल ज़ोर से धड़कने लगा. उसने सोचा कि इस सिक्के से वह ढेर सारे मेवे और मिठाइयाँ खरीद सकती है.

लेकिन तभी उसे अपनी माँ की सीख याद आई कि जो चीज़ हमारी न हो, उसे अपने पास रखना गलत होता है. चिंकी थोड़ी देर सोच में पड़ गई, फिर उसने तय किया कि वह सही काम करेगी. उसने सिक्का उठाया और ज़ोर से आवाज़ लगाई कि क्या किसी का सिक्का गिर गया है. कई जानवर वहाँ आए, लेकिन किसी ने भी सिक्के को अपना नहीं बताया. कुछ ही देर बाद एक बूढ़ा कछुआ धीरे-धीरे चलता हुआ वहाँ पहुँचा. उसकी आँखों में चिंता साफ़ दिख रही थी. उसने काँपती आवाज़ में कहा कि वह दवा खरीदने के लिए सिक्का लाया था, लेकिन रास्ते में गिर गया. चिंकी ने बिना एक पल सोचे सिक्का कछुए को दे दिया. कछुए की आँखों में खुशी के आँसू आ गए. उसने चिंकी को आशीर्वाद दिया और कहा कि ईमानदारी आज भी इस जंगल में ज़िंदा है.

कछुए ने चिंकी को एक छोटा सा जादुई अखरोट दिया और बताया कि यह उसकी सच्चाई का इनाम है. उसने कहा कि जब भी जंगल पर कोई बड़ी मुसीबत आए और चिंकी सच्चे दिल से इस अखरोट को हिलाएगी, तो यह सबकी मदद करेगा. चिंकी ने अखरोट को संभालकर रख लिया और खुशी-खुशी अपने घर लौट आई. कुछ दिनों बाद जंगल में तेज़ बारिश होने लगी. नदी उफान पर आ गई और कई जानवरों के घर टूटने लगे. सब डर गए और मदद के लिए इधर-उधर भागने लगे. चिंकी ने यह सब देखा तो उसे जादुई अखरोट याद आ गया. उसने पूरे दिल से अखरोट को हिलाया. देखते ही देखते चारों ओर रोशनी फैल गई और जंगल में सुरक्षित जगहें बन गईं.




सभी जानवर वहाँ पहुँच गए और सुरक्षित हो गए. जंगल का राजा शेर भी यह देखकर बहुत खुश हुआ. उसने सबके सामने चिंकी की तारीफ़ की और कहा कि अगर चिंकी ईमानदार न होती, तो आज जंगल को यह मदद नहीं मिलती. सभी जानवरों ने तालियाँ बजाईं और चिंकी को धन्यवाद दिया. चिंकी ने मुस्कुराकर कहा कि उसने बस वही किया जो सही था.

उस दिन के बाद जंगल के सभी बच्चे चिंकी से सीख लेने लगे और समझ गए कि सच्चाई और ईमानदारी से बड़ा कोई जादू नहीं होता.

### सीख

जो सच्चा और ईमानदार होता है, उसकी मदद खुद किस्मत भी करती है.

## बिंदु मिलाओ




## रंग भरो




## प्रेरक प्रसंग

# अटल एक विचार, नेतृत्व और विरासत

**अटल** बिहारी वाजपेयी भारत के महान नेता और कवि थे. बचपन में उनके घर वाले उन्हें प्यार से 'बिट्टू' कहकर बुलाते थे. उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में हुआ. बचपन से ही बिट्टू बहुत समझदार, शांत और पढ़ाई में अच्छे थे. उन्हें किताबें पढ़ना, कविताएँ लिखना और लोगों के सामने बोलना बहुत पसंद था. यही गुण आगे चलकर उन्हें एक महान नेता और वक्ता बना गए. अटल जी ने राजनीति में अपने करियर की शुरुआत भारतीय जनसंघ से की और बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मजबूत स्तंभ बने.

उन्होंने हमेशा देशहित को सबसे ऊपर रखा. वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने और अपने नेतृत्व से देश को कई क्षेत्रों में मजबूती दी. उनके प्रधानमंत्री बनने पर देश में विकास, सुरक्षा और संस्कृति का संतुलन बना. उनके समय में पोखरण परमाणु परीक्षण हुआ, जिससे भारत मजबूत और सुरक्षित बन गया. उन्होंने देश की सड़कें और यातायात बेहतर बनाने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना शुरू की. इस योजना के कारण दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे बड़े शहर अच्छी सड़कों से जुड़े. इससे लोगों को यात्रा करना आसान हुआ और व्यापार बढ़ा.

अटल जी ने दूरदराज के गाँवों और छोटे शहरों को भी मुख्य शहरों से जोड़ने पर ध्यान दिया. अटल जी ने दूरसंचार और तकनीक के क्षेत्र में भी कई कदम उठाए. उनके कार्यकाल में मोबाइल और इंटरनेट का विकास हुआ. उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि यह सुविधाएँ देश के हर व्यक्ति तक पहुँचें. इससे आज हम अपने परिवार और दोस्तों से आसानी से जुड़ पाते हैं.



अटल बिहारी वाजपेयी शांति के समर्थक थे. वे मानते थे कि युद्ध से नहीं, बल्कि बातचीत से समस्याओं का समाधान होता है. उन्होंने पड़ोसी देश पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने के लिए लाहौर बस यात्रा की. उन्होंने देश को यह सिखाया कि कभी भी शक्ति और सम्मान के लिए संघर्ष करना जरूरी है, लेकिन शांति और दोस्ती भी उतनी ही महत्वपूर्ण है. अटल जी सिर्फ एक नेता ही नहीं थे, बल्कि कवि और लेखक भी थे.

उन्होंने कई कविताएँ लिखीं, जिनमें देशप्रेम, मानवता और जीवन की सीख मिलती है. उनकी प्रसिद्ध किताबें हैं 'मेरी इक्यावन कविताएँ', 'अमर आग है' और 'कदम मिलाकर चलना होगा'. उनकी कविताएँ आज भी बच्चों और युवाओं को प्रेरित करती हैं. अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हमें सिखाता है कि ईमानदारी, मेहनत और अच्छे विचारों से कोई भी बड़ा बन सकता है. बचपन का बिट्टू बड़ा होकर देश का प्रधानमंत्री बना और देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया. उनके जीवन और कार्य हमेशा लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगे.

# तुलसी : जीवनदायिनी और पवित्र पौधा

## जानकारी


**तुलसी,** जिसे अंग्रेजी में होली बेसिल कहा जाता है, भारत का एक बहुत ही पवित्र और औषधीय पौधा है. इसे हिन्दू धर्म में देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा में लगाया जाता है. इसलिए इसे केवल एक पौधा नहीं, बल्कि घर और जीवन के लिए शुभ और पवित्र वस्तु माना जाता है. तुलसी को अक्सर घर के आँगन, छत या मंदिरों में देखा जा सकता है. इसे कभी-कभी 'पौधों की रानी' भी कहा जाता है. तुलसी का वैज्ञानिक नाम ओसिमम सैंक्टम या ओसिमम टेनुइफ्लोरम है. इसके पत्ते छोटे, हरे और सुगंधित होते हैं. तुलसी की कई किस्में होती हैं, जैसे हरी तुलसी और काली तुलसी, और दोनों ही स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मानी जाती हैं.

तुलसी के पौधे में अनेक औषधीय गुण पाए जाते हैं. इसके पत्ते, फूल और बीज सभी रोग-प्रतिरोधक और स्वास्थ्यवर्धक होते हैं. तुलसी का सेवन सर्दी, खाँसी, जुकाम, बुखार और श्वसन संबंधी रोगों में बहुत लाभकारी होता है. तुलसी की चाय या काढ़ा पीने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है. इसके पत्तों और तेल में कीटाणुनाशक और सूजन कम करने वाले गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को कई तरह के संक्रमण से बचाते हैं. तुलसी का प्रयोग मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है. तुलसी के पौधे के पास बैठने या इसके पत्तों की खुशबू लेने से मन शांत होता है और तनाव कम होता है.

हिन्दू धर्म में तुलसी को सकारात्मक ऊर्जा देने वाला और बुरी शक्तियों से सुरक्षा करने वाला पौधा माना जाता है. तुलसी की देखभाल करना आसान है. इसे रोज़ाना पर्याप्त पानी और धूप की आवश्यकता होती है. अगर घर में तुलसी का पौधा रखा जाए, तो वातावरण शुद्ध रहता है और घर में सुख-शांति बनी रहती है. इस प्रकार, तुलसी केवल एक औषधीय पौधा नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य और आध्यात्मिक लाभों का अद्भुत स्रोत है. यह हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से मजबूत बनाता है. इसलिए इसे 'जीवनदायिनी और पवित्र पौधा' कहा जाता है.




## भूल भुलैया



## रोचक तथ्य

- दिमाग सबसे तेज़ कंप्यूटर की तरह काम करता है.
- सोते समय भी दिमाग पूरी तरह नहीं सोता.
- दिमाग में लगभग 100 अरब तंत्रिकाएँ होती हैं.
- एक वयस्क का दिमाग करीब 1.3-1.4 किलोग्राम का होता है.
- दिमाग हर दिन लाखों चीज़ें सोच सकता है.
- दिमाग का 75% हिस्सा पानी से बना होता है.
- सपने देखने पर दिमाग यादों और अनुभवों को जोड़ता है.

# दिमाग के रहस्य



- नीला रंग दिमाग को शांत करता है, लाल रंग ऊर्जा बढ़ाता है.
- नया सीखना और नई चीज़ें करना दिमाग को तेज बनाता है.
- दिमाग को चोट और तनाव से बचाना बहुत जरूरी है.


## कविता



### फल और स्वास्थ्य

सेब, केला और संतरा लाल,
सभी खाते बनते हैं कमाल.
हरी सब्ज़ियाँ, दाल और
चावल,
खाएँ हम और बनें बलवान.
फल और सब्ज़ी हमारी शक्ति,
संतुलित भोजन है सभी की
जिम्मेदारी.
स्वस्थ रहें हर बच्चा प्यारा,
खुश रहें जीवन हमारा सारा.

## बूझो तो जानें



- सफेद हूँ, ठंडी-ठंडी, गर्मी में सबको भाती.
  **उत्तर: आइसक्रीम**
- रात में चमकता, दिन में छुप जाता, आसमान में मेरा घर है जहाँ.
  **उत्तर: चाँद**
- उड़ता हूँ रंग-बिरंगे पंखों के साथ, फूलों पर बैठता, लाता खुशियों की बात.
  **उत्तर: तितली**
- सूरज की रोशनी से मैं आता, दिन भर सबको ऊर्जा देता.
  **उत्तर: सूरज**
- पानी में तैरता, बच्चों का प्यारा दोस्त, छोटा और फुर्तीला, सबका खुशियों का जोस.
  **उत्तर: मछली**
- लाल रंग का हूँ, स्वाद में मीठा, बच्चों का पसंदीदा फल हूँ मैं हमेशा.
  **उत्तर: सेब**

## हंसी-ठिठोली



- यामुंडा: मैंने साबुन से अपनी शर्ट धोई और वह छोटी हो गई है.
  नटखट नीटू: तुम भी उसी साबुन से नहा लो, फिर वह शर्ट तुम्हें फिट हो जाएगी!
- पिता: बेटा बचत करना सीखो, बचत से भविष्य सुरक्षित रहता है.
  चेलाराम: तभी तो पापा, मैं इस बार फेल हो गया ताकि आपको किताबें न खरीदनी पड़े.
- नटखट नीटू: अगर नदी में नींबू का पेड़ है तो तुम उससे नींबू कैसे तोड़ोगे?
  चिड़ीया बनके.
  यामुंडा: तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
  नटखट नीटू: वही जिसने नदी में नींबू का पेड़ लगाया है!
- टीचर : क्या सोच रहे हो?
  पपीताराम : अगर राष्ट्रगान और राष्ट्रपशु दोनों एक साथ सामने आ जाएँ, तो खड़ा रहना चाहिए या भागना चाहिए?

**बच्चों अपनी कहानियां, कविताएं, पेंटिंग्स, लेख, रचनाएं आदि** bhopalnav@gmail.com **पर मेल करें.**

## अंतर ढूंढो

नीचे दिये गये दोनों चित्र देखने में समान हैं लेकिन उनमें कुछ अंतर हैं जिन्हें आप ढूंढकर निकालें.



**उत्तर-** 1. आम का कलर अलग, 2. इंजन से निकलता हुआ, 3. पीछे के पहिए का कलर अलग, 4. आगे के पहियों में से एक पहिया गायब, 5. सामने लगी हुई लाईट

# लाड़ली बहनों को लूम और चरखे उपलब्ध कराएगी सरकार

## सीएम ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 दिसंबर. हैण्डलूम और हस्तशिल्प से जुड़ी गतिविधियां से अब सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी में है. अब प्रदेश की लाड़ली बहनों को लूम और चरखे भी दिये जाएंगे, जिससे कि वे उत्पाद तैयार कर सकें, इसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाया जाएगा.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों तथा आगामी तीन वर्ष की कार्य योजना के संबंध में मुख्यमंत्री निवास में बैठक की. इस दौरान उन्होंने इस संबंध में निर्देश दिये. उन्होंने कहा हेण्डलूम और हस्तशिल्प की इन गतिविधियों से स्व-सहायता समूहों और लाड़ली बहनों को जोड़ते हुए मृगनयनी तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अन्य ब्राण्ड के विक्रय केन्द्रों का विस्तार जिला स्तर तक किया जाए. इन ब्राण्डों की फ्रेंचाइजी भी निजी उद्यमियों और समूहों को प्रदान की जाए. इस



गतिविधि में निजी पहल को भी प्रोत्साहित किया जाए. प्रदेश के हैण्डलूम और हस्तशिल्प की सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में प्रस्तुति दर्ज कराई जाए.

### इंदौर में होगा साड़ी वॉकथान का आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हस्तशिल्प और हैण्डलूम से जुड़े विभाग के ब्राण्ड-मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत के उत्पाद मध्यप्रदेश पर्यटन की इकाइयों और प्रदेश के प्रमुख धार्मिक केन्द्रों तथा लोकों में विक्रय के लिए आकर्षक रूप से प्रदर्शित किए जाएं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साड़ी पहनने की गौरवशाली परम्परा को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर में हुए साड़ी वॉकथान जैसे आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेशम उत्पादन गतिविधियों का प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तार करने तथा इस गतिविधि में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न प्रकार के उत्पादों के जीआई टैग प्राप्त की जानकारी का संकलन एकीकृत रूप से किया जाए. बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिथियों को भेंट करने के लिए प्रदेश के हेरिटेज महेश्वरी स्टोल का चयन किया गया है. विभाग द्वारा यह स्टोल विशेष रूप से गोंड पेंटिंग और बेलमेटल से सुसज्जित लकड़ी के बॉक्स में प्रदाय किए जा रहे हैं. इन स्टोल की मांग विदेशी दूतावासों से भी प्राप्त हुई है.

### मां अहिल्याबाई को समर्पित साड़ियां तैयार

बैठक में बताया गया कि माँ अहिल्यादेवी की 300वीं जयंती के उपलक्ष में महेश्वर के किले पर उकेरे गए डिजाइन के अनुसार मां अहिल्यादेवी को समर्पित 52 डिजाइन की साड़ियां तैयार कराई जा रही हैं. रेशम समृद्धि योजना का विस्तार प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है. बैठक में बताया गया कि इंदौर में 7 मार्च को आयोजित साड़ी वॉकथान में 27 हजार महिलाओं द्वारा भागीदारी की गई. कुनो चीता अभयारण्य में विक्रय के लिए प्रदेश की 35 से अधिक क्रॉफ्ट पर चीता थीम पर नए गिफ्ट आयटम बनाए जा रहे हैं.

## एक नजर में

### कर्रापुर में 'संविधान बचाओ' कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**सागर.** जिला सागर की नगर परिषद कर्रापुर में शुक्रवार को कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के तत्वावधान में 'संविधान बचाओ' कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित करना तथा संविधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा. कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. हेमंत लारिया ने किया. सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव एडवोकेट रीतेश रोहित, प्रदेश महासचिव देवदीन अहिरवार एवं राजाराम अहिरवार, ब्लॉक अध्यक्ष (सागर ग्रामीण) उपस्थित रहे.

### महाकौशल एक्सप्रेस पर पथराव करने वाले गिरफ्तार

**जबलपुर.** निजामुद्दीन के लिए जबलपुर से रवाना हुई महाकौशल एक्सप्रेस के जनरल कोच में हुए पथराव पर आरपीएफ, घमापुर और अधारताल थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से दबिश देकर एक आरोपी युवक को पकड़ा है. आरपीएफ के पास इसकी सूचना आई थी. आरपीएफ का दावा है कि इस क्षेत्र में कई बार पथराव के हालात बने हैं, जिससे इस जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव खार्ब ने बताया कि रेल मंत्रालय से 18-30 पर महाक्कौशल एक्सप्रेस पर पथराव किए जाने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही आरपीएफ टीम सहित घमापुर और अधारताल पुलिस मौके पर पहुंच गई थी.



# छाया घना कोहरा, 200 मीटर तक सीमित रही विजिबिलिटी

**भोपाल,26 दिसंबर. मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्से में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है. ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर रोड और जबलपुर संभाग के कई जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा.**

कई इलाकों में विजिबिलिटी केवल 200 से 500 मीटर तक सीमित रही, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहन दिन में भी हेडलाइट जलाने को मजबूर रहे. मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया. मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि ठंड से फिलहाल राहत नहीं मिलने वाली. 27 दिसंबर को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका असर अगले 2-3 दिन में मध्य प्रदेश पर दिखाई देगा. इसका मतलब है कि नए साल की शुरुआत कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं के साथ होगी.

मौसम के प्रेक्षण के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमान उज्जैन और रीवा संभागों में सामान्य से 1.8एष्ट से 2.3एष्ट कम रहे, जबकि न्यूनतम तापमान भोपाल और उज्जैन संभागों में सामान्य से 1.7एष्ट से 2.5एष्ट तक कम दर्ज किया गया.

उत्तर-पूर्व भारत के ऊपर मध्य समुद्र तल से 12.6 किमी ऊँचाई पर 232 किमी/घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएँ बह रही हैं. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक नया पश्चिमी विक्षोभ 30 दिसंबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है. इसके प्रभाव से प्रदेश में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है. विशेष रूप से घना कोहरा ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर जैसे जिलों में देखा गया. यात्रियों और सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है.

### आज सतना को 652.54 करोड़ लागत के विकास कार्यों की देंगे सौगात

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 दिसम्बर को सतना जिले को 652 करोड 54 लाख रूपये लागत के विकास कार्यों की सौगात देंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना शहर में 31 करोड़ 15 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल और 8 करोड़ 39 लाख रूपये लागत के नवनिर्मित धवारी क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव आईएसबीटी सतना में आयोजित कार्यक्रम में सतना शहर के 168 लाख 33 हजार रूपये लागत के 6 कार्यों का लोकार्पण और 484 करोड़ 21 लाख रूपये लागत के 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे.

# मण्डला में 65 लाख की धोखाधड़ी उजागर

## ईओडब्ल्यू की कार्रवाई, जिला सहकारी बैंक भी आया लपेटे में

**मण्डला,26 दिसंबर. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मण्डला एवं अल्प बचत साख सहकारी समिति मण्डला में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है।**

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने मामले में अपराध क्रमांक 168/2025 दर्ज कर चार पदाधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया है। आरोप है कि ऋण उप समिति की बैठक में अस्वीकृत प्रकरण के दस्तावेजों से 'अ' हटाकर उसे स्वीकृत दर्शाया गया और 65 लाख रुपये की अल्प



अकृषि ऋण साख सीमा अवैधानिक रूप से मंजूर कर बैंक को भारी आर्थिक हानि पहुंचाई गई। ईओडब्ल्यू को प्राप्त शिकायत में बताया गया था कि अल्प बचत साख सहकारी समिति मर्यादित मण्डला द्वारा अमानतदारों की राशि वापस नहीं की जा रही, अनुचित ऋण स्वीकृतियां दी जा रही हैं तथा वसूली में घोर लापरवाही के साथ गंभीर वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। जांच में खुलासा हुआ कि 08.11.2011 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मण्डला की ऋण उप समिति की बैठक में समिति पर 38 लाख रुपये का ओवरड्यू (बकाया) होने के कारण प्रकरण को अस्वीकृत किया गया था।

### क्रिप्टो निवेश के नाम पर ठगे 8 लाख

**इंदौर.** सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती ने एक युवक को संगठित साइबर ठगी का शिकार बना दिया. करीब एक महीने तक बातचीत कर भरोसा जीतने के बाद ठगों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश का लालच दिया और अलग अलग खातों में लाखों रुपए ट्रांसफर करवा लिए. ठगी का शक होते ही आरोपियों ने पीड़ित का ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट फ्रीज कर दिया. राजेन्द्र नगर थाना प्रभारी राजेन्द्र बिरथरे ने बताया कि पुलिस ने शिव सागर कॉलोनी निवासी नीरज भागवत की शिकायत पर सुनीता कुमारी सहित अन्य अज्ञात खाताधारकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस को दी शिकायत में नीरज ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करता है.

# महंत मोहन भारती को मिली धमकी

### पंचदशनाम जूना अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं मोहन भारती

**उज्जैन,26 दिसंबर. पंचदशनाम जूना अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर धमकी का मामला सामने आया है.**

धमकी देने वाले ने महंत को मैसेज में लिखा कि नीचे तो तुम भगवान से मिल लिए ऊपर अब अल्लाह से मिलवाएंगे. तुम्हारी मौत तय है. मामले की शिकायत पुलिस और साइबर सेल को दर्ज कराई गई है. जिस नंबर से मैसेज भेजा गया है उसका पता लगाया जा रहा है. वाराणसी हनुमान घाट पंचदशनाम जूना अखाड़े से जुड़े तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर के महंत मोहन भारती जूना अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं. 24 दिसंबर की शाम उनके मोबाइल नंबर व्हाट्सएप पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने का मैसेज मिला. जिसमें लिखा था कि तुम कितने बड़े बाबा हो हिन्दुओं के, तुम जब से जूना अखाड़े के अध्यक्ष बने हो मुसलमानों के लिए बहुत उल्टा-सीधा बोलते हो. हमें पता है तुम आरएसएस बीजेपी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिठू हो, उनके कहने से तुम सब यह कर रहे हो. तुम जब से मध्य प्रदेश उज्जैन क्षेत्र में आए हो, बहुत बोलते हो, हमारी बिरादरी के बारे में तुमने, हमारे बारे में बोलकर अपनी मौत को दावत दी है.

यह पहली बार नहीं है जब महंत को धमकी दी गई हो. इससे पहले भी उन्हें दो बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. कुछ दिन पहले मंदिर की दान पेटी में एक धमकी भरा पत्र मिला था उसमे भी महंत को जान से मारने की धमकी दी गई थी. इस बार मिली धमकी के बाद महंत मोहन भारती ने तराना थाने सहित साइबर को शिकायत दर्ज कराई है. जिस नम्बर से महंत के मोबाइल पर मैसेज आया है उसका कोड साउथ कोरिया का है.



# नई रेल किराया तालिका लागू, मामूली वृद्धि

**भोपाल,26 दिसंबर. भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई किराया तालिका लागू कर दी है। यह संशोधित व्यवस्था 26 दिसंबर 2025 से प्रभावी होगी।**

नई तालिका के अनुसार उपनगरीय सेवाओं और मासिक सीजन टिकट में कोई वृद्धि नहीं की गई है। सामान्य श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा के किराए यथावत रखे गए हैं, ताकि दैनिक और अल्प दूरी के यात्रियों पर कोई अतिरिक्त भार न पड़े। 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर केवल 1 पैसा प्रति



किलोमीटर की मामूली वृद्धि की गई है। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में नॉन एसी और एसी श्रेणियों दोनों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की सीमित बढ़ोतरी लागू होगी। इसके अनुसार, नॉन एसी कोच में 500 किलोमीटर की यात्रा करने वाले यात्रियों को केवल लगभग 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। इस बदलाव के परिणामस्वरूप किराया वृद्धि संतुलित और आम यात्रियों के लिए किफायती बनी रहेगी।

# शिखा जोशी को अटल बिहारी वाजपेयी पुरस्कार

## पूर्व सीएम की बहू शिखा जोशी का सम्मान

**भोपाल,26 दिसंबर. अटल फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में अटल 2025 एवं अटल सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया.**

यह समारोह भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र सेवा की विरासत को समर्पित रहा.

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश चंद्र जोशी की बहू शिखा जोशी को उनके सामाजिक एवं सार्वजनिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित अटल बिहारी वाजपेयी पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह सम्मान जोशी परिवार की सार्वजनिक सेवा



की परंपरा के साथ-साथ समकालीन भारत में महिलाओं की सशक्त भूमिका को भी रेखांकित करता है. समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने अटल पुरस्कार 2025 प्रदान किए. अपने संबोधन में उन्होंने ग्रामीण विकास, कृषि उन्नयन और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला.

शिखा जोशी जैसी विभूतियों को सम्मानित कर अटल फाउंडेशन ने नैतिक सार्वजनिक जीवन, समाज सेवा और रचनात्मक राजनीति के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, जिनका प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी भारत और विश्व मंच पर रहे हैं। कार्यक्रम में संसद सदस्य गीता शाक्य, विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित रहे। साथ ही संयुक्त राष्ट्र में विश्व शांति के राजदूत डॉ. परविंदर की उपस्थिति ने समारोह को अंतरराष्ट्रीय एवं मानवीय दृष्टिकोण प्रदान किया।

### क्रेडिट सोसायटी पर मंत्री सारंग का सख्त एक्शन

**भोपाल.** अशोकनगर में सट्टा संचालन और अवैध आर्थिक गतिविधियों के आरोपी आज़ाद खान से जुड़ी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी पर सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कड़ा कदम उठाया है। मंत्री सारंग ने केजीएन साख सहकारी संस्था मर्यादित, वार्ड क्रमांक 10, अशोकनगर के सभी वित्तीय लेनदेन तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने प्रशासन को मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश देते हुए सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या अवैध गतिविधियों की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देवरी में मतदान के लिए कार्यक्रम जारी

**भोपाल.** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगरपालिका परिषद देवरी, जिला सागर के अध्यक्ष को अपने पद से वापस बुलाने के संबंध में निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 19 जनवरी को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दीपक सिंह के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 29 दिसंबर को होगा। इसी दिन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा। मतदान 19 जनवरी को होगा। मतगणना तथा निर्वाचन परिणामों की घोषणा 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से की जायेगी। सचिव ने बताया है कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नगरपालिका परिषद देवरी के नगरीय क्षेत्र पर आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है।




**बैठक** | मतदाता सूची में अनियमितताओं का आरोप

# कांग्रेस ने तय की संगठन सुदृढ़ीकरण की रूपरेखा

विशेष संवाददाता

**भोपाल,26 दिसंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जनसंपर्क को व्यापक बनाने तथा आने वाले वर्षों की राजनीतिक रणनीति को धार देने पर विस्तृत मंथन हुआ।**

उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित वरिष्ठ




नेता, सांसद, विधायक, पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों और अग्रणी संगठनों के प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक के बाद संयुक्त पत्रकार वार्ता में हरीश चौधरी और जीतू पटवारी ने विचार- विमर्श को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि गांव और वार्ड स्तर से संगठन को सुदृढ़ करने के लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। चौधरी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के दो वर्षीय कार्यकाल की सर्वसम्मति से सराहना की गई। जनसंपर्क कार्यक्रम तथा पंचायत और वार्ड समितियों के गठन पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

पटवारी ने 2023 विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि लगभग 60 विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान हटाए गए मतदाताओं की संख्या भाजपा की जीत के अंतर से अधिक थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता और बूथ स्तर के एजेंट मतदाता सूचियों का गहन सत्यापन करेंगे ताकि प्रभावित मतदाताओं को न्याय मिल सके.

### जिला अध्यक्षों का चयन अनेक नेता चिंतित

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने जिला अध्यक्षों के चयन प्रक्रिया को लेकर असंतोष व्यक्त किया। चिंता संगठनात्मक कार्यप्रणाली को मजबूत करने और व्यापक परामर्श सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यक्त की गयी. इस संबंध में जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कांग्रेस संगठनात्मक मामलों में हमेशा लोकतांत्रिक परंपरा का पालन करती आई है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14